वृत्ति की प्रकृति - प्रत्येक ग्रह कुछ शुभ तथा कुछ अशुभ (खराब) वृत्तियों का कारक होता है। यदि वृत्ति कारक ग्रह का अशुभ ग्रह से दृष्टि, युति, आदि किसी भी प्रकार का संबंध हो तो जातक अशोभनीय या पापकर्म वृत्ति वाला होता है, अन्यथा शुभ कर्म से आजीविका चलती है ।

वृत्ति का स्तर - यदि वृत्ति कारक ग्रह के साथ-साथ लग्नेश, कर्मेश, पंचमेश एवं भाग्येश प्रवल हो तो आजीविका उच्च स्तर की होती है तथा धनवान होता है । यदि इनमें से कुछ ग्रह बलहीन हों या अस्त हों तो मध्यम स्तर की वृत्ति होती है। यदि सभी ग्रह निर्वल हों तो जातक ग्रह कारक वृत्ति अपनाने पर भी असफल रहता है।

कब होगा विवाह ?

यदि शुभ ग्रहों से युत या दृष्ट हो तो विवाह समय पर ही होता है। यदि शुभ एवं अशुभ दोनों का योग हो तो विवाह कुछ विलम्ब से होता है। यदि सप्तमेश अस्त एवं निर्बल होकर क्रूर ग्रहों से पीडित हो तो विवाह सुख नहीं होता है।

(१) **गुरु गोचर से** - - लग्नेश स्पष्ट एवं सप्तमेश स्पष्ट के राशि अंशादि का योग करने पर जो राशि आवे,उसमें गुरु गोचर आने पर विवाह होता है। या

- चंद्र स्पष्ट एवं सप्तमेश स्पष्ट के राशि अंशादि का योग करने पर जो राशि आवे,उसमें गुरु गोचर आने पर विवाह होता है। या

- लग्न या चंद्रमा से त्रिकोण में गुरु गोचर आने पर विवाह होता है।

(२) **महादशा या अन्तर्दशा से** -

- सप्तमेश जिस राशि में या जिस नवांश में स्थित हो उस राशि के स्वामी की दशा में।

- शुक्र या चंद्रमा में से जो बलवान हो उसकी दशा में विवाह कहना चाहिये।

गुरु गोचर एवं दशा देखकर सम्यक काल ज्ञान के विवाह समय का सटीक निर्णय लेना चाहिये।

ग्रह गुणधर्म

सूर्य एवं शनि में पिता पुत्र का सम्बन्ध होने से परस्पर वेध नहीं होता है। चन्द्रमा के गोचर में बुध का वेध नहीं होता है।

ग्रह	राशिभोग समय	उच्च राशिअंश	मूल त्रिकोण	नक्षत्र स्वामित्व	पूर्णदृष्टि	त्रिपाद	द्विपा.	१ पाद	भाग्योदय आयुवर्ष	गोचर में शुभ स्थान	विद्ध स्थान	फल समय
सूर्य	१ मास	मेष १०	सिं. १.२०	कृ.,उ.षा.उ.फा.	७ भाव	४,८	५,९	३,१०	२२ वर्ष	३, ६, १०, ११	९,१२,४,५	५ दिन पूर्व से
चन्द्र	२। दिन	वृष ३	वृ. ४.३०	रोहि.,हस्त,श्र.	७ भाव	४,८	५,९	३,१०	२४ वर्ष	३,६,७,१०,११	५,९,१२,२,४,८	३ घटी पूर्व से
मंगल	४५ दिन	मक.२८	मे. १.१२	मृग.,चि.,धनि.	४,७,८	–	५,९	३,१०	२८ वर्ष	३, ६, ११	१२,९,५	८ दिन पूर्व से
बुध	१ मास	क. १५	कन्-१६.२०	आश्ले.ज्ये.रेव.	७ भाव	४,८	५,९	३,१०	३२ वर्ष	२,४,६,८,१०,११	५,३,९,१,८,१२	२ दिन पूर्व से
गुरु	३६१ दि.	कर्क ५	धनु १.१०	पुन.विशा.पू.भा.	५,७, ९	४,८	–	३,१०	१६ वर्ष	२,५,७,९,११	१२,४,३,१०,८	४५ दिन पूर्व से
शुक्र	१ मास	मीन २७	तुला १.१५	भर.पू.फा. पू.षा.	७ भाव	४,८	५,९	३,१०	२५ वर्ष	१,२,३,४,५, ८,९,११,१२	८,७,१,१०,९ ५,११,३,६	४ दिन पूर्व से
शनि	ढ़ाई वर्ष	तु. २०	कुं १.२०	पुष्य,अनु.उ.भा.	३,७,१०	४,८	५,९	–	३६ वर्ष	३, ६, ११	१२,९,५	६ माह पूर्व से
राहु	डेढ़ वर्ष	मिथु.१५	कुम्भ	आर्द्रा,स्वा.शत.	५,७, ९	४,८	५,९	३,१०	४२ वर्ष	३, ६, ११	१२,९,५	३ माह पूर्व से
केतु	डेढ़ वर्ष	धनु १५	सिंह	अश्व.,मघा,मूल	५,७, ९	४,८	२,१०	–	४२ वर्ष	३, ६, ११	१२,९,५	३ माह पूर्व से

ग्रह	तत्व	रस	गुण	स्थान	पाद	रंग	नेष्टफल समन हेतु	कारक		राजादि विभाग	लिंग	वर्ण	दिशा स्वामी	ऋतु	उदय	अवस्था	कालपुरुष	शुभ अशुभ	विफल स्थान
								भाव	नित्य										
सूर्य	अग्नि	कटु	सत्व	वन	चतु.	मेहरून	हरिवंश पु. श्रवण	१,९,१०	आत्मा	राजा	पुरु.	क्ष.	पूर्व	ग्रीष्म	पृष्ट	वृद्ध	मुख सिर	उग्र	–
चन्द्र	जल	लवण	सत्व	जल	बहु.	गौर	त्रिपुर जाप	४	मन	रानी	स्त्री	वै.	वाय.	वर्षा	शीर्ष	प्रौढ़	हृदय	क्षीणपापी	सूर्ययुति
मंगल	अग्नि	तीखा	तम	वन	चतु.	लाल	रुद्री जाप	३, ६	पराक्रम	सेनापति	पुरु.	क्ष.	दक्षि.	ग्रीष्म	पृष्ट	युवक	पेट,पीठ	पाप ग्रह	२ भाव
बुध	भूमि	मिश्रित	रज	ग्राम	द्विपद	सॉवला	दान	४, १०	वाणी	युवराज	नपुं.	शू.	उत्त.	शरद	शीर्ष	कुमार	हाथ पैर नस	युतिवस	४ भाव
गुरु	आका.	मीठा	सत्व	ग्राम	द्विपद	गौर	अमा. व्रत	५,१०,११	ज्ञान,सुख	मंत्री	पुरु.	ब्रा.	ईशा.	हेमन्त	उभय	वृद्ध	कमर जांघ	शुभ	५ भाव
शुक्र	जल	खट्टा	रज	ग्राम	द्विपद	सॉवला	गौदान	७	काम	मंत्री	स्त्री	ब्रा.	अग्नि	वसन्त	शीर्ष	प्रौढ़	गुप्तांग	शुभ	६ भाव
शनि	वायु	कसैला	तम	संधि	भुजंग	काला	मृत्युंजयजप	६,१०,१२	दुःख	सेवक	नपुं.	जरा.	पश्चि.	शिशिर	पृष्ट	अतिवृद्ध	घुटने से नीचे	पाप ग्रह	–
राहु	वायु	विचित्र	तम	विवर	अपद	घूम्र	भुजंग दान	–	–	–	–	निषा.	नैऋ.	–	पृष्ट	वृद्ध	–	पाप ग्रह	–
केतु	वायु	विचित्र	तम	विवर	अपद	घूम्र	ध्वजा दान	–	–	–	–	निषा.		–	–	वृद्ध	–	पाप ग्रह	–

राशि गुणधर्म

राशि	राशि स्वा.	काल पुरुष	उदय	द्विपद आदि	दिग्बल	स्वभाव	लिंग	दिशा स्वा.
मेष	मंगल	सिर	पृष्ट	चतु.	**१० भाव**	. चर	**पुरुष**	पूर्व
वृष	**शुक्र**	मुख	पृष्ट	चतु.	१० भा.	स्थिर	**स्त्री**	दक्षि.
मिथुन	बुध	छाती	शीर्ष	द्विपद	**लग्न**	द्विस्व.	**पुरुष**	पश्चि
कर्क	चंद्र	हृदय	पृष्ट	जलच.	४ भा.	चर	**स्त्री**	उ●.
सिंह	सूर्य	पेट	शीर्ष	चतु.	१० भा.	स्थिर	**पुरुष**	पूर्व
कन्या	बुध	**कमर**	शीर्ष	द्विपद	**लग्न**	द्विस्व.	**स्त्री**	दक्षि
तुला	**शुक्र**	ऑत	शीर्ष	द्विपद	**लग्न**	चर	**पुरुष**	पश्चि.
वृश्चिक	मंगल	गुप्तांग	शीर्ष	—ीट	७ भा.	स्थिर	**स्त्री**	उ●
धनु	गुरु	**जंघा**	प्रष्ठ	द्वि.चतु	१, १०	द्विस्व.	**पुरुष**	पूर्व
मकर	शनि	**घुटने**	प्रष्ठ	चतु,ज.	१, ४	चर	**स्त्री**	दक्षि.
कुम्भ	शनि	पिंडली	शीर्ष	द्विपद	**लग्न**	स्थिर	**पुरुष**	पश्चि.
मीन	गुरु	पैर	उभय	जलच.	४ भा.	द्विस्व.	**स्त्री**	उ●

राशि	बीज	सजल	तत्व	पुष्करांश	पुष्कर नवांश	आकार
मेष	अल्प	निर्जल	अग्नि	१४ वां	७,९ वां	लघु
वृष	अल्प	निर्जल	पृथ्वी	२१ वां	३,५ वां	लघु
मिथुन	वांझ	निर्जल	वायु	२४ वां	६,८ वां	दीर्घ
कर्क	सवीज	सजल	जल	७ वां	१,३ वां	सम
सिंह	वांझ	निर्जल	अग्नि	२१ वां	७,९ वां	दीर्घ
कन्या	वांझ	निर्जल	पृथ्वी	१४ वां	३,५ वां	दीर्घ
तुला	अ.,निर्वीज	सजल	वायु	२४ वां	६,८ वां	दीर्घ
वृश्चिक	नि.,सवीज	सजल	जल	७ वां	१,३ वां	दीर्घ
धनु	वांझ	निर्जल	अग्नि	२१ वां	७,९ वां	सम
मकर	सवीज	सजल	पृथ्वी	१४ वां	३,५ वां	सम
कुम्भ	सवीज	सजल	वायु	२४ वां	६,८ वां	सम
मीन	सवीज	सजल	जल	७ वां	१,३ वां	सम

॥ नक्षत्र गुणधर्म एवं रोग उत्पत्ति में कष्ट समय सारणी ॥

नक्षत्र	तारा	संज्ञा	लिंग	मंडल	शून्य संज्ञा	देवता	कष्टदिन	दान पदार्थ	चरणगत कष्ट दिन	स्वामी	जापार्थ नक्षत्र मंत्राणि
अश्वि.	३	ल.क्षि.	पु.	वायु	चैत्र,पौष	अश्विनीकु.	९	भोजन	९-११-१-२०	केतु	ऊँ अश्विनौ तेजसाचक्षुः प्राणेन सरस्वती वीर्य्यम् वाचेन्द्रो बलेनेन्द्राय दधुरिन्द्रियम्। ऊँ अश्विनीकुमारेभ्यो नमः।
भर.	३	उ.क्रू.	पु.	अग्नि	फाल्गुन	यमराज	११	गौअन्न	०-८०-४०-११	शुक्र	ऊँ यमायत्वा मखायत्वा सूर्य्यात्वा तपसे देवस्यत्वा सवितामध्वा नक्तु पृथिव्या स ᳬ स्पृशस्पाहिअर्चिरसि शोचिरसि तपोऽसि।। ऊँ यमाय नमः
कृतिका	६	मिश्र	पु.	अग्नि	कार्तिक	अग्नि	९	स्वर्ण	९-११-१६-१७	सूर्य	ऊँ अयमग्नि सहस्त्रिणो वाजस्य शांति ᳬ वनस्पतिः मूर्द्धा कबोरयीणाम्।। ऊँ अग्नये नमः।
रोहि.	५	ध्रुव	पु.	महेन्द्र	चैत्र	ब्रम्हा	७	घृत	३-९-१८-३०	चन्द्र	ऊँ ब्रह्मजज्ञानं प्रथमं पुरस्ताद्विसीमतः सूरूचोवेन आवः सुबुध्न्या उपमा अस्यविष्टाः सतश्रचयोनिमसतश्चविधिः।। ऊँ ब्रह्मणे नमः।
मृग.	३	मृ.मै.	पु.	वायु	--	चन्द्रमा	३०	तिल	९-५-७-१०	मंगल	ऊँ सोमेधनु ᳬ सोमाअवन्तुमाशु ᳬ सोमोवीरः कर्मणयन्ददाति यदत्यविदध्य ᳬ सभेयम्पितृ श्रवणयोम ।। ऊँ चन्द्रमसे नमः।
आर्द्रा	१	ती.दा.	स्त्री	वरुण	पौष	रुद्रशिव	मृ.तु.	गौदान	०-१८-०-०	राहु	ऊँ नमस्ते रुद्र मन्यवऽउतोत इषवे नमः बाहुभ्यां मुतते नमः ।। ऊँ रूद्राय नमः।
पुन.	४	चर	स्त्री	वायु	--	अदिति	७	पीतल	७-१४-२-२१	गुरु	ऊँ अदितिद्यौरदितिरन्तरिक्षमदिति र्माताः स पिता स पुत्रः विश्वेदेवा अदितिः पंचजना अदितिर्जातम अदितिर्जनित्वम् ।। ऊँ आदित्याय नमः।
पुष्य	३	ल.क्षि.	स्त्री	अग्नि	ज्येष्ठ	बृहस्पति	७	तिल	६-७-१०-२१	शनि	ऊँ बृहस्पते अतियदर्यो अर्हाद्युमद्विभाति क्रतुमज्ज्नेषु। यदि दयच्छ वसऋतप्रजातदस्मासुद्रविणं धेहि चित्रम् ।। ऊँ गुरुवे नमः।
आश्ले.	५	ती.दा.	स्त्री	वरुण	--	सर्पदेव	मृ.तु.	गोऽजादि	०-०-४-१०	बुध	ऊँ नमोऽस्तु सर्पेभ्योये के च पृथिवीमनुः। ये अन्तरिक्षे ये दिवितेभ्यः ।। ऊँ सर्पेभ्यो नमः।
मघा	५	उ.क्रू.	स्त्री	अग्नि	कार्तिक	पितर	२०	वस्त्र	१५-७-१७-२०	केतु	ऊँ पितृभ्यः स्वधायिभ्यः स्वधानमः पितामहेभ्यः स्वधायिभ्यः स्वधानमः। प्रपितामहेभ्यः स्वधायिभ्यः स्वधा नमः अक्षन्न पितरोऽमीमदन्त पितरोतितृपन्त पितरःशुन्धध्वम् ।। ऊँ पित्रभ्ये नमः।
पू.फा.	२	उ.क्रू.	स्त्री	अग्नि	आषाण	भग सूर्य	मृ.तु.	भोजन	०-१५-०-३०	शुक्र	ऊँ भगप्रणेतर्भगसत्यराधो भगे मां धियमुदवाददन्ः। भगप्रजननाय गोभिरश्वैर्भगप्रणेतृभिर्नुवन्तः स्यामः।। ऊँ भगाय नमः।
उ.फा.	२	ध्रुव	स्त्री	वायु	--	अर्यमासूर्य	७	अन्न	७-१४-७-६०	सूर्य	**ऊँ दैव्या वद्धव्यू च आगत ᳬ रथेन सूर्य्यत्वचा। मध्वायज्ञ ᳬ समञ्जायेतं प्रत्नया यं वेनश्चित्रं देवानाम्।। ऊँ अर्यमणे नमः।**
हस्त	५	ल.क्षि.	स्त्री	वायु	चैत्र	सूर्यदेव	१५	तेल	१५-१७-१५-०	चन्द्र	ऊँ विभ्राडवृहत्पिवतु सोम्यं मध्वार्य्युदधज्ञ पत्ता व विहुतम् वातजूतोयो अभिरक्षतित्मना प्रजा पुपोषः पुरूधाविराजति।। ऊँ सवित्रे नमः।
चित्रा	१	मृ.मै.	स्त्री	वायु	वै.माग.	विश्वकर्मा	११	दुग्ध	११-९-९-१६	मंगल	ऊँ त्वष्टातुरीयो अद्भुत इन्द्राग्री पुष्टिवर्द्धनम्। द्विपदापदायाः च्छन्द इन्द्रियमुक्षा गौत्र वयोदधुः।। त्वष्ट्रेनमः।। ऊँ विश्व कर्मणे नमः।
स्वा.	१	चर	स्त्री	वायु	वैशाख	वायुदेव	मृ.तु.	गोघृत	६०-१७-३०-०	राहु	ऊँ वायरन्नरदि बुधः सुमेध श्वेतः सिषीक्तिनो युतामभि श्री तं वायवे सुमनसा वितस्थुर्विश्वेनरः स्वपत्थ्या निचक्रुः।। ऊँ वायवे नमः।
विशा.	४	मिश्र	नपुं.	अग्नि	मार्ग.	इन्द्रग्नि	१६	गोस्वर्ण	१५-०-४-१३	गुरु	ऊँ इन्द्राग्री आगत ᳬ सुतं गार्भिर्नमो वरेण्यम्। अस्य पातं घियोषिता।। ऊँ इन्द्राग्रीभ्यॉं नमः।
अनु.	४	मृ.मै.	नपुं.	महेन्द्र	--	मित्र सूर्य	स्थिर	गोघृत	६०-१२-३६-३०	शनि	ऊँ नमो मित्रस्यवरूणस्य चक्षसे महो देवाय तदृत ᳬ सपर्यत दूरंदृशे देव जाताय केतवे दिवस्पुत्राय सूर्योयश ᳬ सत।। ऊँ मित्राय नमः।
ज्ये.	३	ती.दा.	नपुं.	महेन्द्र	फाल्गुन	इन्द्र	मृ.तु.	तिल	६९-९-६-४	बुध	ऊँ त्रातारमिंद्रमबितारमिंद्र ᳬ हवे हवेसुहव ᳬ शूरमिंद्रम् वहयामि शक्रं पुरूहुतमिंद्र ᳬ स्वास्ति नो मधवा धात्विन्द्रः ।। ऊँ इन्द्राय नमः।
मूल	११	ती.दा.	पु.	वरुण	माघ	राक्षस	९	रजतपात्र	०-९-१५-६	केतु	ऊँ मातेवपुत्रं पृथिवी पुरीष्यमग्नि ᳬ स्वयोनावभारूषा तां विश्वेदैवऋतुभिः संविदानः प्रजापति विश्वकर्मा विमुञ्चत ।। ऊँ निऋतये नमः।
पू.षा.	२	उ.क्रू.	पु.	वरुण	--	जल	मृ.तु.	गौमुक्ता	०-१५-२४-१०	शुक्र	ऊँ अपाघ मम कील्वषम् पकृल्यामपोरपः अपामार्गत्वमस्मद यदुः स्वपन्यसुवः।। ऊँ अद्भ्यो नमः।
उ.षा.	२	ध्रुव	पु.	महेन्द्र	ज्ये.श्रा.	विश्वदेव	३०	भोजन	३०-२४-२६-१६	सूर्य	ऊँ विश्वे अद्य मरूत विश्वऽउतो विश्वे भवत्यग्रयः समिद्धाः विश्वेनोदेवा अवसागमन्तु विश्वेमस्तु द्रविणं बाजो अस्मै।। ऊँ अद्भ्यो नमः।
श्रवण	३	चर	पु.	महेन्द्र	श्रा.मा.	विष्णु	११	श्रीफल	६०-२४-६-९	चन्द्र	ऊँ विष्णोरराटमसि विष्णो श्नपत्रेस्थो विष्णो स्युरसिविष्णो ध्रुवेसि वैष्णवमसि विष्णवेत्वा।। ऊँ विष्णवे नमः।
धनिष्ठा	४	चर	पु.	महेन्द्र	आषाण	अष्टवसु	१५	अश्वान्न	१५-४-२०-२१	मंगल	ऊँ वसोःपवित्र मसि शतधारंवसोः पवित्रमसि सहस्त्रधारम्। देवस्त्वासविता पुनातुवसोः पवित्रेणशतधारेण सुप्वाकामधुक्षः।। ऊँ वसुभ्यो नमः।
शत.	१००	चर	पु.	वरुण	भाद्रपद	वरूण	११	भोजनपात्र	०-४५-३-२२	राहु	ऊँ वरूणस्योत्तम्भनमसिवरूणस्यस्कुं मसर्जनी स्थोवरूणस्यऋतसदनमसि।। ऊँ वरूणाय नमः।
पू.भा.	२	उ.क्रू.	पु.	अग्नि	आश्विन	अजपादसूर्य	मृ.तु.	भोजन	०-१२-२१-१९	गुरु	ऊँ उतनाऽहिर्वुध्न्यः श्रृणोत्वज एकपापृथिवी समुद्रःविश्वे देवा ऋता वृधो हुवाना स्तुतामंत्राः कविशस्तता अवन्तु।। ऊँ अजैकपदे नमः।
उ.भा.	२	ध्रुव	पु.	वरुण		अहिर्बुध्नयसूर्य	७	अन्न	१०-३-९-१५	शनि	ऊँ शिवोनामासिस्वधितिस्तो पिता नमस्तेऽस्तुमामाहि ᳬ सो निवर्त्तयाम्यायुषेऽत्राद्याय प्रजननायर रायम्पोषाय (सुप्रजास्वाय)। ऊँ अहिबुर्धाय नमः।
रेव.	३२	मृ.मै.	पु.	वरुण	भाद्रपद	पूषण सूर्य	स्थिर	बृष	१८-१०-९-२०	बुध	ऊँ पूषन् तव व्रते वय नरिष्येभ कदाचन। स्तोतारस्तेइहस्मसि।। ऊँ पूष्णमे नमः।

नष्ट अथवा चोरीगत वस्तु अभिज्ञानम्

नक्षत्र संज्ञा	नक्षत्र	मिलेगी या नहीं
अंधलोचन	रोहि.पुष्,उ.फा.विशा.पू.षा.धनि.रेव.	पूर्व में शीघ्रमिले
मंदलोचन	मृग,आश्ले,हस्त,अनु,उषा.शत,अश्वि	दक्षिणे ३ दिन
मध्यलोचन	आर्द्रा.मघा,चित्रा,ज्ये.अभि,पूभा.भर.	पश्चिमे ६४ दिन
सुलोचन	पुन.पूफा.स्वा.मूल,श्रव.उभा.कृति.	उत्तरे नष्टं

अंग स्फुरण फल

मस्तक-भूमि लाभ। कंधा-भोग समृद्धि। भोंह-सुख प्राप्ति। गाल-शुभ। नेत्र-धन प्राप्ति। नाक-सुख प्राप्ति। हाथ-सद् धनलाभ। छाती-विजय। हृदय-वांछितसिद्धि। कमर-आनंद। कटिपृष्ठ-प्रीति। भग-पति प्राप्ति। कोख-प्रीति। उदर-कोष प्राप्तिलिंग-स्त्री लाभ। गुदा-वाहन लाभ। वृषण-पुत्र लाभाद्ध। ओष्ट-प्रिय वस्त ु।हनु-भय। कण्ठ-ऐश्वर्य लाभ। ग्रीवा-रिपु भय। प्रष्ठ-युद्ध में हार। मुख-मधुर भोजन। वाहु-प्रिय प्राप्ति, वाहु मध्य-धनागम। उरू-वस्त्र लाभ। धुटने-शत्रु वृद्धि। जंधा-स्वामी प्राप्ति। पैरऊपरीभाग-स्थान लाभ। पैरका तलवा-राज तुल्य।

पल्ली (छिपकली) पत्तन अंग स्थान अनुसार फल

सिर-पदलाभ। भ्रूमध्य-लाभनाक-व्याधि। दायां कान-आयु वृद्धि। वायां कान-बहु लाभ। नेत्र-धन प्राप्ति। दाया हाथ-राज्य लाभ। वायां हाथ-राज भय। नाभि-बहुधन। कमर-वाहनलाभ। गला-शत्रु नाश। स्तन-दुर्भाग्य। पीठ-वुद्धिनाशद्ध। घुटने-शुभता। जंघा-शुभ। हथेली-वस्त्र लाभ। कंधे-विजय। हृदय-धन लाभ। दाहिना पैर-यात्रा। वाया पैर-बन्धुनाश।

काक स्पर्श फल

यदि कौआ मस्तक स्पर्श करे तो धननाश। कमर एवं कन्धे पर स्पर्श भी अशुभ होता है। स्त्री के मस्तक पर स्पर्श पति-पुत्र नाशक होता है। काक स्पर्श होने पर जो वस्त्र पहने हुए हों उन्हीं के साथ स्नान कर वस्त्रों को दान कर देना चाहिये। काक मैथुन दृष्टिगोचर हो तो ६ मास में मृत्यु तुल्य कष्ट होता है। शान्ति हेतु उड़द के आटे की काक प्रतिमा बनाकर मिट्टी के वर्तन में स्थापित कर उड़द की मिठाई एवं घी से पूजन कर विसर्जन करें।

स्वप्न फल

स्वस्थ शारीरिक एवं मानसिक अवस्था में रात्रि कालीन स्वप्न ही फलीभूत होते हैं। रात्रि के प्रथम प्रहर या मध्यरात्रि के पहले का स्वप्न १ वर्ष में, मध्य रात्रि से ३ वजे का स्वप्न १ मास में एवं रात्रि ३ वजे से सूर्योदय तक का स्वप्न सात दिन में फलीभूत होता है। शुभ स्वप्न आने पर यदि जाग गये हों तो पुन: सोना नहीं चाहिये। अपितु सुवह तक जागते हुये इष्ट देव का स्मरण कर प्रात: देवपूजन कर किसी आदरणीय व्यक्ति को स्वप्न सुनाना चाहिये। अशुभ स्वप्न आने पर तत्काल दूसरे को सुनाकर सो जाना चाहिये। स्वप्न में आदरणीय व्यक्ति, ब्राम्हण, सन्यासी, पित्र, पिता, मित्र देवता या उच्च अधिकारी जो कुछ भी कहते हैं वह प्राय: सत्य फलित होता है।

॥ शुभ स्वप्न - फल ॥

स्वेत वस्त्रधारी स्त्री - शुभ सूचक । स्वयं की विजय देखना - लाभ । स्व रोदन,मरण दृष्य -दु:खनाशक । दूसरे का वध करना - सुख वृद्धि । बिष्ठा मैला खाना या देखना-धन वृद्धि । स्त्री सम्भोग - मनोकामना पूर्ती । सेना का दर्शन - शुभ सूचक । भोजन देखना या करना- पदोन्नति । नदी पार करलेना -दु:खों से छुटकारा। स्वच्छ आकाश, धूप - पद लाभ। लाल पुष्प - भाग्योदय । स्वबंधन, रूधिर देखना - शुभ सूचक । मांस भक्षण - शुभ सूचक । कमल देखना-महान व्यक्ति से मिलन । सर्वत्र वर्षा देखना - प्रसन्नता वृद्धि। अर्थी देखना - रोगमुक्ति, धनागम । स्वयं की मृत्यु देखना - आयु वृद्धि । अस्त्र शस्त्र देखना - लाभप्रद । वहता हुआ पानी देखना-दु:ख दूर हों । चाँदी, रत्न, दीपक, शेर, हाथी, घोड़ा, फलदार वृक्ष, दूध, दही देखना- शुभ । आकाश में उड़ना-उन्नति। पहाड़ पर चढ़ना-उन्नति। देव दर्शन - सर्वसुख। प्रज्वल्लित अग्नि-दु:खनाश। शव देखना - मनोकामनापूर्ण। सवारी करना - पदलाभ। फल फूल - शुभ समाचार। सज्जन पुरुष - सुखद। उच्च अधिकारी- सुखद। लहलहाती फसल- शुभता। कन्या, समुद्र - धनलाभ।

॥ अशुभ स्वप्न - फल ॥

ऊचे स्थान से गिरना -दुर्भाग्य। दलदल में फसना, पानी में नहीं तैर पाना या डूवना - संकट सूचक। विना अग्नि के धुआं-हानि, विवाद। भयानक जन्तु, राक्षस - अशुभ। वादलों सहित आकाश - विपत्ति। बिल्ली या बंदर काटे - रोग संकट। आग जलाकर पकड़ना- कष्ट । सूखी लकड़ी या वृक्ष - विपत्ति। आँधी में धिरना - मुसीवत। पत्थर देखना - शत्रु वृद्धि। लोमड़ी, सियार देखना - शत्रु वृद्धि। कोयला देखना - व्यर्थ झगड़ा। भूकंप देखना - संकट सूचक। दांत टूटते देखना - दु:ख सूचक। आकाश में सूर्य, ग्रहण, गिद्ध, काला वस्त्र, आकाश में विजली चमकना, स्वयं पर हंसना, गीत गाना, भूंख लगना, दूसरे के मरण का दृश्य, गधे की सवारी करना, राख देखना, घी या तेल से लिप्त होना अशुभ सूचक होते हैं।

विविध संज्ञा

त्रिदेव - ब्रम्हा, विष्णु, महेश। त्रिदेवी - महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती। पंचदेव - सूर्य, गणेश, देवी, शिव, विष्णु। पंचोपचार - गंध, पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य। पंच पल्लव - पीपल, आम, गूलर, वट, पाकर (अशोक)। पंचामृत - गोघृत, गोदुग्ध, गोदधि, मधु, शर्करा। पंचगव्य - गोबर, गोमूत्र, गोदुग्ध, गोघृत, गोदधि। सप्तधान्य - जौ, गेहूँ, चावल, कागनी, मूँग, उड्द, सावा। सप्तमृतिका-गौशाला, गजशाला, अश्वशाला, वाँवी, नदीसंगम, तालाव, राजद्वार। अष्टधातु - स्वर्ण, रजत, ताम्र, पीतल, लौह, रांगा, शीशा (पारा), आरकूट। अष्टांग अर्घ्य-जल, कुशा, पुष्प, दही, अक्षत, केशर, दूर्वा, सुपारी। नव रत्न - माणिक्य, मोती, प्रवाल, पन्ना, पुखराज, हीरा, नीलम, गोमेद, लहसुनिया। दश औषधि- कूट, जटामांसी, दोनों हल्दी, मुरा, शिलाजीत, चन्दन, बच, चम्पक और नागरमोथा ये सर्वौषधि हैं। दशमहादान - गौ, भूमि, तिल, स्वर्ण, घृत, वस्त्र, धान्य, गुड़, रजत, लवण। पंच महा पावन नारियां - अहिल्या, द्रोपती, कुन्ती, तारा, मन्दोदरी स्तथा। पंचकं नां स्मरेन्नित्यं महापातक नाशनम्॥ नव नाग - अनन्तं, वासुकं, शेषं, पद्मनाभं, च कम्वलं। शंखपालं, धृतराष्टं, तक्षकं, कालियं तथा। सप्त चिरजीवी - अश्वत्थामा वलिर्व्यासो हनुमान्श्च बिभीषण:। कृप:, परशुरामश्च, सप्तैते चिरजीविन:॥ अर्जुनस्य द्वादश नामा:॥ अर्जुन: , फाल्गुन: , पार्थ: , किरीटी: , श्वेतवाहन: , वीभत्स: , विजय: , सब्यसाची , धनञ्जय: , जिष्णु: , कृष्ण: , महात्मन: ।

ग्रह स्पष्ट के राशि अंश कला से नक्षत्र चरण एवं नवांश स्वामी ज्ञान चक्र

एक नक्षत्र १३ अंश २० कला का होता है। एक नक्षत्र के चार चरण होते है, अत: प्रत्येक चरण ३ अंश २० कला का होता है। जैसे मेष राशि में ०.०.० से ०.३.२० तक अश्विनी नक्षत्र का प्रथम चरण हुआ। यहां सारणी में राशि अंश कला लिखे हैं, उतने राशि अंश कला पर नक्षत्र चरण प्रारम्भ समझना चाहिए। चूंकिनक्षत्र चरण एवं नवांश का मान एकसा होता है, इसलिए नक्षत्र चरण से आगे नवांश स्वामी ग्रह भी दिया गया है। नवांश स्वामी की आवश्यकता जन्म कुण्डिली के अलावा गोचर में ग्रह के वलावल ज्ञात करने में रहती है। उदाहरण के लिए किसी दिन किसी पंचांग में सूर्योदयकालीन गुरु स्पष्ट ११.२७.३६.४७ लिखा है। इस सारिणी में मीन राशि के २६ अंश ४० कला पर रेवती नक्षत्र का ४ चरण एवं नवांशेश गुरुलिखा है। अत: उस दिन गुरुका संचार रेवती के चतुर्थ चरण एवं स्व नवांश में हो रहा है। चूकि उस समय गुरुमीन राशि में होकर मीन राशि के नवांश में भी है। अत: इस समय गुरुगोचर में वली होने से मुहूर्त्तादि प्रकरण एवं जातकों के लिए अत्यन्त शुभ है।

राशि. अं कला	नक्षत्र चरण	नवांश स्वामी	राशि. अं कला	नक्षत्र चरण	नवांश स्वामी	राशि. अं कला	नक्षत्र चरण	नवांश स्वामी	राशि. अं कला	नक्षत्र चरण	नवांश स्वामी
०.०.०	अश्वि. १	मंगल	३.०.०	पुनु. ४	चन्द्र	६.०.०	चित्रा ३	शुक्र	९.०.०	उषा. २	शनि
०.३.२०	अश्वि. २	शुक्र	३.३.२०	पुष्य १	सूर्य	६.३.२०	चित्रा ४	मंगल	९.३.२०	उषा. ३	शनि
०.६.४०	अश्वि. ३	बुध	३.६.४०	पुष्य २	बुध	६.६.४०	स्वा. १	गुरु	९.६.४०	उषा. ४	गुरु
०.१०.०	अश्वि. ४	चन्द्र	३.१०.०	पुष्य ३	शुक्र	६.१०.०	स्वा. २	शनि	९.१०.०	श्रव.१	मंगल
०.१३.२०	भर. १	सूर्य	३.१३.२०	पुष्य ४	मंगल	६.१३.२०	स्वा. ३	शनि	९.१३.२०	श्रव. २	शुक्र
०.१६.४०	भर. २	बुध	३.१६.४०	आश १	गुरु	६.१६.४०	स्वा. ४	गुरु	९.१६.४०	श्रव. ३	बुध
०.२०.०	भर. ३	शुक्र	३.२०.०	आश २	शनि	६.२०.०	विशा. १	मंगल	९.२०.०	श्रव. ४	चन्द्र
०.२३.२०	भर. ४	मंगल	३.२३.२०	आश ३	शनि	६.२३.२०	विशा. २	शुक्र	९.२३.२०	धनि. १	सूर्य
०.२६.४०	कृति.१	गुरु	३.२६.४०	आश ४	गुरु	६.२६.४०	विशा. ३	बुध	९.२६.४०	धनि. २	बुध
१.०.०	कृति.२	शनि	४.०.०	मघा १	मंगल	७.०.०	विशा. ४	चन्द्र	१०.०.०	धनि. ३	शुक्र
१.३.२०	कृति.३	शनि	४.३.२०	मघा २	शुक्र	७.३.२०	अनु.१	सूर्य	१०.३.२०	धनि. ४	मंगल
१.६.४०	कृति.४	गुरु	४.६.४०	मघा ३	बुध	७.६.४०	अनु.२	बुध	१०.६.४०	शत. १	गुरु
१.१०.०	रोहि. १	मंगल	४.१०.०	मघा ४	चन्द्र	७.१०.०	अनु.३	शुक्र	१०.१०.०	शत. २	शनि
१.१३.२०	रोहि. २	शुक्र	४.१३.२०	पू.फा.१	सूर्य	७.१३.२०	अनु.४	मंगल	१०.१३.२०	शत. ३	शनि
१.१६.४०	रोहि. ३	बुध	४.१६.४०	पू.फा.२	बुध	७.१६.४०	ज्य. १	गुरु	१०.१६.४०	शत. ४	गुरु
१.२०.०	रोहि. ४	चन्द्र	४.२०.०	पू.फा.३	शुक्र	७.२०.०	ज्ये.२	शनि	१०.२०.०	पूभा.१	मंगल
१.२३.२०	मृग. १	सूर्य	४.२३.२०	पू.फा. ४	मंगल	७.२३.२०	ज्ये. ३	शनि	१०.२३.२०	पूभा. २	शुक्र
१.२६.४०	मृग. २	बुध	४.२६.४०	उ.फा. १	गुरु	७.२६.४०	ज्ये. ४	गुरु	१०.२६.४०	पूभा. ३	बुध
२.०.०	मृग. ३	शुक्र	५.०.०	उ.फा. २	शनि	८.०.०	मूल १	मंगल	११.०.०	पूभा. ४	चन्द्र
२.३.२०	मृग. ४	मंगल	५.३.२०	उ.फा. ३	शनि	८.३.२०	मूल २	शुक्र	११.३.२०	उ.भा.१	सूर्य
२.६.४०	आर्द्रा १	गुरु	५.६.४०	उ.फा. ४	गुरु	८.६.४०	मूल ३	बुध	११.६.४०	उ.भा. २	बुध
२.१०.०	आर्द्रा २	शनि	५.१०.०	हस्त १	मंगल	८.१०.०	मूल ४	चन्द्र	११.१०.०	उ.भा. ३	शुक्र
२.१३.२०	आर्द्रा ३	शनि	५.१३.२०	हस्त २	शुक्र	८.१३.२०	पूषा. १	सूर्य	११.१३.२०	उ.भा. ४	मंगल
२.१६.४०	आर्द्रा ४	गुरु	५.१६.४०	हस्त ३	बुध	८.१६.४०	पूषा. २	बुध	११.१६.४०	रेव. १	गुरु
२.२०.०	पुन.१	मंगल	५.२०.०	हस्त ४	चन्द्र	८.२०.०	पूषा. ३	शुक्र	११.२०.०	रेव. २	शनि
२.२३.२०	पुन. २	शुक्र	५.२३.२०	चित्रा १	सूर्य	८.२३.२०	पूषा. ४	मंगल	११.२३.२०	रेव. ३	शनि
२.२६.४०	पुन. ३	बुध	५.२६.४०	चित्रा २	बुध	८.२६.४०	उषा. १	गुरु	११.२६.४०	रेवती ४	गुरु

होली के समय वायु दिशा शकुन

होली जलते समय यदि वायु का वहाव पूर्व दिशा से हो तो सुखद, अग्निकोण से आगजनी सूचक, दक्षिण से दुर्भिक्ष सूचक, नैऋत्य से फसल को हानि कारक, पश्चिम से सामान्य, वायव्य से आंधी सूचक, उत्तर एवं ईशान्य से राष्ट्रीय संकट का सूचक होता है।

नेत्र स्फुरण फल- पुरुष का दांया एवं स्त्री का बाएं नेत्र स्फुरण शुभ सूचक होता है।

व्रत का महत्व - वेदोक्तेन प्रकारेण कृच्छचान्द्रायणादिभि। शरीरशोषणं यत् तत् तप इत्युच्यते बुधै।। व्रत एक प्रकार का तप हैं। इससे मानव की लौकिक एवं परलौकिक (अध्यात्मिक) उन्नति होती है। व्रत से पापादि की निवृत्ति होती है। व्रत से शरीर तप कर शुद्ध हो जाता है। फलस्वरूप रोग निरोधक क्षमता मानसिक शक्ति, बुद्धि चतुरता, उत्साह एवं शारीरिक शक्ति बढ़ती है। आराध्यदेव के प्रसन्न होने से जीवन काल में मनोकामनाएं पूर्ण होतीं हैं एवं शरीर त्यागने के बाद सद्गति प्राप्त होती है।

व्रती के गुण - निज वर्णाश्रमाचार, निरत: शुद्ध मानस:। अलुब्ध: सत्यवादी च, सर्वभूत हिते रत:॥ पूर्वं निश्चयमाश्रित्य, यथावत् कर्मकारक:।अवेदनिन्दको धीमानधिकारी व्रतादिशु।। स्कंद पुराण के अनुसार जो अपने वर्णाश्रम के आचार-विचार से रहते हैं, निष्कपट, निर्लोभी, सत्यवादी, सब प्राणियों पर दया भाव रखने वाले, वेद के अनुयायी, बुद्धिमान एवं निश्चयकर्मी ऐसे गुणवान पुरुष, स्त्री व्रत करने योग्य होते हैं।

व्रत प्रारम्भ समय एवं उद्यापन - अस्तगते च गुरौ शुक्रे, बाले वृद्धे मलिम्लुचे। उद्यापनमुपारम्भं, व्रतानां नैव कार्येत् (गर्ग)। सौम्यवासरा: सर्वकर्मसु भवंति सिद्धदा (रत्नमाला)। हस्तमैत्रमृगपुष्यत्रयुतरा अश्विपौष्णशुभयोगसौख्यदा: (मुक्तक संग्रह)। कुर्यादुद्यापनं चैव समाप्तौ यदुदीरितम्।उद्यापनं विना यत्तु तद्व्रतं निष्फलं भवेत्। (नंदिपुराण)। गुरु एवं शुक्र के उदय रहने पर भद्रादि कुयोग एवं मलमास त्याग कर, शुभ वारों में, अश्विनी, मृगशिरा, पुष्य, हस्त, तीनों उत्तरा, अनुराधा, रेवती नक्षत्रों में, शुभ योगों में व्रत प्रारंभ करने पर या उद्यापन करने पर मनोकामना पूर्ण होकर सुख मिलता है।

व्रत भंग कब होता है? - १. क्रोधात् प्रमादाल्लोभद् वा व्रतभंगो भवेद् (गरुणपुराण)। २. असकृज्जलपानाश्च सकृत्ताम्बूलभक्षणात्। उपवास: प्रणश्येत दिवास्वापाच्य मैथुनात् ॥ (विष्णु पुराण)। विभिन्न पुराणों के अनुसार दिन में सोने से, बार-बार जल पीने से, तांबूल (पान) चबाने से, स्त्री सहवास करने से, क्रोध, लोभ, हिंसा इत्यादि मनोविकार उत्पन्न होने पर, अयोग्य हविष्य खाने पर व्रत भंग हो जाता है।

व्रत भंग कब नहीं होता ?- अष्टौ तान्य व्रतघ्नानि, आपो मूलं फलं पय:। हविर्ब्राम्हण काम्या च, गुरोर्वचनमौषधम्॥ (पद्मपुराण)। जल, फल, मूल, दूध, हवि, ब्राह्मण की इच्छा, ओषधी और गुरु (पूज्य जनों) के वचन - इन आठ से व्रत भंग नहीं होता है।

व्रत पर्व उपयोगी काल प्रमाण - व्रत, उत्सव एवं त्योहार के दिन के निर्णय में तिथि, नक्षत्र, योग, करण एवं कर्मकाल इत्यादि के संयोग का विचार करना होता है। कुछ प्रमुख व्रत-पर्वों का निर्णय आगे दिया जा रहा है, जिनमें शास्त्रीय पारिभाषिक शब्दों का अर्थ पहले जान लेना आवश्यक है जो कि इस प्रकार है: -

सावन दिन - आज के सूर्योदय से कल के सूर्योदय तक एक दिन होता है। एक दिन में ६० घटि(२४ घंटे) होतेहैं। एक दिन में ८ प्रहर होते हैं। एक प्रहर ३ घंटे का होता है।

दिनमान एवं रात्रिमान - सूर्योदय से सूर्यास्त तक का समय दिनमान होता है। ग्रीष्म ऋतु में दिनमान ३० घटिसे अधिक और शीत ऋतु में ३० घटि से कम होता है। दिनमान अक्षांश भेद से विभिन्न स्थानों पर पृथक-पृथक होता है। ६० घटिमें से दिनमान घटाने पर रात्रिमान होता है।

मुहूर्त काल - दिनमान या रात्रिमान का १५वां भाग एक मुहूर्त होता है। अत: एक दिनमान में १५ मुहूर्त होते हैं। यदि दिनमान ३० घटि हो तो एक मुहूर्त दो घटि यानि ४८ मिनट का होगा। सूर्योदय से तीन मुहूर्त तक प्रात:काल, तीन मुहूर्त से ६ तक संगवकाल, ६ से ९ मुहूर्त तक मध्याह्नकाल, ९ से १२ तक अपराह्नकाल, १२ से १५ मुहूर्त तक सायंकाल होता है। इस प्रकार दिनमान में ३-३ मुहूर्त के ५ भाग होते हैं।

ऊषा:काल - सूर्योदय से तीन मुहूर्त अर्थात् ६ घटि या २ घंटा २४ मिनट पहले से ऊषा:काल लग जाता है। यहां रात्रिमान का १५वां भाग लेना चाहिए।

अभिजित्काल - दिनमान का आठवां मुहूर्त अभिजित कहलाता है। यह मध्यान्हकाल से २४ मिनट पहले से २४ मिनट बाद तक होता है।

प्रदोषकाल - प्रदोषो अस्तमया दूर्ध्वं, घटिका द्वयमिष्यते (माधव)। सूर्यास्त से एक मुहूर्त यानि दो घटि अथवा ४८ मिनट तक प्रदोषकाल होता है। मतान्तर से तीन घटि तक भी प्रदोषकाल कहा गया है।

निशीथकाल - ठीक अर्धरात्रि का समय निशीथकाल कहलाता है। रात्रिमान का आठवां मुहूर्त निशीथ कहलाता है। यह अर्धरात्रि से २४ मिनट पहले से २४ मिनट बाद तक होता है।

पूजन अर्चन काल - पूर्वान्हो दैविक: कालो मध्यान्हश्चापि मानुष:। अपरान्ह: पितृणां तु मायान्हो राक्षस: स्मृत:।। (महिर्षी व्यास)।
प्रात: काल देवों का, मध्यान्ह मनुष्यों का, अपरान्ह पितरों का एवं सायंकाल राक्षसों का समय है। अत: यथा योग्य काल में दानादि से यथोचित फल मिलता है।

कर्म काल तिथि - कर्मणो यस्य य: कालस्तत्कालव्यापिनीतिथि:। तया कर्मणि कुर्वीत ह्रासवृद्धि न कारणम् (वृद्ध याज्ञवल्यक्य)।जिस व्रत उपवास या पर्व संबंधी कर्म के लिए शास्त्रों में जो समय नियत है, उस समय यदि व्रत की तिथि मौजूद हो तो उसी दिन व्रत संबंधी कार्य ठीक समय पर करना चाहिए।

तिथियों के प्रकार

१. अखंडा एवं खंडा तिथि - जो तिथि सूर्योदय से सूर्यास्त तक व्याप्त रहे वह अखंडा और जो सूर्योदय से दोपहर (दिनमान के आधे भाग) तक न रहे वह खंडा तिथि होती है। खंडा तिथि में व्रत प्रारंभ या उद्यापन नहीं करना चाहिए।

२. पूर्व विद्धा - आज जिस तिथि पर हम विचार कर रहे हैं यदि वह तिथि पिछली तिथि से पिछले दिन संयुक्त होकर आई हो तो आज की तिथि पूर्व विद्धा कहलाती है। उदाहरण के लिये आज मंगलवार को सूर्योदय के समय एकादशी तिथि है, पिछले दिन (सोमवार को) पिछली (दशमी तिथि) रात १ वजे तक थी और एकादशी लग गई थी। यानि की दोनों तिथियां पिछले दिन रात १ वजे संयुक्त थीं। अत: यहां एकादशी पूर्व विद्धा कहलायेगी। यह तिथि आने वाले अगले सूर्योदय के पहले ही समाप्त होती है।

३. पराविद्धा - आज जिस तिथि पर हम विचार कर रहे हैं यदि वह तिथि अगली आने वाली तिथि से अगले आने वाले दिन संयुक्त हो तो आज की तिथि परा विद्धा कहलाती है। यह तिथि आने वाले अगले सूर्योदय के वाद समाप्त होती है।

४. युक्ता तिथि - किसी एक दिन एक तिथि समाप्त होती है उसी समय दूसरी तिथि प्रारंभ होती है ऐसी स्थिति में दोनों तिथियां परस्पर युक्ता तिथियां होती हैं। उपरोक्त उदाहरण में सोमवार की रात्रि में १ वजे दशमी तथा एकादशी संयुक्त होने से हम यह कहेंगे कि सोमवार को दशमी तथा एकादशी युक्ता तिथियां हैं।

५. शुद्धा तिथि - सूर्योदयारंभ पुन: सूर्योदयपर्यन्ता शुद्धा - तिथिनिर्णय। अर्थात जो तिथि सूर्योदय से अगले दिन सूर्योदय तक रहे वह शुद्धा होती है, अत: स्पष्ट है कि, जो तिथि वृद्धि को प्राप्त होती है, केवल वही शुद्धा हो सकती है, अन्य सब विद्धा होतीं हैं।

कालचक्र व्यवस्था के अनुसार व्रत-पर्व के प्रकार एवं शास्त्रीय निर्णय

(अ) मासिक व्रत-पर्व- अधिकमास स्नान, वैशाख स्नान सर्वत्र, कार्तिक स्नान पुष्कर क्षेत्र, माघ स्नान अवध या प्रयागराज क्षेत्र। यह व्रत श्री विष्णु भगवान को समर्पित हैं।

(ब) पाक्षिक व्रत-पर्व- प्रत्येक पक्ष की विशिष्ट तिथियों में किये जाने वाले व्रत - संकष्ट चतुर्थी, एकादशी एवं प्रदोष व्रत पाक्षिक व्रत हैं।

१. संकष्टचतुर्थी व्रत - यह व्रत सभी मासों में कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को किया जाता है। इसमें चंद्रोदय व्यापिनी चतुर्थी ली जाती है। यदि २ दिन चंद्रोदय व्यापिनी चतुर्थी हो तो प्रथम दिन व्रत करना चाहिए। यदि कोई संकट का समय चल रहा हो या किसी संकट आने की संभावना हो तब विघ्न विनाशक श्री गणेश को समर्पित व्रत किया जाता है।

२. एकादशी व्रत - यह व्रत सभी महीनों के दोनों पक्षों की एकादशी तिथियों को किया जाता है। एकादशी में दशमी का वेध देखा जाता है। वेधकाल को लेकर विभिन्न मत हैं। कोई पहले दिन की ४५ घटि दशमी को त्यागते हैं तो कोई ५६ घटी। इस पंचांग में यदि दशमी ५६ घटि से कम हो तो एकादशी सभी मतों की होती है और यदि दशमी ५६ घटि या उससे अधिक हो तो स्मार्त उस दिन एकादशी को व्रत करते हैं एवं वैष्णव संप्रदाय का व्रत अगले दिन होता है। यदि एकादशी का क्षय हो तो त्रिस्पर्शस्या उपवास निषेधात् सूत्र के अनुसार आने वाले दिन (पर दिवसे) एकादशी व्रत सबका होगा।

३. प्रदोष व्रत - यह व्रत सभी महीनों के दोनों पक्षों में त्रयोदशी को भगवान शंकर की प्रसन्नता के लिए किया जाता है। इसका समय सूर्यास्त से एक मुहुर्त (दो घटि) रात्रि तक है। कृष्ण पक्ष में परविद्धा प्रदोष व्यापिनी त्रयोदशी ली जाती है और शुक्ल पक्ष में पूर्व विद्धा। (शुक्ल त्रयोदशी पूर्वा परा कृष्ण त्रयोदशी)।

(स) वार्षिक पर्व एवं व्रतोत्सव -
प्रमुख व्रत, पर्व और उत्सवों के समय निर्णय हेतु शास्त्रीय विवेचन यहां दिया जा रहा है।

नूतन संवत्सर - चैत्रे सितप्रतिपदि यो वारोऽर्कोदये स वर्षेश:।उदयद्वितीये पूर्वो नोदयुगलेऽपि पूर्व: स्यात् (ज्योतिर्निबन्ध)। जिस दिन सूर्योदय के समय चैत्र शुक्ल प्रतिपदा हो उस दिन ही संवत्सर उत्सव एवं पूजन होता है। यदि दो दिन ऐसा हो तो पहले दिन संवत्सर मनाना चाहिए। यदि चैत्र अधिमास हो तो शुद्ध मास में संवत्सर पर्व होता है।

नवरात्र - १. प्रतिपत्सम्मुखी कार्या या भवेदापराह्निकी (स्कन्द पुराण)। २. अमायुक्ता न कर्त्तव्या प्रतिपत् पूजने मम । (देवी भागवत)। ३. भास्करोदयामारभ्य यावत्तु दश नाडिका:। प्रात:काल इति प्रोक्त: स्थापनारोपणादिषु । (विष्णुधर्म)।४. सम्पूर्णा प्रतिपद्धयेव चित्रायुक्ता यदा भवेत्। वैधृत्या वापि युक्ता स्यात् तदा माध्यन्दिने रवौ। अभिजितु मुहूर्तं यत् तत्र स्थापनमिष्यते। (रुद्रयामल)। ५. प्रातरावाहयेद् देवीं प्रातरेव प्रवेशयेत्। प्रात: प्रातश्च सम्पूज्य प्रातरेव विसर्जयेत (देवी पुराण)।।६. यत्र क्षयवशादमा युक्तैव लभ्यते, न द्वितीया युता । (तिथि चिंतामणि)। ७. दिन द्वये तद् व्याप्तौ अव्याप्तौ वा पूर्वेव ग्राह्या । (निर्णय सिन्धु)।

भावार्थ - चैत्र, आषाढ़, आश्विन और माघ की शुक्ल प्रतिपदा से नवमी तक, एक वर्ष में चार नवरात्र पर्व होते हैं। १. नवरात्र प्रतिपदा सम्मुखी शुभ होती है। २. जिस दिन अमावस्या के बाद प्रतिपदा हो अत: उस दिन प्रतिपदा अमावस्या युक्ता होने से देवी पूजन प्रारंभ नहीं करना चाहिए।३. सूर्योदय से दश घटी (चार घंटा) तक प्रात:काल में घट स्थापना शुभ होती है। ४. यदि प्रात:काल में चित्रा नक्षत्र या वैधृति योग हो तो उस समय घट स्थापना न करें। यदि उस दिन चित्रा नक्षत्र या वैधृति योग रात्रि तक रहे तो अभिजित मुहूर्त में स्थापन करें। ५.देवी का आवाहन, प्रवेशन, नित्य पूजन और विसर्जन ये सब प्रात:काल में करना चाहिए। ६. यदि प्रतिपदा तिथि क्षय हो तो अमावस्या युक्ता प्रतिपदा को ही घट स्थापना करना चाहिए। ७. यदि प्रथमा तिथि वृद्धि हो तो प्रथम दिन घट स्थापन करना चाहिए।

गणगौर - माधव के अनुसार मुहूर्त्तमात्रसत्वेऽपि दिने गौरीव्रतंपरा। पराविद्धा तृतीया ग्रहण करना चाहिए।

दुर्गाष्टमी - अष्टम्या नवमी विद्धा कर्तव्या फलकांक्षिभि:। न कुर्यान्नवमी तात दशम्या तु कदाचन।। (दीक्षित)। एवं धर्मसिन्धु। जिस दिन नवमी युक्त अष्टमी अर्थात अष्टमी एवं नवमी का मेल (संयुक्त) हो उस दिन शुभ फल की कामना करने वालों को दुर्गा पूजन करना चाहिए।

श्रीराम नवमी - १. चैत्र शुक्ल नवम्यां पुनर्वसुयुतायां मध्यान्हे कर्क लग्न राश्यां श्री राम जन्म:। भावार्थ - जिस दिन मध्यान्ह काल में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा एवं पुनर्वसु नक्षत्र हो उस समय रामनवमी व्रतोत्सवादि करना चाहिए। २. अष्टम्या नवमी विद्धा कर्तव्या फलकांक्षिभि:। न कुर्यान्नवमी तात दशम्या तु कदाचन।। (दीक्षित)। भावार्थ - जिस दिन अष्टमी विद्धा अर्थात अष्टमी एवं नवमी का मेल हो उस दिन मध्यान्ह काल में राम नवमी पूजन-व्रत करना चाहिए, परन्तु जिस दिन नवमी में दशमी का वेध हो उस दिन वर्जित है। ३ दिन द्वये मध्यान्हव्यास अव्याप्तौ वा परा, अष्टमी विद्धाया निषेधात् । (धर्म सिन्धु)। भावार्थ - यदि चैत्र शुक्ल नवमी दोनों दिन मध्यान्हकाल में व्याप्त हो तो दूसरे दिन रामनवमी उत्सव मनाना चाहिए।

अक्षय तृतीया - १. वैशाख शुक्ल तृतीया अक्षया तृतीयोच्चते। सा पूर्वान्ह व्यापिनी ग्राह्या। (निर्णय सिन्धु)। भावार्थ - जिस दिन पूर्वान्हकाल में वैशाख शुक्ल तृतीया हो उस समय अक्षय तृतीया पर्व होत है। २. द्वेधा विभक्त दिन पूर्वाद्धक देश व्यापिनी दिनद्वये चेत्। त्रिमुहूर्तधिक व्याप्ति सत्वे परा (धर्म सिन्धु)। भावार्थ - यदि तृतीया दोनों दिन पूर्वान्हकाल में ही तो ६ घटी से अधिक व्याप्त की स्थिति में दूसरे दिन लें और यदि कम हो तो पहले दिन ही तृतीया पर्व होता है।

पशुराम जयंती - वैशाखस्य सिते पक्षे, तृतीयायां पुनर्वसौ। निशायां प्रथमे यामे, रामाख्या: समये हरि:।। जिस दिन प्रदोषकाल के समय (सूर्यास्त काल से २ घटि के मध्य) तृतीया तिथि हो उस दिन परशुराम जयंती मनाना चाहिए।

गंगा सप्तमी (गंगा गमन मेखलाम्) - वैशाख शुक्ल सप्तमी मध्यान्ह व्यापिनी लेना चाहिए। यदि दो दिन हो तो पहले दिन गंगा पूजन करना चाहिये।

नृसिंह जयंती - वैशाखे शुक्लपक्षे तु, चतुर्दश्यां निशा मुखे। मज्जन्म संभवं पुण्यं, व्रतं पाप प्रणाशनम्।।

हेमाद्री एवं नृसिंह पुराण के अनुसार जिन दिन प्रदोषकाल के समय (सूर्यास्त काल से २ घटि तक) वैशाख शुक्ल चतुर्थी हो उस दिन नृसिंह जयंती मनाना चाहिए। यदि यह स्थिति दोनों दिन हो तो दूसरे दिन व्रतादि उत्सव मनाना चाहिए।

कदली व्रत - इस व्रत का वर्णन हेमाद्री ग्रंथ में है। यह व्रत वैशाख, माघ और कार्तिक मास में से किसी भी मास में चतुर्दशी के दिन किया जा सकता है। यह विशेष रूप से गुजरात में किया जाता है। वैशाख, माघ या कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष में जिस दिन पूर्वान्हकाल में चतुर्दशी हो उस दिन यह व्रत होता है।

रम्भातीज व्रत - ज्येष्ठ शुक्ल तृतीया को जिस दिन पूर्व विद्धा तिथि हो उस दिन यह व्रत किया जाता है। पूर्व विद्धा से तात्पर्य यह है कि जिस दिन सूर्योदय से पहले ही तृतीया प्रारंभ हो चुकी हो। पिछले वार में ही पूर्व वाली तिथि (द्वितीया) का संगम हो।

गंगा दशहरा - ज्येष्ठे मासि सिते पक्षे दशम्यां बुध हस्तयो:। व्यतिपाते गरानन्दे कन्याचन्द्रे वृषो रवौ। दशयोगे नर: स्नात्वा सर्वपापै: प्रमुच्यते। (स्कन्द पुराण)। ज्येष्ठे मलमासे सति तन्नैव दशहरा कार्या न तु शुद्धे। (निर्णय सिन्धु)। ज्येष्ठ मास में शुक्ल दशमी के समय हस्त नक्षत्र, बुधवार, व्यतिपात योग, गर, करण, आनन्द योग, वृषस्थ रवि और कन्या के चंद्र हो तो यह दुर्लभ योग में गंगा स्नान या पूजनादि करने से दश प्रकार के पापों से मुक्ति मिलती है। उपरोक्त योगों में से जिस समय अधिक से अधिक योग हों उस समय का यह पूजन करना चाहिए। यदि ज्येष्ठ अधिमास हो तो अधिमास में ही यह पूजन पुण्यदाई होती है।

रथयात्रा जगन्नाथपुरी - यह अद्भुत रथ यात्रा आषाढ़ शुक्ल द्वितीया एवं पुष्य नक्षत्र सुयोग में होती है।

गुरु पूर्णिमा, व्यास पूजा - यह मध्यान्हव्यापिनी पूर्णिमा ग्रहण करना चाहिए। ऐसा दो दिन होने पर दूसरे दिन ग्रहण करना चाहिए। अथैव व्यास पूजोक्ता। तत्रा त्रिमुहूर्ता चेत्परैवेति सन्यास पद्धतौ। त्रिमुहूर्ताधिकं ग्राह्यं पर्वक्षौर प्रमाणयो। (निर्णय सिन्धु)। जिस दिन आषाढ़ पूर्णिमा कम से कम तीन मुहूर्त (६ घटि) व्याप्त रहे उस दिन व्यास पूजा का विधान है।

कजली तृतीया (श्रावण की) - तृतीया श्रावणे कृष्णा, या स्याच्छ्रवण संयुता। तस्यां सम्पूज्य गोविन्दं, तुष्टिमग्रयामवाप्नुयात्।। (हेमाद्री एवं विष्णूधर्मोत्तर)। श्रावण कृष्ण तृतीया को श्रवण नक्षत्र के योग में विष्णू पूजन-व्रत किया जाता है। इसमें परविद्धा तिथि ग्राह्य होती है पर तिथि से तात्पर्य चतुर्थी तिथि है।

शीतला सप्तमी - हेमाद्री एवं भविष्य पुराण के अनुसार चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़ और श्रावण कृष्ण सप्तमी को मध्यान्ह व्यापिनी तिथि में शीतला देवी का पूजन किया जाता है।

दूर्वागणपति पूजन - सौर पुराण के अनुसार श्रावण शुक्ल पक्ष में मध्यान्ह व्यापिनी चतुर्थी में यह पूजन होता है।

नाग पंचमी - श्रावण शुक्ल पक्ष में पराविद्धा पंचमी को सर्प-नाग पूजन का विधान है। मदनरत्न के अनुसार, पंचमी नाग पूजायां कार्या षष्ठी समन्विता:।

रक्षाबंधन - भविष्योत्तर पुराण एवं मदनरत्न के अनुसार रक्षाबंधन श्रावण शुक्ल पूर्णिमा को होता है। इसमें अपरान्ह व्यापिनी तिथि ली जाती है यानि जिस दिन पूर्णिमा १८ घटी से २४ घटी तक या इससे अधिक समय तक व्याप्त रहे उस दिन रक्षाबंधन पर्व मनाना चाहिए। यदि ऐसी स्थिति दो दिन हो तो पहले दिन रक्षाबंधन सूत्र बांधना चाहिए। याद रखें कि उस समय भद्राकाल नहीं होना चाहि। भद्रायां द्वे न कर्तव्ये श्रावणी फाल्गुनी तथा।

कज्जली तृतीया (भाद्रपद कृष्ण पक्ष में) - यह तृतीया व्यापकरूप में मनाई जाती है। माहेश्वरी वैश्य समाज में इस व्रत को सातूडी तीज अथवा सतवा तीज कहा जाता है।

चन्द्रषष्ठी (भाद्रपद कृष्ण पक्ष) - भविष्यपुराण के अनुसार भाद्रपद कृष्ण पक्ष षष्ठी को चन्द्रोदय के समय चन्द्र को अर्घ्य दिया जाता है। चन्द्रमा के उदयकाल में षष्ठी का होना आवश्यक है। यह पूर्व युक्ता लेना चाहिये।

हलषष्ठी (भाद्रपद कृष्ण पक्ष) - परायुक्ता षष्ठी में हरछठ व्रत का विधान है। अर्थात् जिस दिन षष्ठी एवं सप्तमी युक्त हो उस दिन यह व्रत करना चाहिये।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी (भाद्रपद कृष्ण पक्ष) - विष्णुपुराण, शिवपुराण, ब्रम्हपुराण, भविष्यपुराण इत्यादि के अनुसार भगवान श्री कृष्ण का जन्म भाद्रपद कृष्ण अष्टमी बुधवार को रोहिणी नक्षत्र में अर्धरात्रि के समय हुआ था। अधिकांश उपासक उपरोक्त योगों का मेल अपने-अपने तरीके से ग्रहण करते है इससे इस व्रत को लेकर सर्वाधिक मत-भेद सामने आते हैं। शास्त्रों में इसके शुद्धा, सप्तमी विद्धा, नवमी विद्धा, समा, न्यूना, अधि इत्यादि से अठारह प्रकार के भेद हैं। श्री कृष्ण की जन्म स्थली मथुरा-वृन्दावन में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव , व्रतादि प्राय: उदयकालिक अष्टमी (नवमी युक्ता अष्टमी) में ही मनाया जाता है। यह वैष्णव मत भी है।

हरितालिका तीज व्रत - (भाद्रपद शुक्ल पक्ष) - मुहूर्त्तमात्र सत्वेऽपि दिने गौरीव्रतं परेति। माधवोक्त जिस दिन केवल एक मुहूर्त्त भी तृतीया हो उस दिन परायुक्ता तृतीया में हरितालिका व्रत करना चाहिये।

ऋषि पंचमी व्रत - भाद्रपद शुक्लपक्ष पंचमी। माधव के अनुसार, पूजाव्रतेषु सर्वेषु मध्याह्वव्यापिनी तिथिरिति। दिनद्वये मध्याह्वव्याप्ता व्याप्तौ वा पूर्वेव। सूत्र के अनुसार मध्याह्वव्यापिनी पंचमी को व्रत करना चाहिए। यदि दो दिन मध्याह्व व्यापिनी हो तो पहले दिन व्रत करना चाहिए।

गणेश चतुर्थी व्रत (भाद्रपद शुक्ल पक्ष) - कृत्यरत्नावली के अनुसार श्री गणेश का जन्म भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी को मध्यान्ह में हुआ था। अत: मध्यान्ह व्यापिनी चतुर्थी में श्री गणेश स्थापन एवं पूजन करना चाहिए। यदि दोनों दिन मध्यान्ह व्यापिनी चतुर्थी हो तो पहले दिन स्थापन-पूजन करना चाहिए। इस दिन रात्रि में चन्द्रदर्शन कर लेने से मिथ्या कलंक लगता है, ऐसी मान्यता है। उसके निवारण के लिए भागवत पुराण में उल्लेखित स्यमन्तक की कथा सुनना या पढऩा चाहिए।

अनन्त चतुर्दशी (भाद्रपद शुक्ल पक्ष) - माधव के अनुसार, द्विमुहूर्त व्याप्तौदायिकी ग्राह्योति। जिस दिन सूर्योदय के पश्चात कम से कम दो मुहूर्त अथवा ४ घटी चतुर्दशी हो उस दिन अनन्त भगवान का पूजन व्रत करना चाहिए।

पितृपक्ष (महालय) - भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा से आश्विन कृष्ण अमावस्या तक सोलह दिन पितरों का तर्पण एवं विशेष दिन श्राद्ध करने का शा ीय विधान है, इससे पितृ ऋण से मुक्ति मिलती है व घर में सुख-शांति बढ़ती है। श्रुति के अनुसार - पूर्वान्हो वै देवानां मध्यान्हो मनुष्याणमपरान्ह: पितृणाम्। अर्थात अपरान्ह पितरों का समय होता है। इसलिए जिस तिथि को श्राद्ध दिन हो, यदि वह तिथि अपरान्ह व्यापिनी हो तब श्राद्ध करना चाहिए। जैसा कि पहले लिखा जा चुका है कि १८ घटि से २४ घटि के बीच व्याप्त रहने वाली तिथि में उस दिन संबंधित तिथि श्राद्ध होता है। यदि उस दिन १८ घटी से २४ घटी के बीच दो तिथियां व्याप्त हों तो दोनों तिथियों का श्राद्ध उसी दिन करना चाहिए। उदाहरण के लिए किसी दिन सूर्योदय के समय सप्तमी तिथि है तथा पंचांग में उस तिथि का समाप्तिकाल १८ घटी ३१ पल लिखा है तो सप्तमी अपरान्ह व्यापिनी है तथा अष्टमी भी इसलिए दोनों तिथियों के श्राद्ध एक ही दिन होंगे। अत: उस दिन सप्तमी के साथ-साथ अष्टमी का भी श्राद्ध होगा।सन्यासियों का श्राद्ध द्वादशी को करना चाहिए। युद्ध या दुर्घटना में मृत्यु को प्राप्त का श्राद्ध चतुर्दशी को करना चाहिये।

महालक्ष्मी व्रत - आश्विन कृष्ण अष्टमी को चंद्रोदय व्यापिनी तिथि में व्रत का विधान है।

विजया दशमी - शमी पूजा यात्रदौ नक्षत्रोदय व्यापिनी दशमी ग्राह्या। नवमीशेष युक्तायां दशम्यायम पराजिता। ददाति विजयं देवी पूजित जयवद्धिनी (रत्नकोष)। अर्थात जिन दिन श्रवण नक्षत्र के प्रारंभ के समय दशमी तिथि व्याप्त हो उस दिन युद्ध में विजय की कामना रखने वाले राजा की विजय होती है। यदि श्रवण नक्षत्र न मिले तो नवमी दशमी युक्ता दिवस में विजया दशमी मनाना चाहिए।

शरद पूर्णिमा - आश्विन शुक्ल पूर्णिमा को गोदुग्ध की खीर का अर्धरात्रि के समय आराध्यदेव को भोग लगाया जाता है व अगले दिन उसे प्रसाद रूप में उसका भोजन किया जाता है। शरद पूर्णिमा का कर्मकाल रात्रि है अत: कर्मणो यस्य य: कालस्तत्कालव्यापिनीतिथि:। सूत्र के अनुसार इसमें प्रदोष एवं निशीथ दोनों में होने वाली पूर्णिमा ली जाती है। यदि पहले दिन निशीथव्यापिनी हो और दूसरे दिन प्रदोषव्यापिनी न हो तो पहले दिन व्रत करना चाहिए।

करवाचौथ - (कार्तिक कृष्ण पक्ष) - इस दिन सौभाग्वती महिलाएं दिनभर व्रती रहकर चन्द्रोदय के बाद अन्न-जल ग्रहण करती हैं, इसलिए इस व्रत का कर्मकाल चन्द्रोदयकाल होता है। अत: कर्मणो यस्य य: कालस्तत्कालवयापिनीतिथि:। नियम के अनुसार इसमें चंद्रोदय व्यापिनी चतुर्थी के दिन व्रत रखा जाता है। यही निर्णय धर्मसिन्धु में भी है।

गोवत्स द्वादशी - कार्तिक कृष्ण पक्ष। वत्सपूजा वटश्चैव कर्तव्यौ प्रथमऽहनि के अनुसार इसमें प्रदोष व्यापिनी पहले दिन की द्वादशी तिथि लेना चाहिए। सायंकाल में गाय एवं बछड़ों का पूजना करना चाहिए।

धन त्रयोदशी, यम दीपदान - यह त्रयोदशी प्रदोष व्यापिनी शुभ होती है। यदि वह दो दिन हो या न हो, दोनों स्थितियों में दूसरे दिन की तिथि ली जाती है।

रूप चतुर्दशी, नरक चतुर्दशी - इसमें पहले दिन की चन्द्रोदय व्यापिनी तिथि ली जाती है (निर्णय सिन्धु)।

दीपावली, श्री महालक्ष्मी पूजन - १. प्रदोषार्धरात्रव्यापिनी मुख्या एकैक व्याप्तौ परैव (निर्णय सिन्धु)।

प्रदोष काल एवं अर्धरात्रि व्यापिनी अमावस्या के दिन श्री महालक्ष्मी का पूजन शुभ है। इसमें प्रदोकाल का विशेष महत्व है। यदि दो दिन प्रदोष व्यापिनी हो तो दूसरे दिन की रात्रि में लक्ष्मी पूजन शुभ होता है (तदा विहाय पूर्वेद्यु: परेऽन्हि सुखरात्रिका - निर्णय सिन्धु)।

यम द्वितीया - कार्तिक शुक्ल द्वितीया। यह मध्यान्हव्यापिनी पूर्व विद्धा शुभ होती है (यमद्वितीया मध्यान्हव्यापिनी पूर्वविद्धा चेति हेमाद्रि:। -निर्णय सिन्धु)।

आंवला नवमी (कार्तिक शुक्ल नवमी) - नवमी विद्धा कर्तव्या फलकाङ्क्षिणा।न कुर्यान्नवमी तात दशम्या तु कदाचन।। (हेमाद्रि, देवी पुराण)। इसमें पूर्वान्ह व्यापिनी तिथि लेना चाहिए। यदि वह दो दिन हो या न हो तो पूर्व विद्धा लेना चाहिए।

बैकुण्ठ चतुर्दशी - कार्तिक शुक्ल अरुणोदयव्यापिनी चतुर्दशी को ब्रह्म मुहूर्त में पूजन एवं व्रत करन चाहिए (तिथि निर्णय:)।

दत्त जयंती - मार्गशीर्ष शुक्ल पूर्णिमा जिस दिन प्रदोष व्यापिनी हो उस दिन दत्त जयंती मनाना चाहिए। (तिथि निर्णय:)।

वसंत पंचमी - माघ शुक्लपक्ष पंचमी। इस दिन पूर्वविद्धा पंचमी को श्रीगणेश एवं सरस्वतीजी का पूजन किया जाता है।

महाशिवरात्रि - फाल्गुन कृष्णपक्ष चतुर्दशी। जैसा कि शिवरात्रि के नाम से संकेत है कि इस व्रत का पूजन कर्मकाल रात्रि है। अत: 'कर्मणो यस्य य: कालस्तत्कालव्यापिनीतिथि:' नियम के अनुसार इसमें प्रदोष एवं निशीथकाल में व्याप्त पूर्वविद्धा चतुर्थी ली जाती है। पूर्व विद्धा चतुर्दशी लेेने का कारण यह है कि शिवरात्रि का पारण चतुर्दशी में ही करना चाहिए। (तिथ्यन्ते पारणं कुर्याद् विना शिव चतुर्दशीम्)।

होलिका दहन (फाल्गुन पूर्णिमा) - १. प्रदोष व्यापिनी ग्राह्या पूर्णिमा फाल्गुनी सदा। निशागमे तु पूज्येत् होलिका सर्वतोमुखै: (नारदपुराण)। २. दिनद्वये प्रदोषे चेत् पूर्णा दाह: परेऽहनि (स्मृतिसार) ३. भद्रायां द्वे न कर्तव्ये श्रावणी फाल्गुनी तथा (स्मृत्यन्तर)। ४. तस्यां भद्रामुखं त्यक्त्वा पूज्या होला निशामुखे (पृथ्वीचन्द्रोदय)। ५. पूर्णिमाया: पूर्वे भागे चतुर्थप्रहरस्य पंचघटीमध्ये भद्राया मुखं ज्ञेयम् (ज्योतिर्निबन्ध)। ६. पृथिव्यां यानि कार्यापि शुभानि ह्ययशुभानि च। तानि सर्वाणि सिद्धयन्ति विष्टिपुच्छे न संसय: (आचार्य लल्ल)।। ७. प्रतिपद्भूतभद्रासु यार्चिता होलिका दिवा। संवत्सरं तु तद्राष्ट्रं पुरं दहति साद्भुताम्।। (चन्द्रप्रकश)। ८. दिनार्धात् परतो या स्यात् फाल्गुनी पूर्णिमा यदि। रात्रौ भद्रावसाने तु होलिका तत्र पूजयेत्।। (भविष्यपुराण)। ९. दिवाभद्रा यदा रात्रौ रात्रिभद्रा यदा दिवा। सा भद्रा भद्रादा यस्माद् भद्रा कल्याणकारिणी।। (ज्योतिष तत्व)।१०. ग्रहणशुद्धौ स्नात्वा कर्मणि कुर्वीत श्रुतमन्नं विसर्जयेत्। (स्मृतिकौस्तुभ)। ११.स्पष्टमासविशेषाख्याविहितं वर्जयेन्मले। (धर्मसार)। अर्थात होलिका दहन का कर्मकाल रात्रि है, इसलिए प्रदोष व्यापिनी पूर्णिमा के समय होलिका दहन करना चाहिए। यदि दोनों दिन प्रदोषकाल में पूर्णिमा व्याप्त हो तो दूसरी लेना चाहिए।

यदि प्रदोषकाल में भद्रा हो तो मुख की घटी त्यागकर प्रदोषकाल में होलिका दहन करना चाहिए। पूर्णिमा के दिन तीसरे चौथे प्रहर की आदि की ५ घटी भद्रा का मुख होता है, अत: उक्त समय में भद्रा के रहते होलिका दहन निषेध है। भद्रा का पुच्छकाल शुभ होता है। पूर्णिमा के दिन भद्रा का पुच्छकाल तीसरे प्रहर की अंतिम ३ घटी में होता है। (विशेष सूचना - भद्रा के मुख-पुच्छ प्रकरण में प्रहर की गणना सूर्योदय से न होकर तिथि के आरंभकाल से होती है।) दिन के समय, प्रतिपदा को, चतुर्दशी को या भद्राकाल में होलिका दहन करने पर वहां के राज्य, नगर और नागरिक विचित्र उत्पातों से एक वर्ष में नष्ट हो जाते हैं। यदि दोपहर पश्चात पूर्णिमा प्रारंभ हुई हो अर्ध रात्रि तक भद्रा रहती है अत: तत्पश्चात सूर्योदय के पहले तक होलिका दहन करना चाहिए। यदि पहले दिन रात भर भद्रा रहे और दूसरे दिन प्रदोष के समय पूर्णिमा मौजूद हो उस समय चंद्रग्रहण हो तो पहले दिन ही सूर्यास्त के बाद होलिका दहन कर देना चाहिए, क्योंकि पूर्णिमा में पूर्वार्ध की भद्रा रात्रिकाल में शुभ कही गई है। यदि दूसरे दिन प्रदोष के समय पूर्णिमा हो और भद्राकाल समाप्त होने वाला हो, परन्तु चंद्रग्रहण हो तो ग्रहण के शुद्धिकाल उपरांत स्नान करके होलिका दहन कर देना चाहिए। यदि फाल्गुन अधिमास हो तो शुद्ध मास (दूसरे फाल्गुन) की पूर्णिमा को होलिका दहन करना चाहिए।

शीतला अष्टमी (वासौरा) - व्रतमात्रेऽष्टमी कृष्णा पूर्वा शुक्लाष्टमी परा (माधव)। शीतला अष्टमी कृष्ण पक्ष में होने के कारण पूर्व विद्धा (सप्तमी विद्धा) ली जाती है। इस दिन शीतला माता का व्रत एवं शीतल अन्न (पहले से पकाए हुए भोजन) का भोग लगाया जाता है।

नवग्रह मन्त्र एवं समिधा

सूर्य – वैदिक मन्त्र – ॐ आकृष्णेन रजसा वर्तमानो निवेशयन्नमृतं मर्त्यं च। हिरण्ययेन सविता रथेना देवो याति भुवनानि पश्यन्॥ (हवन समिधा – आक)। एकाक्षरी बीज मन्त्र – ॐ घृणि: सूर्याय नम:। तांत्रिक सूर्य मन्त्र – ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं स: सूर्याय नम:। जप संख्या – ७०००(सात हजार)। जपकाल– सूर्योदय।

चन्द्र – वैदिक मन्त्र – ॐ इमं देवा असपत्न ँ सुवध्वं महते क्षत्राय महते ज्यैष्ठाय्याय महते जानराज्यायेन्द्रस्येन्द्रियाय। इमममुष्य पुत्रममुष्यै पुत्रमस्यै विश एष वोमी राजा सोमोऽस्माकं ब्राह्मणानां ँ राजा॥ हवन समिधा – पलास (ढ़ांक), खांकर, छोला। एकाक्षरी बीज मन्त्र – ॐ सों सोमाय नम:। तान्त्रिक मन्त्र – ॐ श्रां श्रीं श्रौं स: चन्द्रमसे नम:। जप संख्या – ११०००(ग्यारह हजार)। जपकाल– संध्या।

भौम – वैदिक मन्त्र – ॐ अग्निर्मूर्धा दिव: ककुत्पति: पृथिव्या अयम। अपा ँ रेता ँ सि जिन्वति॥(समिधा – खैर) एकाक्षरी बीज मन्त्र – ॐ अं अंगारकाय नम:। तान्त्रिक मन्त्र – ॐ क्रां क्रीं क्रौं स: भौमाय नम:। जप संख्या – १००००(दस हजार)। जपकाल– सू.उ. से सवा दो घड़ी।

बुध – वैदिक मन्त्र – ॐ उद्बुध्यस्वाग्ने प्रति जागृहि त्वमिष्टापूर्ते स ँ सृजेथामयं च। अस्मिन्त्सधस्थे अध्युत्तरस्मिन् विश्वे देवा यजमानश्च सीदत॥ (हवन समिधा – अपामार्ग,चिचिडा,आंधीझारा)। एकाक्षरी बीज मन्त्र – ॐ बुं बुधाय नम:। तान्त्रिक मन्त्र – ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं स: बुधाय नम:। जप संख्या – ९०००(नव हजार)। जपकाल– सू.उ. से पांच घड़ी तक।

बृहस्पति– वैदिक मन्त्र – ॐ बृहस्पते अति यदर्यो अर्हाद् द्युमद्विभाति क्रतुमज्जनेषु। यद्दीदयच्छवस ऋतप्रजात तदस्मासु द्रविणं धेहि चित्रम्॥ (हवन समिधा – पीपल) एकाक्षरी बीज मन्त्र – ॐ बृं बृहस्पतये नम:। तान्त्रिक गुरुमन्त्र – ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं स: गुरवे नम: जप संख्या – १९०००(उन्नीस हजार)। जपकाल– संध्याकाल।

शुक्र – वैदिक मन्त्र – ॐ अन्नात्परिस्त्रुतो रसं ब्रम्हणा व्यपिबत्क्षत्रं पय: सोमं प्रजापति:। ऋतेन सत्यमिन्द्रियं विपान ँ शुक्रमंधस इन्द्रस्येन्द्रियमिदं पयोक्मृतं मधु॥ (हवन समिधा – गूलर)। एकाक्षरी बीज मन्त्र – ॐ शुं शुक्राय नम:। तान्त्रिक मन्त्र – ॐ द्रां द्रीं द्रौं स: शुक्राय नम:। जप संख्या – १६००० (सोलह हजार) जपकाल– सूर्योदय।

शनि – वैदिक मन्त्र – ॐ शं नो देवीरभिष्टय आपो भवन्तु पीतये। शं योरभि स्त्रवन्तु न: ॥ (हवन समिधा – शमी) एकाक्षरी बीज मन्त्र – ॐ शं शनैश्चराय नम:। तान्त्रिक मन्त्र – ॐ प्रां प्रीं प्रौं स: शनये नम:। जप संख्या – २३०००(तेईस हजार)। जपकाल– रात्रि।

राहु – वैदिक मन्त्र – ॐ कया नश्चित्र आ भुवदूती सदावृध: सखा। कया शचिष्ठया वृता॥ (हवन समिधा – दूर्वा)। एकाक्षरी बीज मन्त्र – ॐ रां राहवे नम:। तान्त्रिक मन्त्र – ॐ भ्रा भ्रीं भ्रौं स: राहवे नम:। जप संख्या – १८०००(अठारह हजार)। जपकाल– रात्रि।

केतु – वैदिक मन्त्र – ॐ केतुं कृण्वन्नकेतवे पेशो मर्या अपेशसे। समुषद्भिरजायथा:॥ (हवन समिधा – कुशा)। एकाक्षरी बीज मन्त्र – ॐ कें केतवे नम:। तान्त्रिक मन्त्र – ॐ स्त्रां स्त्रीं स्त्रौं स: केतवे नम:। जप संख्या – १७०००(सत्रह हजार)। जपकाल– रात्रि।

नवग्रह शांति प्रार्थना – ॐ ब्रम्हा मुरारिस्त्रिपुरान्तकारी भानु: शशी भूमिसुतो बुधश्च। गुरुश्च शुक्र: शनिराहुकेतव: सर्वे ग्रहा: शान्तिकरा भवन्तु।। सूर्य: शौर्यमथेन्दुरूच्चपदवीं सन्मङ्गलं मङ्गल: सुबुद्धिं च बुधो गुरुश्च गुरुतां शुक्र: सुखं शं शनि:। राहुर्बाहुबलं करोतु सततं केतु: कुलस्योन्नतिं नित्यं प्रीतिकरा भवन्तु मम ते सर्वेऽनुकूला ग्रहा:।।

नवग्रहों के रत्न एवं धारण विधि

महत्त्व – शुभ ग्रहों के प्रभाव में वृद्धि एवं अनिष्ट कारक ग्रहों की शान्ति हेतु सुयोग्य ज्योतिषी की सलाह से विधि पूर्वक रत्न धारण करना चाहिये। कोंन सा रत्न कब पहनना चाहिये और कब हानिप्रद होगा, इस संबन्ध में विद्वानों में मतभेद हैं। इस वारे में हमारा मत है कि, तृतीयेश, षष्टेश, अष्टमेश और द्वादशेष का रत्न धारण करने की सलाह कभी नहीं देना चाहिये। लग्नेश सदैव शुभ होता है, अत: लग्न स्वामी का रत्न आजीवन धारण करना चाहिये। कारक ग्रह की महादशा में उसका रत्न विशेष लाभप्रद रहेगा। मारकेश का रत्न सदैव अशुभ कारक होगा। किसी भी रत्न को कच्चे दूध या गंगाजल में स्नान कराकर, ग्रह के मन्त्र से अभिमन्त्रित कर, धूप चंदन देकर धारण करना चाहिये। रविपुष्य योग में कोई भी रत्न धारण किया जा सकता है।

माणिक्य – सूर्य की प्रसन्नता हेतु माणिक्य धारण किया जाता है। सिंह लग्न वाले जातकों को यह आजन्म धारण करना चाहिये। मेष, कर्क, वृश्चिक, धनु, लग्न वाले जातकों के लिये माणिक्य शुभ है। माणिक्य के साथ हीरा, नीलम, गोमेद और लहसुनिया कभी भी धारण नहीं करना चाहिये। धारण विधि :– रविवार के दिन सूर्योदय के समय या सूर्य की होरा मे, शुभ योग में, सोने अथवा तांबा की अंगूठी में, सूर्य मन्त्र से अमिन्त्रित करके दाहिने हाथ की तर्जनी या अनामिका अंगुली में माणिक्य धारण करना चाहिये। माणिक्य कम से कम ढ़ाई रत्ती का होना चाहिये।

मोती – यह चन्द्र देव का रत्न है। कर्क लग्न में जन्मे जातकों को यह रत्न विशेष लाभ दायक है। मेष, कन्या, तुला, वृश्चिक, एवं मीन लग्न वाले जातकों के लिये मोती शुभ होता है। मोती के साथ हीरा, पन्ना, नीलम, गोमेद और लहसुनिया कभी भी धारण नहीं करना चाहिये। मोती धारण विधि :– सोमवार को शुक्ल पक्ष की द्वितीया से पूर्णिमा तक, चन्द्रमा की होरा में या संध्या में, चाँदी की अंगूठी में, चन्द्र मन्त्र से अमिन्त्रित करके कनिष्ठा अंगुली में मोती धारण करना चाहिये।

मूंगा – मंगल देव की कृपा प्राप्ती के लिये मूंगा धारण करना चाहिये। जिन जातकों का जन्म मेष या बृश्चिक लग्न में हुआ हो उन्हें मूंगा अवश्य धारण करना चाहिये। कर्क, सिंह, धनु, मकर, मीन लग्न के लिये मूंगा शुभ होता है। मूंगा के साथ हीरा, पन्ना, नीलम, गोमेद और लहसुनिया कभी भी धारण नहीं करना चाहिये। धारण विधि :– शुक्ल पक्ष के मंगलवार को, मंगल की होरा मे, सोने या तांबा की अंगूठी में, मंगल के मन्त्र से अमिन्त्रित करके अनामिका अंगुली में मोती धारण करना चाहिये।

पन्ना – यह बुध का रत्न है। मिथुन या कन्या लग्न के जातकों के लिये पन्ना विशेष शुभ है। वृषभ, तुला, धनु, मकर एवं कुम्भ लग्न के लिये पन्ना शुभ होता है। पन्ना कम से कम ३ रत्ती का होना चाहिये। पन्ना के साथ मोती एवं मूंगा नहीं पहनना चाहिये। धारण विधि :– शुक्ल पक्ष के बुधवार को, बुध की होरा में, बुध मन्त्र से अभिमन्त्रित कर सोने की अंगूठी में कनिष्ठा अंगुली में पन्ना धारण करना चाहिये।

पुखराज – यह गुरु का प्रमुख रत्न है। धनु या मीन लग्न राशि वाले जातकों के लिये यह रत्न विशेष शुभ है। मेष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, वृश्चिक, धनु, कुंभ एवं मीन लग्न वाले जातकों के लिये पुखराज शुभ होता है। चूंकि गुरु का रंग पीला होता है इसलिये पीला पुखराज ही शुभ कारक होता है। पुखराज कम से कम ३ रत्ती का होना चाहिये। पुखराज के साथ हीरा, नीलम, गोमेद और लहसुनिया कभी भी धारण नहीं करना चाहिये। धारण विधि :– शुक्ल पक्ष के गुरुवार को, गुरुकी होरा में, सोने की अंगूठी में, गुरुमन्त्र से अभिमन्त्रित करके तर्जनी अंगुली में पुखराज धारण करना चाहिये। गुरु का उपरत्न :– जिरकान, सुनैला।

हीरा – वृष या तुला लग्न के जातकों को हीरा सदैव शुभ होता है। मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, मकर एवं कुंभ लग्न जातकों के लिये हीरा शुभ होता है। हीरे वजन कम से कम ढ़ाई सेन्ट होना चाहिये। हीरा के साथ माणिक्य, मोती, मूंगा या पीला पुखराज धारण नहीं करना चाहिये। धारण विधि :– शुक्ल पक्ष के शुक्रवार को शुक्र की होरा में, चाँदी की अंगूठी में, शुक्र के मन्त्र से अभिमन्त्रित कर, कनिष्ठिका या मध्यमा अंगुली में हीरा धारण करना चाहिये। शुक्र के उपरत्न :–फिरोजा, ओपल, सफेद स्फटिक।

नीलम – वृषभ, तुला, मकर, कुम्भ लग्न जातकों के लिये नीलम शुभ है। नीलम के साथ माणिक्य, मोती, मूंगा या पीला पुखराज धारण नहीं करना चाहिये। प्राय: नीलम धारण करने के २४ धंटे के भीतर अपना प्रभाव प्रारंभ कर देता है, इसलिये इसके पहनने का निर्णय सावधानी पूर्वक करना चाहिये। यदि नीलम अनुकूल न वैठे तो किसी भी प्रकार की हानि की संभावना रहती है, इसलिये परीक्षण के लिये कम से कम ३ दिन नीलम को अपने पास रखना चाहिये। यदि इस दौरान रोग, घबराहट या अशुभ स्वप्न आऐं तो नीलम धारण नहीं करना चाहिये। **धारण विधि** – किसी भी शनिवार को शनि की होरा में, पंचधातु, लोहे या सोने की अंगूठी में, शनि के मन्त्र से अभिमन्त्रित कर, मध्यमा अंगुली में नीलम धारण करना चाहिये।

गोमेद – यह राहु का रत्न है। जिनकी लग्न कुंडली में राहु १, ४, ७, ९ या १० वें भाव में हो, उन्हें गोमेद धारण करना चाहिये। गोमेद के साथ माणिक्य, मोती, मूंगा या पीला पुखराज धारण नहीं करना चाहिये। धारण विधि :– किसी भी शनिवार को शनि की होरा में, पंचधातु की अंगूठी में, राहु के मन्त्र से अभिमन्त्रित कर, मध्यमा अंगुली में गोमेद धारण करना चाहिये।

लहसुनियां (वैदूर्य) – यह केतु का रत्न है। जिनकी लग्न कुंडली में केतु १, ३,४, ६, ७, ९, १० या ११ वें भाव में हो, उन्हें गोमेद धारण करना चाहिये। लहसुनिया के साथ माणिक्य, मोती, मूंगा या पीला पुखराज धारण नहीं करना चाहिये। धारण विधि :– बुधवार के दिन पंचधातु की अंगूठी में, केतु के बीज मन्त्र द्वारा अभिमन्त्रित कर कनिष्ठ अंगुली में वैदूर्य धारण करना चाहिये।

श्री महामृत्युंजय मन्त्र

वेदोक्त मंत्र – ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्। उर्वारु कमिव बंधनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात्॥

प्रणव सहित महामृत्युंजय मंत्र – ॐ हौं जूँ स: ॐ भूर्भुव: स्व: ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्। उर्वारुकमिव बंधनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात् ॐ स्व: भुव: भू: ॐ स: जूँ हौं ॐ ॥

भावार्थ – इस महामंत्र का अर्थ अथाह एवं विश्व व्यापक है, इसे भगवान शिव ही जानते हैं। तथापि कई विद्वानों के द्वारा किये गये भावार्थ पढ़ने को मिले। जिसने जिस भाव या उद्देश्य से इस महामंत्र का पढ़ा उसे वही भावार्थ अनुभूत हुआ। उदाहरण के लिये यदि किसी गंभीर रोग या अनिष्ट से निवारण हेतु इस मंत्र का जाप करते हैं तो इसका भावार्थ इस प्रकार हो सकता है। ''हम उन भगवान त्र्यम्बक (ब्रह्मा, विष्णु एवं रुद्र तीनों के जनक शिव) का यजन (उपासना) करते हैं, जो कि पुष्प रुपी संसार में सुगंध की तरह व्याप्त होकर जगत का पोषण करते हैं, ऐसे प्रभु से मेरी प्रार्थना है कि हे प्रभो! यदि समय आ गया हो तो, मृत्यु बंधन से उसी तरह मुक्ति देवें जैसे खरबूजा पक जाने पर विना कष्ट के लत्ता के बंधन से छूट जाता है। अन्यथा अमृत देकर हमें सुदीर्घ जीवन प्रदान करें।''

महामृत्युंजय जाप विधि – जिस दिन शिववास शुभ हो उस समय महामृत्युंजय जाप करना चाहिये। सर्व प्रथम आचमन, पवित्रीकरण और प्राणायाम करके'' सुमुखश्चैकदन्तश्च........'' मंत्र से भगवान श्री गणेश का स्मरण करना चाहिये। तत्पश्चात संकल्प करके विनियोग करना चाहिये। विनियोग हेतु दाहिने हाथ में जल लेकर'' ॐ अस्य श्री महामृत्युंजय मन्त्रस्य वशिष्ठऋषि: अनुष्टुप्छन्द: श्री सदाशिव महामृत्युंजय रुद्रो देवता श्रीं वीजं ह्रीं शक्ति: मम अभीष्ट सिद्ध्यर्थे जपे विनियोग:'' यह मंत्र पढ़कर जल नीचे पात्र में छोड़ दें।

न्यास – मंत्र को शरीर में धारण करने की क्रिया न्यास है।

ऋष्यादि न्यास – ॐ वशिष्ठ ऋषये नम: (यह मंत्र पढ़कर सिर का स्पर्श करें)। अनुष्टुप् छन्दसे नम: (यह मंत्र पढ़कर मुख का स्पर्श करें)। श्री महामृत्युंजय रुद्र देवतायै नम: (यह मंत्र पढ़कर ह्रदय का स्पर्श करें)। श्रीं वीजाय नम: (यह मंत्र पढ़कर गुह्य को छुएं)। ह्रीं शक्तये नम: (यह मंत्र पढ़कर पैरों का स्पर्श करें)।

करन्यास – ॐ हौं ॐ जूँ स: भूर्भुव: स्व: त्र्यम्बकं, ॐ नमो भगवते रुद्राय शूलपाणये स्वाहा अंगुष्ठाभ्यां नम: (यह मंत्र पढ़कर दोनों तर्जनियों से हाथ के अंगूठों का स्पर्श करें)। ॐ हौं ॐ जूँ स: भूर्भुव: स्व: यजामहे, ॐ नमो भगवते अमृत मूर्तये मां जीवाय, जीवय तर्जनीभ्यां नम: (यह मंत्र पढ़कर दोनों तर्जनियों को अंगूठे से मिलाऐं)। ॐ हौं ॐ जूँ स: भूर्भुव: स्व: सुगन्धि पुष्टिवर्धनम्, ॐ नमो भगवते रुद्राय चन्द्र शिरसे जटिने स्वाहा, मध्यमाभ्यां वषट् (यह मंत्र पढ़कर बीच की दोनों अंगुलियों को अंगूठों से मिलाएं)। ॐ हौं ॐ जूँ स: भूर्भुव: स्व: उर्वारु कमिव बंधनात्, ॐ नमो भगवते रुद्राय त्रिपुरांतकाय ह्रां ह्रीं, अनाम्यकाभ्यां हुँ (यह मंत्र पढ़कर अनामिकाओं को अंगूठे से मिलाएं)। ॐ हौं ॐ जूँ स: भूर्भुव: स्व: मृत्योर्मुक्षीय, ॐ नमो भगवते रुद्राय त्रिलोचनाय ऋग्यजु: साममंत्राय कनिष्ठिकाभ्यां वौषट् (यह मंत्र पढ़कर कनिष्ठिकाओं को अंगूठे से मिलाएं)। ॐ हौं ॐ जूँ स: भूर्भुव: स्व: मामृतात्, ॐ नमो भगवते रुद्राय अग्नित्रयाय ज्वल-ज्वल मां रक्ष रक्ष अधोरास्त्राय, करतलकर पृष्ठाभ्यां फट् (यह मंत्र पढ़कर हथेलियों के पिछले भाग को परस्पर रगड़ें)।

अंग न्यास – ॐ हौं ॐ जूँ स: भूर्भुव: स्व: त्र्यम्बकं, ॐ नमो भगवते रुद्राय शूलपाणये स्वाहा ह्रदयाय नम: (दाईं पांच अंगुलियों से ह्रदय का स्पर्श करें)। ॐ हौं ॐ जूँ स: भूर्भुव: स्व: यजामहे, ॐ नमो भगवते अमृत मूर्तये मां जीवाय, शिर से स्वाहा (सिर का स्पर्श करें)। ॐ हौं ॐ जूँ स: भूर्भुव: स्व: सुगन्धि पुष्टिवर्धनम्, ॐ नमो भगवते रुद्राय चन्द्र शिरसे जटिने स्वाहा, शिखायै वषट् (शिखा स्पर्श)। ॐ हौं ॐ जूँ स: भूर्भुव: स्व: उर्वारुकमिव बंधनात्, ॐ नमो भगवते रुद्राय त्रिपुरांतकाय ह्रां ह्रीं,कबचाय हुँ (दाएं हाथ से बायां कंधा तथा बाएं हाथ से दाएं कंधे का स्पर्श करें)। ॐ हौं ॐ जूँ स: भूर्भुव: स्व: मृत्योर्मुक्षीय, ॐ नमो भगवते रुद्राय त्रिलोचनाय ऋग्यजु: साममंत्राय नेत्रत्रणाय वौषट् (तर्जनी तथा अनामिका से दोनों आंखों का स्पर्श करें)। ॐ हौं ॐ जूँ स: भूर्भुव: स्व: मामृतात्, ॐ नमो भगवते रुद्राय अग्नित्रयाय ज्वल-ज्वल मां रक्ष रक्ष अधोरास्त्राय, करतलकर अस्त्राय फट् (दाएं हाथ की तर्जनी और मध्यमा को सिर पर से घुमाकर बाएं हथेली पर मारकर ध्वनि करें)। तत्पश्चात महादेव का ध्यान करें।

ध्यान – शिव पुराण में ध्यान मंत्र इस प्रकार है – चन्द्रार्काग्नि विलोचनं स्मितमुखं पद्मद्वयान्त: स्थितम्। मुद्रा पाश मृगाक्ष सूत्र विलसत्पाणिं हिमांशु प्रभम्॥ कोटीरेन्दुगलत्सुधा स्नुततनुं हारादि भूषोज्वलम्। कान्त्या विश्वविमोहनं पशुपतिं मृत्युंजयं भावयेत्॥

मानसपूजा एवं जप – ध्यान के पश्चात् शिवजी का मानसपूजन कर महामृत्युंजय मंत्र का संकल्प की संख्या में रुद्राक्ष की माला से संपुट सहित जाप करना चाहिये। संकल्पित जप का दशांश हवन और हवन का दशांश तर्पण और तर्पण का दशांश मार्जन, का दशांश ब्राह्मण भोजन के बाद आरती, पुष्पांजलि एवं इष्टदेव से क्षमा प्रार्थना करनी चाहिये। इस प्रकार विसर्जन के पश्चात् अनुष्ठान पूर्ण हो जाता है।

॥ मूल नक्षत्रों के वेदोक्त मन्त्र॥

अश्विनीमंत्र –ॐ अश्विनीभैंषज्येनतेजसे बृम्हवर्चसायाभिषिञ्चामि सरस्वत्यैभैषज्यन वार्यान्नाद्याय अभिषिञ्चीमिन्द्रिस्येन्द्रियेण वलायश्रियै यशसेऽभिषिश्चामि।

अश्लेषा मंत्र – ॐ नमोस्तुसर्पेभ्योयेकेच पृथ्वीमनु ये अन्तरिक्षे ये दिवितेभ्य: सर्पेभ्योनम:।

मघा मंत्र – ॐ पितृभ्य: स्वाधायिभ्य: स्वधानम: पितामहेभ्य: स्वधायिभ्य: स्वधानम: प्रपितामहेभ्य: स्वधायिभ्य: स्वधा नम: अक्षन्नपितरोमीमदन्त पितरोक्तीतृप्यन्त पितर: पितर: शुन्धद्ध्वम्।

ज्येष्ठा मंत्र – ॐ सजोषा इन्द्रसगणोमरूद्भि: सोममपिववृत्रहाशूरविद्वान्जहि शत्रुं रपमृधोनुदश्वाथा भयं कृणुहिविश्वतोन:।

मूल मंत्र – ॐ एषतेनिऋते भागरतांजुषस्व स्वाहार्कग्नित्रेभ्यो: देवेभ्यो: पर: सद्भ्य: स्वाहा, यमनेत्रेभ्यो दक्षिणासद्भ्य: स्वाहा, विश्वदेव नेत्रेभ्योदेवेभ्य: पश्चात्सद्भ्य: स्वाहा, मित्रावरूण नेत्रेभ्यो वामनेत्रेभ्योवा देवेभ्यक्उत्तरासदभ्य: स्वाहा:, सोमनेत्रेभ्यो उपरिसद्भ्योदुखद्भ्य: स्वाहा। अथवा – ॐ उपाधम किल्विषमयकृत्या मनयोग्य: अपामार्गवमस्मदपयु: स्वप्न् सुव।

रेवती मंत्र – ॐ पूषन्तव्रतेजयननरिष्येमकदाचन स्तोतारस्तइहस्मसि।

॥ पंचक नक्षत्रों के वेदोक्त मन्त्र॥

धनिष्ठा मंत्र –ॐ वसो: पवित्रमसिशतधारं वसो: पवित्रमसि सहस्त्रधारं देवस्त्वा सवितपुनातु वसो: पवित्रेण शतधारेण सुत्वा कामधुक्ष:।

शतभिषा –ॐ वरूणस्योत्तम्भन मसिव्वरूण स्यस्यस्कम्भ सर्जनीस्थो वरूणस्य कऋत् सदन्नयसिवरूणस्यऋ सदन्नमसिव्वरूणस्यऽऋ तसदनमासीद।

पूर्वभाद्रपद – ॐ उतनोहिर्ब्बुध्न्य: श्रृणोत्वज एक पात् पृथिवि समुद्र: व्विश्वेदेवोऽऋता बृधोहुवाना स्तुता मंत्रा: कविशस्ताक्अवंतु:।

उ. भाद्रपद–ॐ शिवोनामासिस्वधितिस्ते पिता नमस्ते अस्तु मा माहिँसी: निवर्त्तयाम्यायुषेन्नाद्यायप्रजननाय रायस्पोषायसुप्रजा: –त्वायसुवीर्याय।

रेवती मंत्र – ॐ पूषन्तवब्रतेब्व्रते व्वयन्नरिस्येन कदाचन स्तोता रस्तइहस्मसि।

ग्रह	दान पदार्थ	दान समय	औषधि स्नान
सूर्य	कनक, माणिक्य, तांवा, सोना, लाल गाय, गुड़, घी, कमल, लाल वस्त्र, लाल चंदन, मूंगा, केशर।	सूर्योदय	कनेर पुष्प, केशर, खसखस, इलायच
चन्द्र	चावल, मोती, चांदी, सोना, श्वेत बैल, मिश्री, दही, श्वेतपुष्प, श्वेत वस्त्र, श्वेत चंदन, शंख, कपूर।	संध्या	पंचगव्य, गोदुग्ध, गोबर, गंगाजल, श्वेत चंदन, गोमूत्र।
मंगल	मसूर, मूंगा, तांवा, सोना, लाल बैल, गुड, घी, लाल कनेर, लाल वस्त्र, लाल चंदन, केशर, कस्तूरी।	सू.उ. से सवा २ घडी	जटामासी, मौलश्री, विल्व छाल, लाल पुष्प, सिंगरफ।
बुध	मूंग, पन्ना, कांस्य, सोना, शस्त्र, शक्कर, घी, हरा वस्त्र, अनेक फल, हाथीदांत, कपूर।	सू.उ. से पांच घडी	गोवर, अक्षत, मोती, शहद, जायफल,पीपरामूल, गंगाजल।
गुरु	पीला अनाज, पुखराज, सोना, अश्व, लवण, घी, पीले पुष्प, पीत वस्त्र, पीला फल, धर्म ग्रंथ।	संध्या	चमेली पुष्प, श्वेत सरसों, गूलर, मुलहटी, गंगाजल।
शुक्र	चावल, हीरा, चांदी, सोना, श्वेत घोड़ा, मिश्री, श्वेत पुष्प, दूध, श्वेत वस्त्र, श्वेत चंदन, दही, सुगंधित द्रव्य।	सूर्योदय	पीपरामूल, जायफल, केशर, मूली बीज, मैनशिला, श्वेत चंदन, गंगाजल
शनि	उड़द, नीलम, लोहा, सोना, कालीगाय, कुलथी, तैल, कालेपुष्प, काला वस्त्र, काले जूते, भैंस, कस्तूरी।	रात्रि	काले तिल, सुरमा, लोबान, सौंफ, खसखस।
राहु	सप्त धान्य, गोमेद, सीसा, सोना, कालाघोड़ा, ताम्रपात्र, तैल, नीलपुष्प, नीलवस्त्र, नारियल, कंबल, खड्ग।	रात्रि	लोबान, तारपीन, कस्तूरी, गजदंत, गंगाजल।
केतु	सप्त धान्य, लहसुनिया, लोहा, सोना, बकरा, तेल, धूम्र वस्त्र, नारियल, कंबल, कस्तूरी।	रात्रि	लोवान, तारपीन, तिल के पत्ते, गजदंत, लाल चंदन, गंगाजल।

आहुति ग्रह मुख

एक वर्ष में सूर्य का सत्ताईस नक्षत्रों में संक्रमण एक निश्चित तारीख को होता है। अत: सूर्य किस तारीख से किस तारीख तक किस नक्षत्र में रहता है, यह नीचे लिखे चक्र से स्पष्ट है। नक्षत्र संक्रमण के दिन पंचांग में संक्रमण काल देखकर सूर्य नक्षत्र का निर्धारण करना चाहिये। बीच की तारीखों में चक्र में लिखा रवि नक्षत्र निसन्देह है। पंचांग में प्रतिदिन जो नक्षत्र लिखा रहता है वह चन्द्रमा का नक्षत्र होता है। हवन के समय सूर्य एवं चन्द्र नक्षत्र निर्धारण होने पर सूर्य नक्षत्र से हवन दिन के नक्षत्र तक गिनने पर तीन-तीन नक्षत्रों में क्रमश: सूर्य, बुध, शुक्र, शनि, चन्द्र, मंगल, गुरु, राहु, केतु के मुख में आहुति होती है। शुभ ग्रह बुध, शुक्र, चन्द्र, गुरु के मुख में आहुति शुभ होती है उस दिन हवन से शुभफल की प्राप्ती होती है। परन्तु क्रूर ग्रह शनि, सूर्य, मंगल, राहु या केतु के मुख में आहुति अशुभ होती है। नीचे लिखे चक्र की आडी पंक्ति में हवन के दिन का नक्षत्र एवं खडी पंक्ति में अंग्रेजी तारीख के अनुसार विद्यमान सूर्य नक्षत्र लिखे हैं। विवाह गुण मिलान की तरह ही इस सारणी से आहुति ग्रह मुख जानने में गणना करने की आवश्यकता नहीं होगी।

हवन दिनांक	रवि नक्षत्र ↓	चन्द्र नक्षत्र ➡												आहुति हेतु ग्रह मुख चक्र														
		अशि	भर	कृति	रोहि	मृग.	आर्द्रा	पुन.	पुष्य	आश	मघा	पू.फा	उ.फा	हस्त	चित्रा	स्वा	विशा	अनु.	ज्ये	मूल	पू.षा	उ.षा	श्रव	धनि	शत.	पू.भा	उ.भा	रेव
११ जनवरी से २४ जन.	अश्विनी	सू	सू	सू	बु	बु	बु	शु	शु	शु	श	श	श	चं	चं	चं	मं	मं	मं	गु	गु	गु	रा	रा	रा	के	के	के
२४ जन. से ६ फरवरी.	भरणी	के	सू	सू	सू	बु	बु	बु	शु	शु	शु	श	श	श	चं	चं	चं	मं	मं	मं	गु	गु	गु	रा	रा	रा	के	के
६ फरवरी से १९ फर.	कृतिका	के	के	सू	सू	सू	बु	बु	बु	शु	शु	शु	श	श	श	चं	चं	चं	मं	मं	मं	गु	गु	गु	रा	रा	रा	के
१९ फरवरी से ४ मार्च	रोहिणी	के	के	के	सू	सू	सू	बु	बु	बु	शु	शु	शु	श	श	श	चं	चं	चं	मं	मं	मं	गु	गु	गु	रा	रा	रा
४ मार्च से १७ मार्च	मृगशिर	रा	के	के	के	सू	सू	सू	बु	बु	बु	शु	शु	शु	श	श	श	चं	चं	चं	मं	मं	मं	गु	गु	गु	रा	रा
१७ मार्च से ३१ मार्च	आर्द्रा	रा	रा	के	के	के	सू	सू	सू	बु	बु	बु	शु	शु	शु	श	श	श	चं	चं	चं	मं	मं	मं	गु	गु	गु	रा
३१ मार्च से १४ अप्रैल	पुनवसु	रा	रा	रा	के	के	के	सू	सू	सू	बु	बु	बु	शु	शु	शु	श	श	श	चं	चं	चं	मं	मं	मं	गु	गु	गु
१४ अप्रैल से २७ अप्रैल	पुष्य	गु	रा	रा	रा	के	के	के	सू	सू	सू	बु	बु	बु	शु	शु	शु	श	श	श	चं	चं	चं	मं	मं	मं	गु	गु
२७ अप्रैल से ११ मई	आश्लेषा	गु	गु	रा	रा	रा	के	के	के	सू	सू	सू	बु	बु	बु	शु	शु	शु	श	श	श	चं	चं	चं	मं	मं	मं	गु
११ मई से २५ मई	मघा	गु	गु	गु	रा	रा	रा	के	के	के	सू	सू	सू	बु	बु	बु	शु	शु	शु	श	श	श	चं	चं	चं	मं	मं	मं
२५ मई से ८ जून	पू.फा.	मं	गु	गु	गु	रा	रा	रा	के	के	के	सू	सू	सू	बु	बु	बु	शु	शु	शु	श	श	श	चं	चं	चं	मं	मं
८ जून से २२ जून	उ.फा.	मं	मं	गु	गु	गु	रा	रा	रा	के	के	के	सू	सू	सू	बु	बु	बु	शु	शु	शु	श	श	श	चं	चं	चं	मं
२२ जून से ६ जुलाई	हस्त	मं	मं	मं	गु	गु	गु	रा	रा	रा	के	के	के	सू	सू	सू	बु	बु	बु	शु	शु	शु	श	श	श	चं	चं	चं
६ जुलाई से २० जुलाई	चित्रा	चं	मं	मं	मं	गु	गु	गु	रा	रा	रा	के	के	के	सू	सू	सू	बु	बु	बु	शु	शु	शु	श	श	श	चं	चं
२० जुलाई से ३ अगस्त	स्वाति	चं	चं	मं	मं	मं	गु	गु	गु	रा	रा	रा	के	के	के	सू	सू	सू	बु	बु	बु	शु	शु	शु	श	श	श	चं
३ अगस्त से १७ अगस्त	विशाखा	चं	चं	चं	मं	मं	मं	गु	गु	गु	रा	रा	रा	के	के	के	सू	सू	सू	बु	बु	बु	शु	शु	शु	श	श	श
१७ अगस्त से ३१ अग.	अनुराधा	श	चं	चं	चं	मं	मं	मं	गु	गु	गु	रा	रा	रा	के	के	के	सू	सू	सू	बु	बु	बु	शु	शु	शु	श	श
३१ अगस्त से १३ सित.	ज्येष्ठा	श	श	चं	चं	चं	मं	मं	मं	गु	गु	गु	रा	रा	रा	के	के	के	सू	सू	सू	बु	बु	बु	शु	शु	शु	श
१३ सितम्बर से २७ सि.	मूल	श	श	श	चं	चं	चं	मं	मं	मं	गु	गु	गु	रा	रा	रा	के	के	के	सू	सू	सू	बु	बु	बु	शु	शु	शु
२७ सितम्बर से ११ अक्टू	पूर्वाषाढ़	शु	श	श	श	चं	चं	चं	मं	मं	मं	गु	गु	गु	रा	रा	रा	के	के	के	सू	सू	सू	बु	बु	बु	शु	शु
११ अक्टूबर से २४ अक्टू	उाराषाढ़	शु	शु	श	श	श	चं	चं	चं	मं	मं	मं	गु	गु	गु	रा	रा	रा	के	के	के	सू	सू	सू	बु	बु	बु	शु
२४ अक्टू. से ६ नवम्बर	श्रवण	शु	शु	शु	श	श	श	चं	चं	चं	मं	मं	मं	गु	गु	गु	रा	रा	रा	के	के	के	सू	सू	सू	बु	बु	बु
६ नवम्बर से २० नवम्बर	धनिष्ठा	बु	शु	शु	शु	श	श	श	चं	चं	चं	मं	मं	मं	गु	गु	गु	रा	रा	रा	के	के	के	सू	सू	सू	बु	बु
२० नवम्बर से ३ दिसम्बर	शत.	बु	बु	शु	शु	शु	श	श	श	चं	चं	चं	मं	मं	मं	गु	गु	गु	रा	रा	रा	के	के	के	सू	सू	सू	बु
३ दिसम्बर से १६ दिस.	पू.भा.	बु	बु	बु	शु	शु	शु	श	श	श	चं	चं	चं	मं	मं	मं	गु	गु	गु	रा	रा	रा	के	के	के	सू	सू	सू
१६ दिसम्बर से २९ दिस.	उ.भा.	सू	बु	बु	बु	शु	शु	शु	श	श	श	चं	चं	चं	मं	मं	मं	गु	गु	गु	रा	रा	रा	के	के	के	सू	सू
२९ दिसम्बर से ११ जन.14 ¥AynU ãò 27¥AynU	रेवती	सू	सू	बु	बु	बु	शु	शु	शु	श	श	श	चं	चं	चं	मं	मं	मं	गु	गु	गु	रा	रा	रा	के	के	के	सू

अग्निहोत्र मुहूर्त

सूर्य उत्तरायन हों, शुक्र, गुरु, मंगल और चन्द्रमा शत्रु ग्रही, नीच, अस्त या अन्य ग्रह से पराजित न हो। तिथि :- रिक्ता छोडक़र समस्त तिथियां शुभ हैं। नक्षत्र :- कृतिका, रोहिणी मृगशिरा, पुष्य, उ.फाल्गुनी, विशाखा, ज्येष्ठा, उ.भा., उ.षा. शुभ हैं। लग्न :- कर्क, मकर, कुंभ, मीन, इन राशियों के लग्न या नवांश में या जिस राशि में चन्द्रमा हो उस लग्न में अग्न्याधान नहीं करना चाहिये। अन्य लग्न जिसमें सूर्य, चंद्र, मंगल,गुरु ये केन्द्र त्रिकोण में हों, या धनु का गुरु या मेष का मंगल लग्न में हो, या मंगल सातवें या दशम में हो , सूर्य या चंद्रमा ३, ६, ११ हो तो याज्ञिक योग होने से अग्न्याधान शुभ होता है।

अग्निवास चक्र

जिस दिन होम करना हो उस दिन यदि शुक्ल पक्ष हो तो तिथि को यथावत् लें और यदि कृष्णपक्ष हो तो तिथि में १५ जोडक़र एक जगह लिख लें। रविवार से लेकर उस दिन के वार तक गिनें। वार संख्या में तिथि संख्या जोडकर योगफल में १ और जोड लें। अब इस योगफल में ४ का भाग देवें। यदि भागफल शून्य या तीन बचे तो अग्निवास पृथ्वी पर होने से शुभ होता है। यदि भागफल एक वचे तो अग्निवास आकाश में व दो बचने पर पाताल में होता है। आकाश एवं पाताल में अग्निवास होने पर हवन नहीं करना चाहिये।

प्रस्तुत अग्निवास चक्र में हवन के दिन जो वार हो उसके नीचे, पक्ष की तिथि के सामने मिलान करने पर बिना गणित किये अग्निवास ज्ञात हो जाता है। जब अग्निवास भूमि पर हो तभी हवन करना चाहिये। दैनिक होम एवं नवरात्रि में देवी हवन में अग्निवास का विचार करने की आवश्यकता नहीं होती है।

तिथि		वार						
शुक्ल	कृष्ण	रवि	चंद्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
1	2	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश
2	3	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल
3,	4	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी
4	1, 5	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी
5	6	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश
6	7	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल
7	8	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी
8	9	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी
9	10	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश
10	11	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल
11	12	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी
12	13	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी
13	14	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश
14	30	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल
15	X	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी

शिववास

तिथिं च द्विगुणी कृत्य पंचभिश्च समन्वितम्। सप्तभितु हरीभ्दिगं शेषं शिववास उच्चयते॥ एके कैलाश वासं च द्वितीये गौरि सन्निधौ। तृतीये वृषभारूढं चतुर्थे च सभा स्थित:॥ पंचमे भोजने चैव क्रीड़ायां तु षष्ठमे। शुन्ये श्मशाने चैव शिव वासं च योजयेत्॥ भावार्थ- शुक्ल प्रतिपदा से तिथि संख्या गिनकर दो का गुणा कर उसमें पांच जोडक़र सात का भाग देने पर यदि शून्य शेष हो तो श्मशान, १ शेष बचे तो कैलाश, २ शेष तो गौरी के समीप, ३ शेष तो वृषारूढ़, ४ शेष में सभा में, ५ शेष में भोजन और ६ शेष हो तो शिव वास क्रीड़ा रत होता है।

शुक्ल	कृष्ण	शिव वास	फल
1	X	श्मशान	मृत्युतुल्य(अशुभ)
2	1,30	गौरी के समीप	सुख-संपदा प्रद
3	2	सभा में	संताप कारक
4	3	क्रीड़ा रत	कष्ट कारक
5	4	कैलाश पर	सुख-लाभ
6	5	वृषारूढ़	अभीष्ट सिद्धि
7	6	भोजनावस्था	पीड़ा कारक
8	7	श्मशान	मृत्युतुल्य(अशुभ)
9	8	गौरी के समीप	सुख-संपदा प्रद
10	9	सभा में	संतापकारक
11	10	क्रीड़ा रत	कष्टकारक
12	11	कैलाश पर	सुख-लाभ
13	12	वृषारूढ़	अभीष्ट सिद्धि
14	13	भोजनावस्था	पीड़ा कारक
15	14	श्मशान	मृत्युतुल्य(अशुभ)

कालहोरा मुहूर्त्त चक्र

जिस दिन होरा देखना हो उस दिन सूर्योदय से एक घंटे तक उस वार की पहली होरा होती है। तत्पश्चात दूसरी तीसरी इत्यादि होरा किस ग्रह की है यह इस सारणी से देखें। जैसे बुधवार के दिन पहली होरा बुध की, दूसरी चन्द्र व तीसरी शनि की, इस क्रम से एक-एक घंटे की होरा होती है।

ग्रह	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४
रवि	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.
सोम	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.
मंग	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.
बुध	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.
गुरु	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.
शुक्र	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.
शनि	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.

कालहोरा में प्रशस्त कार्य – यस्य ग्रहस्य वारेषु कर्मकिंचितप्रकीर्तितम्,तस्य ग्रहस्य होरायां सर्व कर्म विधीयते। ज्योतिष शास्त्रों में जिस ग्रह के वार में जो कार्य करने हेतु आदेशित किया गया है, वह कर्म उस ग्रह की होरा में किसी भी वार को किया जा सकता है। अत: सूर्य की होरा में यात्रा, मंत्र, अस्त्र, नौकरी, वाद-विवाद, औषधि सेवन, शस्त्र खरीद विक्रय, पदग्रहण, पशुक्रय, स्वर्ण सम्बन्धी कार्य शुभ है। चन्द्र की होरा में वागवानी एवं कृषि कार्य, नवीन वस्त्राभूषण, औषधि क्रय विक्रय, यात्रा, जलकार्य, मोती, चांदी कार्य एवं पशुपालन शुभ हैं। मंगल की होरा में अग्नि संवंधित कार्य, युद्ध, वाद विवाद, ऋण देना, सोना, जासूसी कार्यारम्भ शुभ हैं। बुध की होरा में दीक्षा, विद्यारम्भ, सेवा, अकाउंटस्, कला, व्यापार प्रारम्भ, निर्माण कार्य, ग्रह प्रवेश शुभ हैं। गुरु की होरा में शिक्षारम्भ,यज्ञ, ग्रह शान्ति, पदग्रहण, औषधिपान, वस्त्राभूषण धारण, शपथग्रहण, विज्ञान की शिक्षा, मांगलिक कार्य शुभ हैं। शुक्र की होरा में मित्रता, कला कार्य, गायन, नूतन वस्त्राभूषण, भूमि कृय-विकृय, खेती कार्य शुभ हैं। शनि की होरा में ग्रह प्रवेश, वाहनक्रय, दीक्षा, मशीनरी कार्यारम्भ, स्थिर कार्य,सर्विस नियुक्ति शुभ हैं।

दिन का दोघड़िया

दिन समय	मुहूर्त्तपति	अधीन नक्षत्र	दिन के दोघड़िया मुहूर्त्तों में प्रसस्त कार्य
६.०० से ६.४८	शिव	आर्द्रा	शनिवार को त्यागकर। युद्ध, बन्धन, छेदन, मारण, बिष, सन्धि, अग्निकार्य, विद्यादि,क्रूर एवं उच्चाटन कार्य।
६.४८ से ७.३६	सर्प	आश्लेष	शनिवार को त्यागकर। अन्य सभी वारों को- शत्रुनाश, व्यापार, साहस, बिष, सर्प, चोरी एवं कपट कार्य।
७.३६ से ८.२४	मित्र	अनुराधा	प्रतिदिन- विवाह, उपनयन, यात्रा, वाहन, वस्त्र, चर, स्थिर समस्त शुभ कार्य।
८.२४ से ९.१२	पितृ	मघा	मंगल शुक्र को त्यागकर। पैत्रिक कार्य, वृक्षारोपण, वीज वोवनी, तालाव, कुआ, नलकूप, विवाह, युद्ध एवं साहसिक कार्य
९.१२ से १०.००	वसु	धनिष्ठा	प्रतिदिन- मुण्डन, उपनयन, युद्ध, वाहन, गृहनिर्माण, वागवानी एवं आभूषण कार्य।
१०.०० से १०.४८	जल	पूर्वाषाढ	गुरुवार को त्यागकर। कुआ, नलकूप, खेती, विग्रह, बन्धनमुक्ति, कठिनकार्य एवं लकड़ी काटनें का कार्य।
१०.४८ से ११.३६	विश्वदेव	उत्तराषाढ,	प्रतिदिन- देवस्थापना, गृहनिर्माण, पौष्टिक कार्य, शिल्पकर्म, मांगलिककार्य, उपनयन, कलाकार्य, शान्तिकर्म।
११.३६ से १२.२४	अभिजित्	अभिजित्	बुधवार को छोडकर अन्य वारों में समस्त शुभ कार्य। दक्षिण दिशा की यात्रा सर्वत्र निषेध है।
१२.२४ से १.१२	ब्रम्हा	रोहि.अभि.	सोम शुक्र को त्यागकर। पौष्टिक कार्य, विवाह, धन संचय, मन्दिर निर्माण, देव कृत्य, आभूषण एवं मांगलिक कार्य
१.१२ से २.००	इन्द्र	ज्येष्ठा	प्रतिदिन- शत्रु नाशन, भेद (जासूसी), प्रहार, लोहा कार्य, शिल्पकला, अर्क सुगन्धित तेल वनाना।
२.०० से २.४८	इन्द्राग्नि	विशाखा	प्रतिदिन- पदार्थ संग्रह, आभूषण, कारीगरी, चित्रकारी, कला, प्रहार वाहन एवं औषधि सेवन।
२.४८ से ३.३६	राक्षस	मूल	सोम गुरुको त्यागकर। वागवानी, युद्ध, सन्धि, विग्रह, कुआ, नलकूप, तालाव एवं कृषि सम्बन्धी समस्त कार्य।
३.३६ से ४.२४	वरूण	शतभिषा	प्रतिदिन- जल-थल वाहन, रत्न धारण, वास्तुपूजन, युद्ध एवं शस्त्र सम्बन्धी कार्य।
४.२४ से ५.१२	अर्यमा	उ.फा.	रविवार को त्यागकर अन्य सभी वारों को विवाह, यज्ञोपवीत, आभूषण, गृहारम्भ एवं गृहप्रवेश कार्य।
५.१२ से ६.००	भग	पू.फा.	प्रतिदिन-बन्धन, कठिनकार्य, क्रूरकार्य, शिल्पकला, कपटता, युद्ध एवं चित्रकारी।

रात का दोघड़िया

रात्रि समय	मुहूर्त्तपति	अधीन नक्षत्र	रात के दोघड़िया मुहूर्त्तों में प्रसस्त कार्य
६.०० से ६.४८	शिव	आर्द्रा,	शनिवार को त्यागकर- युद्ध, बन्धन, छेदन, मारण, बिष, सन्धि, अग्निकार्य, विद्यादि,क्रूर एवं उच्चाटन कार्य।
६.४८ से ७.३६	अजपाद्	पू.भा.	प्रतिदिन- शिल्पकला, साहसिक कार्य, काटना खेती, पशु विक्रय, जलयन्त्र कार्य।
७.३६ से ८.२४	अहिर्बुध्न्य	उ.भा.	प्रतिदिन- विवाह, यज्ञोपवीत, देव प्रतिष्ठा, गृह, वास्तु, अभिषेक।
८.२४ से ९.१२	पूषा	रेवती	प्रतिदिन- गृहप्रवेश, देव मन्दिर, आभूषण, विवाह, यज्ञोपवीत, जल व स्थल सम्बन्धी समस्त कार्य।
९.१२ से १०.००	अश्विनीकुमार	अश्विनी	प्रतिदिन- यात्रा, औषधि सेवन, आभूषण, विद्यारम्भ, चित्रकारी, कला, विवाह से सम्बन्धित कार्य, मांगलिककार्य
१०.०० से १०.४८	यम	भरणी	प्रतिदिन- साहसिक एवं क्रूर कार्य, शत्रुनाश, बिष, बन्धन, कुआ नलकूप, कृषि कार्य एवं अग्नि सम्बन्धी कार्य।
१०.४८ से ११.३६	अग्नि	कृतिका	मंगलवार को त्यागकर- सभा, साहस, अग्नि ग्रहण, शत्रुनाश, विवाद, लोहा एवं मणि सम्बन्धी कार्य।
११.३६ से १२.२४	ब्रम्हा	रोहि.अभि	सोम शुक्र को त्यागकर। पौष्टिक कार्य, विवाह, धनसंचय, मन्दिरनिर्माण, देवकृत्य, आभूषण एवं मांगलिक कार्य।
१२.२४ से १.१२	चन्द्रमा	मृगशिरा	प्रतिदिन- विवाह, यज्ञोपवीत, यात्रा, देव प्रतिष्ठा, वास्तु कार्य एवं कृषि कार्य।
१.१२ से २.००	अदिति	पुनर्वसु	प्रतिदिन- शान्ति अनुष्ठान, पुष्टता, यात्रा, आभूषण, गृह, व्रतादि, वाहन, कृषि, विद्यारम्भ।
२.०० से २.४८	गुरु	पुष्य	प्रतिदिन- चर, स्थिर, शान्ति पुष्टता, विवाह को छोडकर अन्य उत्सव कार्य।
२.४८ से ३.३६	विष्णु	श्रवण	प्रतिदिन- देव प्रतिष्ठा, गृह वास्तु, पुष्टता, कारीगरी, मांगलिक कार्य, यज्ञोपवीत, चित्र एवं शान्ति अनुष्ठान।
३.३६ से ४.२४	सूर्य	हस्त	प्रतिदिन- यात्रा, विद्याारम्भ, विवाहादि, अलंकार, वस्त्र, औषधि, गृहारम्भ, देव प्रतिष्ठा।
४.२४ से ५.१२	विश्वकर्मा	चित्रा	प्रतिदिन-शान्ति अनुष्ठान, गृह वास्तु, अलंकार, वस्त्र, यज्ञोपवीत, स्थिर , कृषि कार्य।
५.१२ से ६.००	वायु	स्वाती	प्रतिदिन-देवालय, मांगलिक कार्य, वस्त्र अलंकार, वीज वोवनी, युद्ध एवं शस्त्र सम्बन्धी कार्य।

दोघड़िया मुहूर्त्त – दिनमान या रात्रिमान का पन्द्रहवां भाग एक मुहूर्त होता है। दिन-रात में कुल ३० मुहूर्त होते हैं। यदि दिन और रात समान हो तो दो घटी [मुहूर्त्ते घटिका द्वयम्, या आधुनिक ४८ मिनट] का एक मुहूर्त्त होता है। अपने स्थान के सूर्योदय, दिनमान एवं रात्रिमान के अनुसार इन मुहूर्त्तो का समय ज्ञात कर उपयोग करना चाहिए। इन मुहूर्त्तो के जो स्वामी होते हैं, उनके अधीन नक्षत्रों में जो-जो कार्य मुहूर्त्त शास्त्रों में कहे गये हैं, वे समस्त कार्य नक्षत्र स्वामी के मुहूर्त्त समय में किये जा सकते हैं। इस सम्बन्ध में विभिन्न मुहूर्त्त शास्त्रों के वचन इस प्रकार हैं। (१) कर्मेषु भोक्तं स्मृतम् (मुहूर्त्तमार्त्तण्ड)। (२) कर्मेषु भोक्तं स्मृतम् एषु मुहूर्त्तेषु भोक्तं नक्षत्रोक्तं कर्म स्मृतम् मुनीन्द्रैरित्यध्याहार: (मुहूर्त्तमार्त्तण्ड रचनाकार द्वारा स्वयं की गई मार्त्तण्डवल्लभा टीका)। (३) वारे प्रोक्तं कालहोरासुतस्य धिष्णे प्रोक्तं स्वामितिथ्यंशकेऽस्य (मुहूर्त्तचिन्तामणि)। (४) दिनस्य य: पंचदशो विभागो रात्रेस्तथा तद्धि मुहूर्त्तनाम्। नक्षत्रनाथप्रमिते मुहूर्त्ते मौहूर्त्तिकास्तत्समकर्ममाहु: (श्रीपति कृत रत्नसार)। (५) नाक्षत्रनामतुल्येऽस्मिन् कार्यं कुर्यात् स्वभोदितम्। दिनमध्येऽभिजित् संज्ञे दोषसंघेषु सत्स्वपि (मुहूर्त्त गणपति)। इस प्रकार अधिकांश मुहूर्त्त शास्त्रों ने किसी नक्षत्र में प्रशस्त समस्त कार्यों को; उस नक्षत्र के स्वामी के मुहूर्त्त समय में प्रसन्नता पूर्वक सम्पन्न करने की अज्ञा दी है।

वार या नक्षत्र संज्ञा के अनुसार प्रसस्त कार्य

संज्ञा	वार	नक्षत्र	प्रसस्त कार्य
ध्रुव	रविवार	तीनों उत्तरा, रोहिणी	गृहारम्भ, बीज बोना, ग्रहशान्ति, बागवानी, अनुबन्ध, मित्रता, बस्त्र-आभूषण बनाना या पहनना, खेल।
चर	सोमवार	स्वाती, पुनर्वशु, श्रवण धनिष्ठा, शतभिषा,	सवारी करना, यात्रा, फूल वागान लगाना, दुकान प्रारम्भ, रति, अध्ययन, आभूषण, कला सीखना
उग्र	मंगलवार	तीनों पूर्वा, भरणी, मघा	घात, अग्निकार्य, जहर आदि का प्रयोग, शस्त्र निर्माण
मिश्र	बुधवार	विशाखा एवं कृतिका	अग्निकार्य, अन्य नक्षत्रों में कहे गये कार्य, वृषोत्सर्ग
क्षिप्र	गुरुवार	अश्विनी, पुष्य, हस्त	दुकान प्रारम्भ, रति, अध्ययन, आभूषण, कला।
मृदु	शुक्रवार	मृग., अनु., चित्रा, रेवती	संगीत सीखना गाना, बस्त्र पहनना,अनुबन्ध, मित्रता।
तीक्ष्ण	शनिवार	मूल, ज्ये., आर्द्रा, आश्ले.	अभिचार, अस्त्र बनाना, घात, उग्र कार्य, पशु शिक्षा

राहुकाल

वार	समय
रवि	सायं ४.३० से ६
चन्द्र	प्रात: ७.३० से ९
मंगल	दोपहर ३ से ४.३०
बुध	दोपहर १२ से १.३०
गुरु	दोपहर १.३० से ३
शुक्र	दिन १०.३० से १२
शनि	प्रात: ९ से १०.३०

कुलिकादि वारदोष समय बोधक चक्र

कुलिक, कालवेला, कण्टक एवं यमघण्ट ये चार वारदोष होते हैं। जैसे रविवार में छटवां मुहूर्त्त मध्यम मान से १०.०० से १०.४८ तक कण्टक दोष युक्त होता है। जो कि नीचे खि चक्र में रविवार के नीचे एवं षष्ट मुहूर्त्त के सामने स्पष्ट है। मुहूर्त्त समय दिनमान ३० घटी एवं सूर्योदय ६.०० वजे मानकर मध्यम काल में दिया गया है। स्पष्ट समय जानने के लिए दिनमान में पन्द्रह का भाग देकर एक मुहूर्त्त काल निकालकर क्रमश: जोडने पर प्रथम द्वितीय मुहूर्त्त समय निकालकर कुलिकादि का दोष समय जानना चाहिए।

मुहूर्त्त संख्या	मुहूर्त्त समय दिन या रात्रि में	रविवार	सोमवार	मंगल	बुधवार	गुरुवार	शुक्रवार	शनिवार
द्वितीय	६.४८ से ७.३६			कण्टक	कालवेला	यमघण्ट		कुलिक
चतुर्थ	८.२४ से ९.१२		कण्टक	कालवेला	यमघण्ट		कुलिक	
षष्ठ	१०.०० से १०.४८	कण्टक	कालवेला	यमघण्ट		कुलिक		
अष्टम	११.३६ से १२.२४	कालवेला	यमघण्ट		कुलिक			कण्टक
दशम	१.१२ से २.००	यमघण्ट		कुलिक			कण्टक	कालवेला
द्वादश	२.४८ से ३.३६		कुलिक			कण्टक	कालवेला	यमघण्ट
चतुर्दश	४.२४ से ५.१२	कुलिक			कण्टक	कालवेला	यमघण्ट	

वास्तुदेव परिचय


भवन एवं उसमें रहने वाले मनुष्यों की रक्षा करने वाले देवता वास्तु पुरु ष हैं। वास्तुपुरु ष वेदोक्त देव हैं। ऋ ग्वेद के सातवें मंडल के ५४ वें सूक्त में वास्तोष्पतिदेव कहा गया है एवं उनकी स्तुति की गई है। इनका मस्तक ईशान्य में एवं पैर नैऋ त्य में रहते हैं। वे भवन को संवारकर औंधे मुंह सोए हुए हैं। शतपथ ब्राम्हण में वास्तु देवता को आत्मवर्धनशील कहा गया है। मंत्राणयी संहिता में वास्तु के अधिष्ठाता देवता रूद्र देव माने गए हैं। गृह निर्माण के प्रारम्भ में, द्वार वनाने के देवकी पूजन में, गृह प्रवेश के समय, किसी कारण से घर के दूषित होने पर, हर प्रकार के यज्ञ के प्रारम्भ होने पर वास्तु पुरु ष का विधि विधान से पूजन एवं पायस बलि करना चाहिए। गृह निर्माण स्थान में ८१ पद, मंदिर या प्रसाद मंडपों में ६४ या १०० पद एवं शिव लिंग या दुर्गा की प्रतिष्ठा में १००० पद वाले वास्तु पीठ का पूजन करना चाहिए।

भूखण्ड का चयन

(१) विश्वकर्म प्रकाश के अनुसार वर्गाकार (जिसकी लम्बाई-चौडाई बरावर हो) तथा वृत्ताकार भूखंड अत्यंत शुभ होतेहैं।

(२) वराह मिहिर के अनुसार उत्तर की ओर ढ़लान वाली भूमि आरोग्य कारक,, ईशान ओर ढ़लान वाली भूमि सदा शुभ कारक, पूर्व की ओर ढ़लान वाला भूखंड सन्तान शुभ कारक है। जिस भूमि पर नेवले का निवास हो, गाय घोड़ा आदि पशुओं का वास रहा हो वह जगह शुभ है। जिस जमीन पर सर्प की बामीं या कटीले वृक्ष हों, हिंसक जानवरों का वास रहा हो स्थान वह अशुभ होता है। जिस भूखंड पर सार्वजनिक रास्ता जाकर समाप्त होता है वह अशुभ होता है।

गृह में कूप-नलकूप की दिशा का फल



प्रचलित नाम राशि से ग्राम वास

व्यक्ति को अपनी राशि के सम्मुख लिखी राशियों वाले ग्राम में निवास शुभ होता है। परन्तु शुभ राशि वाले ग्राम या शहर में भी सम्मुख लिखी दिशा में निवास नहीं करना चाहिए। व्यक्ति के प्रचलित नाम की राशि से विचार करें।

व्यक्ति की राशि	ग्राम-शहर की शुभ राशि	अशुभ दिशा
मेष	वृष, सिंह, धनु, मकर, कुंभ	उत्तर
वृष	मिथु, कन्या, मक, कुंभ, मीन	ग्राम मध्य
मिथुन	कर्क, तुला, कुंभ, मीन, मेष	ग्राम मध्य
कर्क	सिंह,वृश्चिक, मीन, मेष, वृष,	नैऋत्य
सिंह	कन्या, धनु, मेष, वृष, मिथुन	ग्राम मध्य
कन्या	तुला, मकर, वृष, मिथुन, कर्क	दक्षिण
तुला	वृश्चिक,कुम्भ, मिथुन, कर्क,सिंह	वायव्य
वृश्चिक	धनु, मीन, कर्क, सिंह, कन्या	पूर्व
धनु	मकर, मेष, सिंह, कन्या, तुला	पश्चिम
मकर	कुम्भ, वृष, कन्या, तुला, वृश्चि.	ग्राम मध्य
कुम्भ	मीन, मिथुन, तुला, वृश्चि., धनु	ईशान
मीन	मेष, कर्क, वृश्चि., धनु, मकर	अग्नि

गृह पिंड से आय-व्यय आदि

भूखंड पर निर्मित भाग (छत एरिया) की लम्बाई एवं चौड़ाई का गुणा करने पर गृह पिण्ड प्राप्त होता है। गृह पिण्ड में ८ का भाग देने पर जो शेष बचे उसके अनुसार निम्न चक्र से गृह की आय एवं फ ल जानना चाहिए। गृह पिण्ड में उपरोक्त चक्र में दिए गए गुणक से गुणा कर, भाजक से भाग देने पर गृह की आय आदि प्राप्त होती है।

गृह पिंड		
शेष	आय	फल
1	ध्वज	शुभ
2	धूम	अशुभ
3	सिंह	शुभ
4	श्वान	अशुभ
5	वृष	शुभ
6	गदर्भ	अशुभ
7	गज	शुभ
8	ध्वांक्ष	अशुभ

गृह आयादि		
गुणक	भाजक	आय आदि
9	8	आय
9	7	वार
6	9	अंश
8	12	धन
3	8	ऋण
8	27	नक्षत्र
8	15	तिथि
4	27	योग
8	120	आयु

देव प्रतिष्ठा मुहूर्त सूत्र

समय शुद्धि- उत्तरायन सूर्य में, गुरु शुक्र व चन्द्रमा के उदित रहने पर।

तिथियां- शुक्ल पक्ष की द्वितीया से लेकर कृष्ण पक्ष की पंचमी तक रिक्ता तिथियां छोड़कर।

नक्षत्र- हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, रेवती, अश्विनी, पुनर्वसु, तीनों उत्तरा, रोहिणी, मृगशिरा नक्षत्रों में, वार - मंगलवार को छोड़कर अन्य वारों में,।

लग्न -मध्यान्ह समय तक, स्थिर या द्विस्वभाव बलवान लग्न में, अष्टम राशि, लग्न छोड़कर देव प्रतिष्ठा शुभ है। अन्य - नवरात्र में दुर्गा की, चतुर्थी में गणेश की, भाद्रपद में श्री कृष्ण की, चतुर्दशी में शिवजी की प्रतिष्ठा सुखद है। इसी प्रकार उग्रप्रकृति के देवता जैसे भैरव, मातृका, वराह, नृसिंह, वामन, महिषासुर मर्दिनी आदि की प्रतिष्ठा दक्षिणायन सूर्य में भी शुभ है।

ग्राम वास में काकिणी विचार

निम्न लिखित सारणी से अपने नाम तथा ग्राम के नाम के प्रथम अक्षर से वर्ग संख्या के अनुसार मिलान कर ग्राम वास में लाभ-हानि जानें।

प्रथम अक्षर	वर्ग संख्या	प्रथम अक्षर	वर्ग संख्या
अ इ उ ए	1	त थ द ध न	5
क ख ग घ ङ	2	प फ व भ म	6
च छ ज झ	3	य र ल व	7
ट ठ ड ढ ण	4	श ष स ह	8

काकिणी	ग्राम या नगर की वर्ग संख्या							
जातक के नाम की वर्ग संख्या	१	२	३	४	५	६	७	८
१	सम	लाभ	लाभ	हानि	हानि	लाभ	लाभ	हानि
२	हानि	सम	हानि	लाभ	लाभ	लाभ	हानि	हानि
३	हानि	लाभ	सम	लाभ	लाभ	लाभ	हानि	हानि
४	लाभ	हानि	हानि	सम	लाभ	हानि	हानि	लाभ
५	लाभ	हानि	हानि	हानि	सम	लाभ	लाभ	लाभ
६	हानि	हानि	हानि	लाभ	हानि	सम	लाभ	लाभ
७	हानि	लाभ	लाभ	लाभ	हानि	हानि	सम	लाभ
८	लाभ	लाभ	लाभ	हानि	हानि	हानि	हानि	सम

नीव खुदाई प्रारंभ करने की दिशा

खात या नींव खुदाई प्रारंभ की दिशा सूर्य की राशि से निर्धारित होती है। गृह और देवालय में खात की दिशा सूर्य की राशि के अनुसार नीचे लिखी सारणी से निर्धारित करें।

खात की दिशा	ईशान कोण	वायव्य कोण	नैऋत्य कोण	अग्नि कोण
गृहारंभ में सूर्य राशि	वृश्चिक,धनु,मकर	कुम्भ मीन मेष	वृष मिथुन कर्क	सिंह, कन्या,तुला
देवालय में सूर्य राशि	मिथुन,कर्क सिंह	कन्या, तुला,वृश्चि.	धनु, मक. कुम्भ	मीन,मेष, वृष

शिलान्यास ;या नींव भरने की दिशा - शिलान्यास हमेशा अग्निकोण या ईशान कोण में किया जाता है। नाग नागिन के जोड़े का मुंह हमेशा पूर्व की ओर रखना चाहिये।

गृहारम्भ मुहूर्त

शुभ चंद्रमास- वैशाख, श्रावण, कार्तिक, मार्गशीर्ष, पौष, माघ, एवं फाल्गुन। शुभसौरमास - मेष, वृष, कर्क, सिंह, तुला, वृश्चिक, मकर एवं कुंभ राशि के सूर्य होने पर गृहारंभ शुभ है। शुभ तिथियां - २,३,५,७,१०,११,१२,१३, १५। शुभ वार - सोम, बुध, गुरु, शुक्र एवं शनि। शुभ नक्षत्र - मूल, तीनों उत्तरा, रोहिणी, मृगशिरा, पुष्य, अनुराधा, धनिष्ठा, शतभिषा, हस्त, चित्रा, स्वाति, तथा रेवती शुभ हैं। मतान्तर से अन्य नक्षत्र भी। भूशयन- जिस नक्षत्र में सूर्य हो उससे ५, ७, ९, १२, १९ और २६ वाँ इन नक्षत्रों पृथ्वी शयन करती है, इसलिये इन नक्षत्रों में गृहारम्भ न करें। वृषभचक्र शुद्धि- सूर्य अधिष्ठित नक्षत्र से गृहारंभ नक्षत्र ८ वां, ९वां, १० वां, ११ वां, १२वां, १३ वां, १४ वां, १५ वां्र १६वां, १७ वां या १८ वां होने पर वृषभ चक्र शुभ होता है।

गृह प्रवेश मुहूर्त

समय शुद्धि- नूतन गृह प्रवेश के समय गुरु -शुक्र उदित हों। परन्तु सपूर्व गृह प्रवेश में गुरु -शुक्र उदित रहना आवश्यक नहीं है।

मास- नव निर्मित गृह में वैशाख, ज्येष्ठ, माघ एवं फाल्गुन मासों में गृह प्रवेश शुभ होता है। परन्तु पुनर्निर्मित गृह में श्रावण, कार्तिक, मार्गशीर्ष मासों में भी गृह प्रवेश शुभ है। सूर्य - कर्क, कन्या और कुंभ त्यागकर।

तिथि- रिक्ता, अमावस्या छोड़कर।


वार- सोम, बुध, गुरु, शुक्र, शनि।

नक्षत्र- नूतन गृह में तीनों उत्तरा, रोहिणी, मृगशिरा, अनुराधा, चित्रा, रेवती एवं द्वार दिशा के नक्षत्रों में गृह प्रवेश शुभ है। पुनर्निर्मित गृह या सपूर्व गृह प्रवेश में उपरोक्त नक्षत्रों के अतिरिक्त पुष्य, स्वाती, धनिष्ठा, एवं शतभिषा नक्षत्रों में भी किया जा सकता है।

कुंभक चक्र के अनुसार गृह प्रवेश के समय का नक्षत्र, सूर्य के नक्षत्र से ६, ७, ८, ९, १०, ११, १२, १३, २२, २३, २४, २५, २६ या २७ वां होना चाहिये। चंन्द्र वल- गृह स्वामी की राशि से चौथा, आठवां निषेध। लग्न- स्थिर लग्न में उत्तम, द्विस्वभाव में मध्यम। लग्न में चन्द्रमा न हो। प्रवेश लग्न में सूर्य वायां एवं शुक्र पृष्ट हो। शुक्र की दिशा यात्रा मुहूर्त्त में वर्णित है।

अन्य- यात्रा मुहूर्त की तरह ग्रहप्रवेश की दिशा से राहु, योगिनी, दिशासूल एवं काल-पांस का विचार करना चाहिए। गृह प्रवेश काले रवि वाम दिशा - गृह प्रवेश लग्न के समय रवि ८, ९, १०, ११, १२ भाव में हों तो पूर्व दिशा, ५, ६, ७, ८, ९ भाव में हों तो दक्षिण दिशा, २, ३, ४, ५, ६ भाव में हों तो पश्चिम दिशा और लग्न से १, १२,१, २, ३ भाव में हों तो उत्तर दिशा के घर में प्रवेश शुभ होता है।

वर्गाकार एवं विना झुके हुए भूखंड पर मुख्य द्वार हेतु शुभ स्थान



वर्गाकार भूखण्ड के पद -

वर्गाकार अर्थात् समान लम्बाई-चौडाई एवं विना झुके हुये भूखंड की लम्बाई या चौड़ाई का ९वां भाग पद होता है। उदाहरण के लिए किसी भूखंड की पूर्व दिशा में माप २७ फिट है। २९ का ९वां हिस्सा ३ फीट का एक पद हुआ। प्रत्येक दिशा में तीर द्वारा प्रदर्शित पद पर मुख्य द्वार बनाना शुभ होता है। पूर्व दिशा में इन्द्र एवं जयंत पद में, दक्षिण में वृहत्क्षत् पद में, पश्चिम में वरु ण एवं पुष्पदंत पद में, उत्तर में मुख्य, भल्लाट एवं कुवेर पद में मुख्य द्वार शुभ होता है।


मुख्य द्वार का आकार - द्वार की उंचाई, उसकी चौड़ाई से दुगनी होना चाहिए।

मुख्य द्वार हेतु शुभ पद का फल - पूर्व दिशा में जयंत स्थान पर मुख्य द्वार बनाने से धनलाभ, इन्द्र पर राज्यप्रियता, दक्षिण दिशा में वृहत्क्षत पर द्वार बनाने से संतति वृद्धि, पश्चिम दिशा में पुष्पदंत पर द्वारा वनाने से धनवृद्धि, वरूण पर द्वार वनाने से योग प्राप्ती होती है। उत्तर दिशा में मुख्य पर द्वार से धनलाभ, भल्लाट पर विपुल लक्ष्मी एवं कुवेर स्थान पर मुख्य द्वारा वनाने से धर्म -शील में वृद्धि होती है।


मुख्य द्वार में गुण-दोष - मुख्य द्वार के सामने वृक्ष, खंभा, हेंडपंप, टंकी, पिलर इत्यादि से वेध दोष होता है। दरवाजे में यथा संभव दो पल्ले होना चाहिए। दरवाजे लगाते-खोलते समय आवाज रहित होना चाहिए अन्यथा भय पैदा होता है। यदि दरवाजा अपने आप बंद होता हो तो वह अशुभ होता है। मुख्य द्वार के ठीक सीध में मकान में अंदर की तरफ अन्य दरवाजा नहीं होना चाहिए। शीशम, महुआ, शाक, अशोक, नीम, सागवान, खैर इत्यादि का दरवाजा शुभ होता है। पीपल, वरगद या किसी अधजली लकड़ी का दरवाजा अशुभ होता है। दरवाजों में दरार दरिद्रता का कारण होती है। प्रमुख दरवाजे पर दहलीज अवश्य होनी चाहिए, अन्यथा घर में बचत नहीं होती है। यथा संभव दरवाजे एवं चौखट लकड़ी के होना चाहिए। अज्ञात वास्तुदोष निवारण हेतु मुख्य द्वार पर श्री गणेश या स्वस्तिक चिन्ह वनाना चाहिए। मुख्य प्रवेश द्वार की चौखट के ऊ पर झरोखा होने से घर में आनन्द मंगल रहता है। दरवाजे अंदर की ओर खुलने वाले होना चाहिए अन्यथा समस्याओं का सिलसिला लगा रहता है।

असमान लम्बाई चौडाई, आयताकार असमान कोण एवं विदिशा झुके हुये भूखण्डों के लिये वृत्त वास्तु द्वारा मुख्य द्वार के पदों का ८१ पद वास्तु चक्र -

इस चित्र में चक्र में प्रदर्शित देवताओं के पद भूखण्ड वाहर या अन्दर दिखाई दे रहे हैं। वास्तव में बृम्ह स्थ से पद की ओर देखने पर वह कोणीय क्षेत्र भूखण्ड भुजा पर जहां दिख रहा है, वहां पर उस देवता का क्ष है। चित्र में कुवेर एवं इन्द्र पदों को भूखण्ड पर दर्शाया गया है।



१६ क्षेत्र (जोन) में निर्माण हेतु गृह विभाग



ईशान	पूर्व					अग्नि
उत्तर	देवस्थान	सर्व संग्रह	स्नानगृह	**मंथन**	रसोई	दक्षिछा
	औषधि	आंगन			**घृत संग्रह**	
	भंडार				शयनगृह	
	स्त्री प्रसंग				पयखाना	
	धान्य स्टोर	रोदनगृह	भोजन सं.	विद्या	**शस्त्रागार**	
वायव्य	पश्चिम्					नैऋक्ष्य

वास्तुदोष शांति के उपाय

(१) मुख्यद्वार पर मांगलिक ओम या स्वस्तिक चिन्ह का उपयोग करना चाहिए। धर में नमक से पौंछा लगायें। कपूर जलाऐं। (२) प्रतिदिन अग्निहोत्र, हवन करना चाहिए। (३) प्रतिदिन गाय, कौआ, कुत्ते को यथा शक्ति भोजन का भाग, ग्रास खिलाना चाहिये। (४) वर्ष में एक वार अमावस्या के दिन दही-चावल एवं नारियल पूरे घर से उतार कर बाहर फेंक देना चाहिए। यह बली का स्वरूप है। वास्तु पूजन एवं बलि से शांति होती है। (५) वर्ष में एक वार हवन-पूजन करवाना चाहिए। (६) घर को सदैव स्वच्छ रखना चाहिए। (७) घर के प्रत्येक सदस्य को परस्पर आदर करना चाहिए।

गृह वास्तु के सामान्य नियम

भूखंड के दक्षिण पश्चिम भाग में अधिकाधिक निर्माण करना चाहिए। पूर्वोत्तर यथा संभव खाली छोडऩा चाहिए।

उत्तर या ईशान्य में भूमिगत टेंक वनाना या कुआ- नलकूप खुदवाना चाहिए। ओवरहेड टैंक छत पर पश्चिम में या वायव्य में बनाना चाहिए। शयन कक्ष में भगवान के चित्र न लगाएं। वीम के नीचे न सोएं। शयनकक्ष में पलंग इस प्रकार विछाएं कि सोते समय सिर दक्षिण या पूर्व में रहे। काले एवं लाल रंग का प्रयोग मकान में नहीं करना चाहिए। जमीन एवं छत का ढ़लान पूर्व ईशान या उत्तर में करवाना चाहिए। प्रकृति में धनात्मक शुभ ऊर्जा का प्रवाह पूर्व से पश्चिम दिशा की ओर है, इसलिए पूर्व एवं उत्तर दिशा में मकान की खिडक़ी इस प्रकार वनाऐं कि इन दिशाओं से अधिक से अधिक सकारात्मक ऊर्जा घर में प्रवेश कर सके। दक्षिण पश्चिम में कम से कम खिड़कियां रखना चाहिए। खिड़कि यां सम संख्या में होना चाहिए। मकान के सभी कोने समकोण होने चाहिए अन्यथा कोण वेध होता है। दक्षिण पश्चिम भरी होना चाहिए इसलिए इन दिशाओं की दीवारें मोटी होना चाहिए तथा भारी सामान इन्हीं दिशाओं में रखा जाना चाहिए। इन दिशाओं में भारी पेढ़ लगाऐं। घर में तुलसी का पौधा अवश्य होना चाहिए। नैऋ त्य में सैप्टिक टेंक या किसी भी प्रकार का गड्ढा नहीं होना चाहिए। टायलेट, स्नानग्रह भृंगराज या असुर के पद में वनाएं। टायलेट का पॉट इस प्रकार रहे कि शौच के लिए बैठते समय व्यक्ति का मुंह उत्तर या दक्षिण की तरफ रहे। दो मंजिल मकान में दरवाजे के ऊ पर दरवाजा होना चाहिए। ऊ परी मंजिल के छत की ऊ चाई, निचली मंजिल की ऊ चाई का बारहवां भाग कम होना चाहिए। रसोईघर मुख्यद्वार के ठीक सामने नहीं होना चाहिए।

कारखाने में वास्तु-पूर्व में मुख्यद्वार, खुली जगह। अग्निकोण में ट्रांसफार्मर, वायलर। दक्षिण में मशीनरी, मार्केटिंग मैनेजर, नैऋ त्य में भारी मशीनरी, पश्चिम में कच्चा माल एवं कर्मचारियों के लिए कैंटीन, वायव्य में पक्का माल, उत्तर में मुख्य दरवाजा, कैशियर के कागजात, कम्प्यूटर, मालिक के बैठने का कमरा, ईशान्य में जल स्टोर, कम्प्यूटर, मालिक के बैठने का कमरा होना चाहिए।

प्रमुख वास्तु दोष

(१) नैऋ त्य दिशा में गड्ढा - यदि नैऋ त्य दिशा में गड्ढा हो तो परिवार के मुखिया की असमय मृत्यु, नींद न आना, व्यवसाय में हानि एवं कई समस्याऐं आती हैं।

(२) ईशान्य, अग्नि या नैऋत्य कोण में टायलेट - ऐसी स्थिति में बुद्धि ठीक से काम नहीं करती व ज्यादातर गलत निर्णय लेने से परेशानियां आती रहतीं हैं। आर्थिक एवं रोग समस्या और गृहस्थी में नाना प्रकार कीं समस्याऐं आती हैं।

(३) उत्तर में मिट्टी का टीला होना।

यात्रा प्रकरण सूत्र

वार दिशाशूल
(पीछे एवं वायें शुभ)

रवि	पश्चिम
चंद्र	पूर्व,अग्निकोण
मंगल	उत्तर,वायव्य
बुध	उत्तर, ईशान
गुरु	दक्षिण
शुक्र	पश्चिम,नैऋत्य
शनि	पूर्व, ईशान

राहूवास
(पीछे एवं वायें शुभ)

सूर्य राशि	राहूवास
मेष,सिंह,धनु	पूर्व
वृष,कन्या,मक.	दक्षिण
मिथु.तुला,कुंभ	पश्चिम
कर्क,वृश्चि.मीन	उत्तर

चन्द्रवास
सम्मुख एवं दाएं शुभ

चंद्र राशि	चंद्रवास
मेष,सिंह,धनु	पूर्व
वृष,कन्या,मक.	दक्षिण
मिथु.तुला,कुंभ	पश्चिम
कर्क,वृश्चि.मीन	उत्तर

योगिनीवास दिशा
(पीछे दायें शुभ)

तिथि	दिशा
२,१०	उत्तर
८,३०	ईशान
१,९	पूर्व
३,११	अग्नि
५,१३	दक्षिण
४,१२	नैऋत्य
६,१४	पश्चिम
७, १५	वायव्य


घात चक्रम्
केवल यात्रा, नोंकरी प्रारम्भ या वाद-विवाद हेतु

जन्म राशि	घातचंद्र	घात तिथि.	वार	नक्षत्र	लग्न
मेष	मेष	१, ६, ११	रवि	मघा	मेष
वृष	सिंह	५, १०, १५	शनि	हस्त	सिंह
मिथु.	धनु	२, ७, १२	सोम	स्वा.	धनु
कर्क	वृष	२, ७, १२	बुध	अनु.	वृष
सिंह	कन्या	३, ८, १३	शनि	मूल	कन्या
क.	मकर	५, १०, १५	शनि	श्रव.	मकर
तुला	मिथुन	४, ९, १४	गुरु	शत.	मिथु.
वृश्चि.	तुला	१, ६, ११	शुक्र	रेव.	तुला
धनु	कर्क	३, ८, १३	शुक्र	भर.	कर्क
मक.	वृश्चिक	४, ९, १४	मंग.	रोहि.	वृश्चि.
कुंभ	कुम्भ	३, ८, १३	गुरु	आर्द्रा	कुंभ
मीन	मीन	५, १०, १५	शुक्र	आश्ले.	मीन

वार के अनुसार काल-पांश चक्र
दिन में जो काल की दिशा होती है, वही दिशा रात्रिकाल में पांश की होती है।

वार	चंद्र	मंग.	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	रवि
काल	वाय.	पश्चि	नैऋ	दक्षि.	अग्नि	पूर्व	उत्त.
पांश	अग्नि	पूर्व	ईशा.	उत्त.	वाय.	पश्चि	दक्षि.

यात्रा लग्न कुण्डली में ललाटी ग्रह
यात्रा के समय यदि दिशा का स्वामी ग्रह नीचे दिए गये ललाटिक चक्र में प्रदर्शित भाव में हो तो, वह ग्रह ललाट (माथे) पर माना जाता है। ऐसी स्थिति में यात्रा पर गया हुआ व्यक्ति बापस नहीं आता है।



परिघदण्ड (वायव्य से अग्नि कोण)

नक्षत्र समूह की दिशा	यात्रा में शुभ दिशा
पूर्व दिशा के नक्षत्र- कृतिका से आश्लेषा	पूर्व एवं अग्निकोण
दक्षिण दिशा के नक्षत्र- मघा से विशाखा	दक्षिण एवं नैऋत्य
पश्चिम दिशा के नक्षत्र- अनुराधा से श्रवण	पश्चिम एवं वायव्य
उत्तर दिशा के नक्षत्र- धनिष्ठा से भरणी तक	उत्तर एवं ईशान

यात्रा में प्रसस्त तिथि :- १ (कृ.), २, ३, ५, ७, १०, ११, १३।

नक्षत्र :- अश्वि., मृग., पुन., पष्य.,हस्त., अनु., श्रव., घनि., रेवती। इनमें अश्वि., पुष्य.,हस्त एवं अनु. नक्षत्र अत्यंत शुभ होने से पृष्ट चंद्र, परिघदण्ड एवं शूलदोष नहीं होता है।

यात्रा लग्न - (१) दिग्द्वार लग्न - यदि गन्तव्य दिशा की राशि लग्न में हो तो वह दिग्द्वार लग्न कहलाती है। जैसे पूर्व दिशा में यात्रा करना हो तो मेष, सिंह, या धनु लग्न, दक्षिण दिशा की यात्रा में वृष, कन्या, मकर लग्न, पश्चिम दिशा की यात्रा में मिथुन, तुला, कुम्भ लग्न एवं उत्तर दिशा की यात्रा में कर्क, वृश्चिक, मीन लग्न दिग्द्वार लग्न कहलाती है। दिग्द्वार लग्न में यात्रा करने पर धनलाभ एवं विजय होती है। (२) ललाटी चक्र में प्रत्येक ग्रह का दिशा स्वामित्व दिया गया है। यदि गन्तव्य दिशा का स्वामी केन्द्र में हो तो यात्रा शुभ होती है, परन्तु दिशा का स्वामी ललाटी नहीं होना चाहिए। (३) यात्रा लग्न में जन्म राशि, जन्म लग्न से अष्टम राशि, कुम्भ या मीन राशि और नवांश, पृष्टोदय राशियां (मेष, वृष, कर्क, धनु, मकर) राशियों की लग्न नहीं होना चाहिए। (४) यात्रा लग्न में अधिकाधिक शुभग्रह केन्द्र या त्रिकोण में शुभ होते हैं। पाप ग्रह ३, ६, ११ में शुभ होते हैं। परन्तु चन्द्रमा ६, ८, १२ भाव में, शनि १० वे भाव में, शुक्र ७ वें में तथा लग्नेश ६, ७, ८, १२ वें भाव में अशुभ होते हैं।

यात्रा में अन्य विधि सूत्र - (१) यदि एक ही दिन में यात्रा कर गन्तव्य स्थान में पहुचना हो तो वारशूल, नक्षत्रशूल, सम्मुख शुक्र एवं योगिनी वास के विचार की आवश्यकता नहीं है। (२) किसी नगर या ग्राम में प्रवेश के दिन से ९ वां नक्षत्र, ९ वीं तिथि, ९ वें वार में यात्रा नहीं करना चाहिए।

सम्मुख शुक्र दिशा- शुक्र की दिशा का निर्धारण तीन तरह से होता है। पहला -शुक्रास्त के वाद जिस दिन शुक्र का उदय हो उस समय यदि शुक्र मार्गी हो तो शुक्र की दिशा पूर्व होती है, और यदि वक्री हो तो पश्चिम दिशा में आगामी अस्त होने तक रहता है। दूसरा- शुक्र अपनी क्रांति की दिशा में रहता है। तीसरा- परिघदण्ड के साथ प्रत्येक नक्षत्र की दिशा लिखी है। अत: शुक्र जिस नक्षत्र में हो उस नक्षत्र की दिशा में रहता है। इन तीनों प्रकार से यदि भिन्न-भिन्न दिशा मिले तो उनके बीच की दिशा ही शुक्र की दिशा होती है। यात्रा के समय शुक्र सम्मुख या दाहिने नहीं होना चाहिए। यदि शुक्र रेवती, अश्विनी, भरणी या कृतिका के प्रथम चरण में हो तो अंधा होने से सम्मुख या दाहिने शुक्र का दोष नहीं होता है।

यात्रा में शुभ शकुन - श्वेत पुष्प, भरा घड़ा, दूर का कोलाहल, अकेला वृद्ध पुरुष, गाय, सफेद बैल, हाथी, घोड़ा, देव प्रतिमा, प्रज्वलित अग्नि, दूर्वा, तिलकधारी ब्राह्मण, सोना, चांदी, रत्न, औषधियां, पीढा, जिसके पास कोई रोता हुआ न हो ऐसा शव, वेश्या, वाजे, नीलकंठ का दर्शन, मोर, कोयल, तीतर, गधे की आवाज, पुत्र सहित स्त्री, दूध-दही, ध्वजा, मंगल बस्तु, मदिरा, गीतगान, आदर्श पुरुष, कार्यसिद्धि वाक्य, मिट्टी, मछली, गन्ना, छिपकली, मुँह में अहार लिए बिल्ली, सूकरी, बादल गर्जन , भक्ति संगीत, बिजली की चमक, मन की प्रसन्नता ये सभी शुभ शकुन होते हैं।

यात्रा में अशुभ **शकुन** - चूहा, रीक्ष सियार, बिलाव, शेर, खाली घडा,विधवा स्त्री , सम्मुख कौआ, इत्यादि अशुभ शकुन माने गये है।

पक्षी शकुन - १. यदि काक जल के घड़े पर बैठकर ध्वनि करे तो स्त्री एवं धन की प्राप्ती होती है। २. यदि कौआ देव मन्दिर, राजभवन, लहलहाते खेत, धान्य का ढेर, घोडा या हाथी की पीठ पर बैठा हुआ दिखाई दे तो धन की प्राप्ति होती है। ३. यदि कौआ अपनी चोंच से जमीन खोदता हुआ दिखाई दे तो व्यक्ति को अकस्मात् धन की प्राप्ती होती है। ४. यदि उल्लू सामने की ओर से वोले तो भय होता है। ५. यदि कोई कुत्ता दाएं पैर से अपने सिर या पेट को खुजा रहा हो तो धन लाभ होता है।

यात्रा में छींक विचार- यात्रा पर जाते समय सम्मुख एवं दाहिने की छींक अशुभ होती है। स्वयं की छींक भी अशुभ होती है। बाएं एवं पीठ की छींक शुभ होती है। भोजन, शयन, दान, बीज बोवनी, युद्ध, विवाह, औषधि सेवन, शौच, विद्यारम्भ के समय छींक हो तो शुभ फल दायक होती है। बालक की, वृद्ध की, हठ अप्राकृतिक छींक का दोष नहीं होता है। यदि पहली वार छींक हो तो लगभग १० श्वांस ठहर कर पुन: चलना चाहिये। यदि दूसरी वार छींक हो तो ३० श्वांस रुक कर यात्रा प्रारम्भ करना चाहिये। तीसरी वार छींक हो तो यात्रा स्थगित कर देना चाहिये।

यात्रा में प्रस्थान बस्तु - यदि किसी कारण से शोधित लग्न में यात्रा पर चलने में विलम्ब की संभावना हो तो, लग्न समय में अपनी किसी प्रिय बस्तु को यात्रा की दिशा में अपने घर से यथा संभव दूर प्रस्थित कराऐं तो यात्रा समझी जाती है। ऐसा भृगु, गर्ग, भारद्वाज आदि ऋषियों का मत है।

दोहद - यदि यात्रा के दिन वार सम्वन्धी दोष हो तो वार के सम्मुख लिखी निम्न बस्तुओं का अपने कुल-धर्म परम्परा के अनुसार भक्षण या दर्शन कर यात्रा आरम्भ करना चाहिए।

नक्ष. दोहद

अश्विनी	उड़द
भरणी	तिल, चावल
कृतिका	उड़द
रोहिणी	दधि
मृगशिरा	घृत
आर्द्रा	दुग्ध
पुनर्वसु	मृग
पुष्य	मृग रक्त
आश्लेषा	खीर
मघा	चाष पक्षी
पू. फा.	मृग
उ. फा.	खरगोस
हस्त	साठी का भात
चित्रा	ककुनी
स्वाति	पुआ
विशाखा	बहुरंगी पक्षी
अनुराधा	फल
ज्येष्ठा	कछुआ
मूल	सारिका पक्षी
पू. षा.	गोह
उ. षा.	शाही
अभिजित	मूंग, हविष्य
श्रवण	खिचडी
धनिष्ठा	मूंग
शतभिषा	जौ की पिट्टी
पू. भा.	मत्स्य भात
उ. भा.	खिचड़ी
रेवती	भात

दोहद

वार दोहद

रवि	रसाल, आम
चंद्र	खीर
मंगल	कांजी
बुध	दही
गुरु	दही
शुक्र	कच्चा दूध
शनि	तिल-भात

तिथि दोहद

१	मदार पत्ता
२	घृत
३	चावल धोवन
४	हलुआ
५	हविष्य
६	सोने का जल
७	मालपुआ
८	अनार
९	जल
१०	गोमूत्र
११	जौ का भात
१२	खीर
१३	गुड़
१४	भात
१५,३०	मूंग

गोरख पतरा - श्री गोरखनाथ जी के पूंछने पर श्री मत्स्येन्द्रनाथ जी ने इस यात्रा मुहुर्त्त को मुहुर्त्तराज कहा है। इस चक्र के अनुसार यात्रा करने वालों को चंद्रवल, भद्रा, तारावल, दिशासूल, योगिनीवास, घातवार इत्यादि का दोष नहीं लगता है।

चक्र से यात्रा मुहूर्त्त जानने के नियम - (१) निम्न लिखित चक्र में जो तिथियां लिखी हैं, वह दोनों पक्षों के लिये हैं। (२) उपरोक्त चक्र में १३, १४, १५ एवं ३० तिथियों का उल्लेख नहीं है। इस स्थिति में १३ का फल ३ के समान, १४ का फल ४ के समान तथा १५ का फल ५ के समान समक्षना चाहिये। ३० तिथि को यात्रा वर्जित है। (३) दिनमान या रात्रिमान का चौथा भाग एक प्रहर होता है। दिनरात में कुल आठ प्रहर होते हैं। उक्त चक्र में दिन या रात के चार प्रहरों का उल्लेख है। दिनमान को ६० में से घटाने पर रात्रिमान निकल आता है।

उदाहरण - (१) माना कि किसी को ज्येष्ठ शुक्ल १४ को पूर्व दिशा में यात्रा मुहूर्त्त देखना है। १४ तिथि का फल ४ के समान होता है। अत: उपरोक्त चक्र में ज्येष्ठ मास के नीचे ४ तिथि के सामने तिथि फल देखा तो "भय, विवाद, क्लेश, मानषिक कष्ट" लिखा मिला अत: यात्रा शुभ नहीं होगी।

यात्रा हेतु श्री गोकुलनाथ जी का वचनामृत चक्र

पौष	माघ	फा.	चैत्र	वैशा	ज्ये.	आ.	श्रा.	भाद्र	आशि	कार्ति	मार्ग.	तिथि फल	प्रहर१	प्रहर२	प्रहर३	प्रहर४	पूर्व	दक्षिछा	पश्चिम	उ●
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	यात्रा सुख - सुविधा हो, कोई क्लेश नहीं हो।	अर्थसि.	सुख	शोक	सुख	सुख	क्लेश	भय	द्रव्य
२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	विवाद, पछतावा, भय, मानसिक दु:ख।	भय	क्लेश	सुख	कुशल	०	नाश	दरिद्रय	चिंता
३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	यात्रा कार्यसिद्धि, सार्थक।	धनलाभ	पदलाभ	सुख	विनाश	द्रव्य	दुख	इष्ट प्राप्ती	धनलाभ
४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	परिश्रम से कार्य सिद्धि।	क्लेश	कल्याण	क्लेश	अहित	क्लेश	हानि	धन	सुख
५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	बस्तुलाभ, मित्र मिलन, व्याधि दूर हो।	संकट	क्लेश	भाग्य	सुख	लाभ	धन	धन	सुख
६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	चिंता, विवाद, वियोग, न्यून कार्यसिद्धि।	संकट	क्लेश	मित्र	धनलाभ	भय	लाभ	मृत्यु	धनलाभ
७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	यात्रा में लाभ, संपर्क, कार्यसिद्धि।	विलंब	धनलाभ	सुख	सुख	लाभ	कष्ट	लाभ	सुख
८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	कुयोग, कार्यहानि, न्यून व्यवहार।	०	०	०	०	कष्ट	सुख	०	सुख
९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	धनलाभ, सुखद यात्रा, कार्य सफलता।	लाभ	भय	मित्र	मित्र	सुख	लाभ	सिद्धि	कष्ट
१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	यात्रा शुभ परन्तु परिश्रम अधिक, कार्य विलम्ब	लाभ	पूर्णता	मरण	कुशल	क्लेश	कष्ट	धन	धन
११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	भय, विवाद, क्लेश, मानसिक कष्ट।	मरण	अर्थ	कुशल	मृत्यु	लोभ	धननाश	०	मित्र
१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	यात्रा में सुख एवं सुविधा, मित्र मिलन, सिद्धि	मरण	अर्थ	सुख	सुख	०	सुख	मृत्यु	कष्ट

।। अथ मुहूर्तचिंतामणि-मार्तण्ड-गणपत्यादि मतानुसारेण आवश्यक मुहूर्त कोष्टकाः ।।

क्रम	मुहूर्त	नक्षत्र	मास	तिथि	वार	लग्न
१	रजोदर्शने श्रेष्ठानि मुहूर्त	श्र. ध. श. मृ. चि. अनु. ह. पू. स्वा. अश्वि. उत्तरा ३ रोहि.	वै. फा. अश्वि. ज्ये. श्रावण	१, २, ३, ५, ७, १०, ११, १३, १५	चं. गु. बु. शु.	२, ३, ४, ६, ७, ९, १२
२	रजः स्नान मुहूर्त	ह. स्वा. अनु. रे. अश्वि. मृ. भ. रो. उ. ३ ज्येष्ठा	---	१, २, ३, ५, ७, १०, ११, १३, १५	चं. गु. बु. शु.	२, ३, ४, ६, ७, ९, १२
३	गर्भाधान मुहूर्त	उ. ३ मृ. ह. अनु. रो. स्वा. श्र. ध. शत.	---	शुभ	चं. गु. बु. शु.	शुभ
४	पुंसवन सीमांत मुहूर्त	मृग. पुन. मूल. श्रव. पुष्य, ह. रो. उ. ३. जन्म नक्षत्र त्याज्य, पुंस. मा. २-३ सीम ६-८	---	१, २, ३, ५, ७, १०, ११, १३ शुक्ल	सू. मं. गु.	१, ४, ५, ७, ९, १०
५	सूतिका गृह प्रवेश	रो. मृ. पुष्य, स्वा. शत. पुन. ह. ध. अनु. चि. अश्वि. रे. उ. ३ श्र.	---	१, २, ३, ५, १०, ११, १२, १३	चं. बु. गु. शु.	शुभ
६	जातकर्म मुहूर्त	मृ. रे. चित. अनु. उ. ३ रो. पुन. श्र. स्वा. ध. शत. ह. पु. अश्वि.	---	१, २, ३, ५, ७, १०, ११, १२, १३	चं. बु. गु. शु.	शुभ
७	स्तनपान मुहूर्त	उ. ३ रो. अश्वि. रे. पुष्य, पुन. अनु. श्र. ह. चि. मू. ध. शत.	---	रिक्ता अमावस्या को त्यागकर अन्य तिथि	चं. बु. गु. शु.	शुभ
८	सूतिका पथ्य मुहूर्त	रो. उ. ३ रेव. मृ. चि. अनु. पुन. पुष्य, ह. अश्वि. अभि. स्वा. श्र. ध. शत.	---	२, ३, ५, ७, १०, १३	चं. बु. गु. शु.	२, ३, ४, ५
९	सूतिका स्नान मुहूर्त	रे. उ. ३ रो. मृ. ह. स्वा. अश्वि. अनु.	---	१, २, ३, ५, ७, १०, ११, १३, १५	सू. मं. गु.	शुभ
१०	दोलारोहण (हिण्डोला) मुहूर्त	जन्म दिन से १०, १२, १६, १८, ३२वें दिन मृ. चि. रे. अनु. ह. अ. पुष्य, उ. ३, रो. सूर्य नक्षत्र से ५ आरो. ५ मृत्यु, ५ देहकष्ट ५ रोग, ७ सुख	---	रिक्ता तिथि त्याज्य एवं ३० भी	चं. बु. गु. शु.	४, ५, ७, ९, १०, ११

।। अथ मुहूर्तचिंतामणि-मार्तण्ड-गणपत्यादि मतानुसारेण आवश्यक मुहूर्त कोष्टकाः ।।

क्रम	मुहूर्त	नक्षत्र	मास	तिथि	वार	लग्न
११	जलपूजन मुहूर्त	श्र. पु. पुष्य, मृ. ह. मू. अनु.	चैत्र, पौष एवं अधिमास तथा गुरुशुक्रास्य त्याज्य	४, ९, १४, ३० त्याज्य शेष ग्राह्य	च. बु. गु.	शुभ
१२	भूभ्युपवेशत मुहूर्त	उ. ३ रो. मृ. अनु. ज्ये. चि. रे. अश्वि. ह. पुष्य, अभि.	---	४, ९, १४, ३० त्याज्य शेष ग्राह्य	शुभ वार	चर लग्न १, ४, ७, १०
१३	नामकरण मुहूर्त	रे. पुष्य, चि. अनु. उ. ३ रो. ह. अश्वि. पुन. स्वा. श्र. ध. शत.	---	१,२,३,५,७, १०,११,१३	चं. बु. गु. शु.	२, ५, ८, ११
१४	अन्नप्राशन मुहूर्त	रो. उ. ३ मृ. रे. चि. अनु. ह. पुष्य,अश्वि. पुन. स्वा. श्र. ध. शत.	---	१, ३, ५, ७, १०, ११	चं. बु. गु. शु.	२,३,४,५,७, ९,१०,११
१५	कर्णवेध मुहूर्त	श्र. पु. अश्वि. मृ. ह. मू. अनु. अभि. रेव.	चै.पौ. सम वर्ष २ जन्म तारा चार्तुमास त्याज्य, अन्य ग्राह्य	शुभ तिथि	शुभ वार	शुभ
१६	चौल कर्म मुहूर्त	ज्ये. मृ. रे. चि. ह. अश्वि. पु. अभि. स्वा. श्र. पुन. ध. शत.	---	२, ३, ५, ७, १०, ११, १३	चं. बु. गु. शु.	२, ३, ४, ६, ७, ९, १२
१७	ताम्बूल भक्षण मुहूर्त	उ.३ रो. मृ. चि. रे. अनु. ह. अश्वि. पुष्य, अभि. स्वा. श्र. पुन. ध. मू.	---	२, ३, ६, ५, १०, ११, १३	सू. चं. बु. गु.	४, ५, ७, ९, ११
१८	क्षेमार्थ शांति कर्म मुहूर्त	ह. अश्वि. रे. उ. ३ रो. स्वा. श्र. ध. शत. अनु. मघा	---	शुभ	शुभ	शुभ
१९	अक्षरारंभ मुहूर्त	अश्वि. आर्द्रा , पुन. पु. ह. चि. स्वा. अनु. अभि. रेव.	माघ, फाल्गुन, चै. वै, ज्ये.	२, ३, ५, ६, १०, ११, १२, शुक्ल	चं. बु. गु. शु.	२, ३, ६, ९, १२
२०	विद्यारंभ मुहूर्त	पू. ३ पुष्य, आश्ले ,रेव. मू. श्र. ह. चि. स्वा. मृ. आर्द्रा,पुन. अश्वि. रो. अनु. उ. ३	---	२, ३, ५, १०, ११, १२	सू. गु. शु.	शुभ
२१	व्रतबंध (यज्ञोपवीत) मुहूर्त	पू. षा. अश्वि. ह. चि. स्वा. श्र. ध. शत. ज्ये. पू. फा. पु. मृ. रे. उ. ३	उत्तरायण मास चै+मीन सं.	२,३,५,१०, ११,१२ शुक्ल	सू. गु. चं. शु.	५, ९, २, ६, ३
२२	दीक्षा ग्रहण मुहूर्त	अश्वि. रो.मृ. उ. ३. चि. पू. फा.	चै.वै. अश्वि. का. माघ	२, ३, ५, ८, १०, ११, १२	सू. चं. गु. शु.	३, ४, ५, ६, ७, १२

।। अथ मुहूर्तचिंतामणि-मार्तण्ड-गणपत्यादि मतानुसारेण आवश्यक मुहूर्त कोष्टकाः ।।

क्रम	मुहूर्त	नक्षत्र	मास	तिथि	वार	लग्न
२३	वधु प्रवेश मुहूत	ह. चि. स्वा. रो. मृ. मघा पुष्य, ध. उ. ३ मू. अनु. अश्वि. रे.	---	१,२,३,५,६, ७,८,१०,१२	सू. शु. चं. श.	२, ५, ८, ११
२४	पतिगृह से पितृग्रह जाने का मुहूर्त	रो. चि. अनु. ध. मृ. म. स्वा. मू. ज्ये. आ. आश्ले. पू.३ रे. अनु.	---	शुभ	शुभ	शुभ
२५	द्विरागमन मुहूर्त	अश्वि. ह. पुन. उ. ३ रो. स्वा. श्र. ध. मू. मृ. रे. चि.	वै. मार्ग. फा. सूर्य गुरू की शुद्धि हो तब	१,२,३,५,७, ८,१०,११, १२,१३,१५	चं. बु. गु. शु.	२, ३, ६, ७, १२
२६	वापी कूप तडागा रम्भ मुहूर्त	म. ह. रे. मृ. पुष्य, ध. शत. पू. षा. उ. ३ रो. अश्वि.	---	४,९,१४,३० को त्याग कर अन्य तिथी	चं. बु. गु. शु.	शुभ
२७	क्रय विक्रय मुहूर्त	पुष्य, पू. मा. उ. ३ अनु. अश्वि. श्र. ह. मृ. स्वा. आश्ले. रेव.	---	शुभ	चं. बु. गु. शु.	शुभ
२८	विपणि (दुकान) मुहूर्त	मृ. रे. चि. अनु. रो. उ. ३ ह. अश्वि. पुष्य,	---	शुभ	सू. चं. गु. बु. शु.	शुभ
२९	नौकर रखने का मुहूर्त	ह. अभि अश्वि. पुष्य, मृ. रे. चि. अनु.	---	शुभ	सू. बु. गु. शु.	१, ४, १०, ५, ९
३०	चूड़ी धारण मुहूर्त	अश्वि. ह. चि. स्वा. वि. अनु. ध. रे. तथा सूर्य नक्षत्र से ३ ने. श्र. ३ ने. ९ श्रे. २ ने. ४ श्रे. १ नेष्ट	---	शुभ	बु. गु. शु. सू.	शुभ
३१	नूतन वध्वा पाककर्म (नई बहु से रसोई बनाने का मुहूर्त)	मू. रो. ह. मृ. स्वा.	---	१, २, ३, ५, ७, १०	सू. मं. गु.	शुभ
३२	हल चलाने का मुहूर्त	अश्वि. रो. मू. पुन. मं. ह. उ. ३ चि. स्वा. अनु. श्र. रे. शत. अभि	---	शुभ	शुभ	शुभ
३३	रोग मुक्त के स्नान का मुहूर्त	चि. ह. वि. पू. ३ पुन. मृ. आर्द्रा, म. कृ.	---	शुभ	सू. मं. बु. शु	शुभ
३४	काष्ठ संग्रह मुहूर्त	सूर्य नक्षत्र से ६ श्रे. ६ ने. ४ श्रे. ४ ने. ४ ने. ४ श्रे.	---	शुभ	शुभ	शुभ

।। अथ मुहूर्तचिंतामणि-मार्तण्ड-गणपत्यादि मतानुसारेण आवश्यक मुहूर्त कोष्टकाः ।।

क्रम	मुहूर्त	नक्षत्र	मास	तिथि	वार	लग्न
३५	गृहारम्भ मुहूर्त	म. उ. ३ पुन. पुष्य, ध. अनु. शत. चि. ह. स्वा. रो. रे. (वृषभ चक्रशुद्धि)	व. श्राव. पौष का.	१, २, ३, ५, १०, ११, १२, १३	शुभ	शुभ
३६	द्वारशाखा मुहूर्त	सूर्य नक्षत्र से ४ श्रे. ४ ने. ८ श्रे. ३ ने. ४ श्रेष्ठ	---	५, ७, ८	गु. शु. श. सू.	शुभ
३७	नूतन गृह प्रवेश मुहूर्त	उ. ३ , रो. अनु. मृ. चि. रे. (कलश चक्रानुसार)	---	शुभ	शुभ	शुभ
३८	खट्वारोहण मुहूर्त	मू. रे. चि. अनु. उ. रो. ह. पूर्व अथवा दक्षिण दिशा मे सिर रखना	---	शुभ	शुभ	शुभ
३९	सुगंध पदार्थ भोग मुहूर्त	श्र. ध. श. अश्वि. पुष्य, पू. षा. अनु. चि. स्वा. पुन. रे. मृग.	---	शुभ	शुभ	शुभ
४०	भूषण घट्टन मुहूर्त	त्रिपुष्कर योग एवं उ. ३ रो. रे. अश्वि. श्र. ध. श. मृ. पुष्य, अनु. ह. चि. स्वा. पुन.	---	शुभ	शुभ	शुभ
४१	चुल्ली स्थापन मुहूर्त	पू. भा. रो. पुष्य, अभि रवि नक्षत्र से ६ श्रे. ४ ने . ८ श्रे. ५ ने. २ श्रे. ३ ने.	---	शुभ	बु. गु. शु.	शुभ
४२	इक्षुरोपण मुहूर्त	आर्द्रा , पुष्य, ध. अनु. मू . रे. उ. ३	---	शुभ	शुभ	शुभ
४३	कोल्हूचक्र मुहूर्त	सूर्य नक्षत्र से ५, ६, ९, १०, ११, १२, १२, १४, २०, २१ अशुभ शेष नक्षत्र शुभ	---	शुभ	शुभ	शुभ
४४	शकटारम्भ मुहूर्त	सूर्य नक्षत्र से - ३ ने. ३ ने. ३ श्रे. ९ ने. ३ श्रे. ३ ने. ३ श्रे.	---	शुभ	शुभ	शुभ
४५	पाटडास्थापन मुहूर्त	सूर्य नक्षत्र से - ३ श्रे. ४ ने. ४ ने. ३ श्रे. ४ ने. ४ श्रे. ५ श्रे.	---	शुभ	शुभ	शुभ

।। अथ मुहूर्तचिंतामणि-मार्तण्ड-गणपत्यादि मतानुसारेण आवश्यक मुहूर्त कोष्टकाः ।।

क्रम	मुहूर्त	नक्षत्र	मास	तिथि	वार	लग्न
४६	सेतुबंधन मुहूर्त	मृ. आर्द्रा ,पू. षा. श्र. ध. श. अश्वि. पुष्य, ह. अभि रो.उ. ३	---	शुभ	सू. गु. शु. श.	शुभ
४७	कलश चक्र मुहूर्त	सूर्यनक्षत्र से - ५ ने. ८ श्रे. ८ श्रे. ६ श्रे	---	शुभ	शुभ	शुभ
४८	मोभ (धरन) मुहूर्त	मृ. पुन. पुष्य,ह. चि. स्वा. अनु. श्र ध. रे. सूर्य नक्षत्र से- ३ ने. १३ श्रे. ८ ने. ३ श्रे.	---	शुभ	सू. गु. शु.	शुभ
४९	हल चक्रम मुहूर्त	सूर्यनक्षत्र से - ३ ने. ३ श्रे. ३ ने. ५ श्रे. ३ ने. ५ श्रे. ३ ने. २ श्रे.	---	शुभ	शुभ	शुभ
५०	बीज वपन मुहूर्त	राहुनक्षत्र से - ८ ने. ३ श्रे. १ ने. ३श्रे. १ ने. ३ श्रे. ४ ने.	---	शुभ	शुभ	शुभ
५१	कणमर्दन मुहूर्त	अनु. श्र. मू. रे. पू. फा. उ. फा. ज्ये. रो. मघा.	---	शुभ	शुभ	शुभ
५२	धान्य संग्रह मुहूर्त	भर. कृति. आर्द्रा, वि. आ. पू. ३ ज्ये. मघा को छोड़कर अन्य नक्षत्र शुभ	---	शुभ	शुभ	२, ५, ८, १०, ११, ३, ६, ९, १२
५३	मिट्टी के बर्तन बनाने का मुहूर्त कुंभकार कृत्य	पुन. पुष्य, ह. चि. स्वाती, रे. रो. मृ. अनु. श्र. ज्ये.	---	शुभ	सू. चं. बु. गु. शु.	शुभ
५४	शिल्प विद्यारंभ मुहूर्त (हुनर सीखना)	ह. चि. स्वा. श्र. ध. शत. पू. ३ रो. मृ. रे. अश्वि. पुन. पुष्य, अनुराधा	---	शुभ	सू. चं. बु. गु. शु.	शुभ
५५	गीत विद्या नृत्य विद्या शिक्षा मुहूर्त	रे. अनु. ध. शत. ह. रो. उ. ३ आर्द्रा	---	शुभ	सू. चं. बु. गु. शु.	शुभ
५६	नौका कृत्य मुहूर्त (नाव बनाना)	ज्ये. मू. वि. आर्द्रा, रो. भर. कृति. अश्लेषा	---	शुभ	सू. गु.	शुभ
५७	दत्तक पुत्र मुहूर्त	ह. चि. स्वा. वि. अनु. अश्वि. ध. पुष्य	---	४, ९, ११, ३० को छोड़कर अन्य तिथि	सू. मं. गु. शु.	५, २

।। अथ मुहूर्तचिंतामणि-मार्तण्ड-गणपत्यादि मतानुसारेण आवश्यक मुहूर्त कोष्टकाः ।।

क्रम	मुहूर्त	नक्षत्र	मास	तिथि	वार	लग्न
५८	निष्क्रमण मु. (बच्चे को प्रथम बार घर से बाहर ले जाना)	ह. पुन. पुष्य, श्र. ध. अनु. ज्ये. मू. रे. रो. उ. फा. मृ. उ. षा. स्वा. जन्म से ३ अथवा ४ मास में	---	४,९,१४, ३० को छोड़कर अन्य तिथि	सू. चं. बु. गु. शु.	५, ६, ७, १
५९	वाग्दान मु. (लड़के लड़की का संबंध)	रो. उ. ३ रे. मू. स्वाती, मृ. म. अनु. ह. कृ. पू. ३ श्र. ध.	---	शुभ	शुभ	शुभ
६०	स्त्रियों के लिए नूतन वस्त्र धारण मुहूर्त मु.	ह. चि. स्वा. वि. अनु. अश्वि. ध. रे. केवल स्त्रियों के लिए	---	शुभ	गु. शु. बु.	१२, ६, ३, २
६१	पुरुषों के लिए नूतन वस्त्र धारण मुहूर्त मु.	ह. चि. स्वा. वि. अनु. अश्वि. ध. रे. पुनः पुष्य रो. उ. ३	---	शुभ	- '' -	- '' -
६२	भषज्य मुहूर्त (दवाई लेना)	ह. अश्वि. पुष्य. श्र. ध. शत. मू. पुन. स्वा. मृ. रे. चि. अनु.	---	४,९,१४,३० को छोड़कर अन्य तिथि	सू. चं. बु. गु. शु.	शुभ
६३	शस्त्रकर्म मुहूर्त (ऑपरेशन)	---	---	---	सू. मं.	रवि. मंगल. केंद्र में
६४.	तैलिक यन्त्र मुहूर्त (आयल मिल घाणी आदि)	अश्वि. पुष्य, पुन. ह. चि. अनु. ज्ये. ध. रे. तथा उस दिन कोई अशुभ योग न हों।	---	रिक्ता तथा अमा. के बिना अन्य तिथि	शुभ	शुभ
६५	तैलिक यन्त्र चक्रम मुहूर्त	सूर्य नक्षत्र से चंद्र नक्षत्र तक गणना ७ संप ६ शोक २ विषद् ७ धन ३ ऋषि ५ सौख्य	---	---	---	केंद्र में शुभ ग्रह
६६	वस्त्र निर्माण यंत्र मु. (कपड़ा मिल चालू करना)	रो. रे. चि. अनु. मृ. उ. ३	---	शुभ	सू. चं. मं. बु. गु. शु.	---
६७	संवेदन प्रतिष्ठा मुहूर्त	ह. चि. स्वा. अनु. ज्ये. मू. श्र. ध. शत. रे. अश्वि. पुन. पुष्य, उ. ३ रो. मृ.	---	कृष्ण पक्ष दशमी तक तथा शु. पक्ष	सो. बु. गु. शु.	३, ६, ९, १२, २, ५, ८, ११
६८	संवेदन प्रतिष्ठा मुहूर्त	चैत्र, फाल्गुन, वैशाख, ज्येष्ठ एवं माघ मास	---	२,३,५,६, ७,१०,११,१२,१३,१५	- '' -	- '' -
६९	मंत्र दीक्षा मुहूर्त	पू.षा. अश्वि. ह. चि. स्वा. श्र. रे. ध. शत. ज्ये. पु. फा. पुष्य, मृ. उ. ३/च. पो ज्ये. आषा. भाद्र इन मासों को छोड़कर अन्य मास	---	सूर्य अथवा चंद्र ग्रहण	---	---
७०	सन्यरत दीक्षा मुहूर्त	पुष्य, उ. ३ मृ. रे. अनु. ध.	---	५, १०, १५ शुक्ल पक्ष	गु. श.	शुभ

#卐 नक्षत्र गुण मिलान वोधक चक्र 卐

यदि अष्टकूटीय गुणों का योग १८ से कम हो तो मिलान शुभ नहीं माना जाता है, १८ से २७ तक शुभ और २७ से अधिक अत्यंत शुभ होते है।

वधु ↓ ॐ		वर →	मेष			वृष			मिथुन			कर्क			सिंह		
			अश्वि.	भरणी	कृति.१	कृ. ३	रोहि.	मृग.२	मृग.२	आर्द्रा	पुन.३	पुन.१	पुष्य	आश्ले.	मघा	पू.फा.	उफा.१
मेष	अश्वि.	चूचेचोला	२८	३३	२८ ॥	१८ ॥	२१ ॥	२२ ॥	२६	१७	१९	२३ ॥	३१ ॥	२८	२१॥	२५ न.	१५॥ ना.न.
	भरणी	लिलूलेलो	३४	२८	२९	१९	२२ ॥	१४॥	१८	२६	२७	३१ ॥	२३ ॥	२५॥ग.	२० ग.न.	१८ ना.न.	२६ न.
	कृति.१	अ	२७ ॥	२९	२८	१८	१०	१६ ॥	२०	२०	२१	२५ ॥	२६ ॥	२३॥ना.	१६॥ना.न.	२० ग.न.	२० ॥
वृष	कृति.३	इउए	१८ ॥	२०	१९	२८	२०	२६ ॥	१७ ॥	१७ ॥	१८ ॥	२२	२३	२०	१८ ॥	२२	२२
	रोहिणी.	ओववीवू	२३ ॥	२३ ॥	११	२०	२८	३६	२५॥	२३ ॥	२२ ॥	२६	२७	१२	१० ॥	२४ ॥	२७
	मृग.२	वे वो	२३ ॥	१४ ॥	१८ ॥	२७ ॥	३५	२८	१९	२४	२२ ॥	२६	१९	२१	१९ ॥	१५ ॥	२४॥
मिथु	मृग.२	क की	२७	१८	२२	१९ ॥	२७	२०	२८	३३	३१ ॥	१९	१२	१४	२३ ॥	१९ ॥	२८ ॥
	आर्द्रा	कूघङछ	१९	२७	२१	१८ ॥	२४ ॥	२६	३४	२८	२५	१२ ॥	२० ॥	१३ ॥	२३ ॥	२९ ॥	२१ ॥
	पुन.३	केकोह	२०	२७	२३	२० ॥	२२ ॥	२३ ॥	३१ ॥	२४	२८	१५ ॥	२२ ॥	१७	२२ ॥	२६ ॥	२१ ॥
कर्क	पुन.१	ही	२२ ॥	२९ ॥	२५ ॥	२२	२४	२५	१८	१० ॥	१४ ॥	२८	३५	२९ ॥	१६ ॥	२० ॥	१५ ॥
	पुष्य	हूहेहोडा	३० ॥	२१ ॥	२६ ॥	२३	२५	१८	११	१८	२१ ॥	३५	२८	३०	१९ ॥	१५ ॥	२३ ॥
	आश्ले.	डीडूडेहो	२६ ॥	२४ ॥	२२ ॥	१९	११	१९	१२	१२	१५	२८ ॥	२९	२८	१५	१५ ॥	१८ ॥
सिंह	मघा	ममीमेमो	२०	२०	१६ ॥	१७ ॥	९ ॥	१७ ॥	२१ ॥	२२ ॥	२० ॥	१६ ॥	१९	१६	२८	३०	२७ ॥
	पू.फा.	मोटाटीटू	२६	१८	२०	२१	२३ ॥	१५ ॥	१९ ॥	२८ ॥	२६ ॥	२२ ॥	१७ ॥	१६ ॥	३०	२८	३५
	उफा.१	टे	१७ ॥	२६	२०	२१	२६	२४ ॥	२८ ॥	२० ॥	२१ ॥	१७ ॥	२५ ॥	१९ ॥	२७ ॥	३५	२८
कन्या	उफा.३	टोपपी	११	२२ ॥	१६ ॥	२१	२६	२४ ॥	३१ ॥	२३ ॥	२४ ॥	२०	२८	२२	१७ ॥	२५	१८
	हस्त	पूषणठ	९	२०	१७ ॥	२२	२५	२६	३३	२२ ॥	२४ ॥	२०	२८	२३	१८ ॥	२२ ॥	१६
	चित्रा२	पे पो	१३	५	१९	२३ ॥	२०	१२	१९	२७	२५ ॥	२१	१२	२७	२२ ॥	८ ॥	१४ ॥
तुला	चित्रा२	र रा	२३ ॥	१४ ॥	२८ ॥	२३ ॥	२०	१२	१३	२१	१९ ॥	२० ॥	११ ॥	२६ ॥	२५ ॥	११ ॥	१७ ॥
	स्वाति	रूरेरोता	२८ ॥	२९ ॥	१७ ॥	१२ ॥	१५ ॥	२६	२७	२६	२८	२९	२७ ॥	१४ ॥	१३ ॥	२५ ॥	२५ ॥
	विशा.३	तितूते	२२ ॥	२२ ॥	२० ॥	१५ ॥	१० ॥	१८ ॥	१९ ॥	२१	२१	२२	२१	१८ ॥	१७ ॥	१९ ॥	१७ ॥
वृश्चि	विशा.१	तो	१६ ॥	१६ ॥	१४ ॥	१९ ॥	१४ ॥	२२ ॥	१२	१३ ॥	१३ ॥	१९	१८	१५ ॥	२१ ॥	२३ ॥	२१ ॥
	अनुरा.	ननानूने	२४ ॥	१५ ॥	१९ ॥	२४ ॥	२७ ॥	२० ॥	१०	१५	२० ॥	२६	१८	२१	२४ ॥	२० ॥	२९ ॥
	ज्येष्ठा	नोयायीयु	१२	१८ ॥	२४ ॥	२९ ॥	२२ ॥	२२ ॥	१२	२	५	१० ॥	२०	२६	३१	२३ ॥	१६ ॥
धनु	मूल	येयोभभी	१२	२०	२४ ॥	१९	१३	१६	२१	१५	१२	८	१७	२३ ॥	२५	१९	९ ॥
	पू.षा.	भूधफढ	२६	१८	१८	१२ ॥	१८	१०	१८	२७	२७	२३	१३	१७	१९	१७	२५
	उ.षा.१	भे	२४ ॥	२६	१२	६ ॥	१० ॥	१७	२५	२७	२७	२३	२३	९	८ ॥	२४	२५
मकर	उ.षा.३	भोजजी	२७	२८ ॥	१४ ॥	१२	१६	२२ ॥	२०	२२	२२	२८	२८	१४	४ ॥	२०	२१
	श्रवण	खीखूखेखो	२७	२६	१३ ॥	११	१६	२५	२२ ॥	२१	२२	२८	२६	१५	६ ॥	१८ ॥	२०
	धनि.२	ग गी	२०	११	२६	२३ ॥	२०	१२	९ ॥	१६ ॥	१५	२१	१३	२७	१९ ॥	५ ॥	१२ ॥
कुम्भ	धनि.२	गु गे	२०	११	२६	३० ॥	२७	१९	१२	१९	१७ ॥	१२ ॥	४ ॥	१८ ॥	२५ ॥	११ ॥	१८ ॥
	शत.	गोसासीसू	१५	२१	२८	३२ ॥	२५	२७	२०	१२	१३	६ ॥	१४ ॥	२० ॥	२६ ॥	२० ॥	१२ ॥
	पू.भा.३	सेसोद	१८	२५	२०	२४ ॥	३१ ॥	३१ ॥	२४ ॥	१७	१७	१२	२०	१२ ॥	१९ ॥	२५ ॥	१६ ॥
मीन	पू.भा.१	दी	१४ ॥	२१ ॥	१६	१९	२६	२६	२५ ॥	१८	१८	१७	२५	१७ ॥	१७	२३ ॥	१४ ॥
	उ.भा.	दूथझञ	२४ ॥	१६ ॥	१८ ॥	२१	२६	१८	१७ ॥	२५ ॥	२८	२७	१९	२१	१८ ॥	१६ ॥	२५ ॥
	रेवती	देदोचची	२५	२४ ॥	११ ॥	१४	१७	२६	२५ ॥	२४ ॥	२६ ॥	२५ ॥	२७	१४	१३	२३ ॥	२३ ॥

वधु ↓ ॐ		वर →	कन्या			तुला			वृश्चिक			धनु			मकर			कुम्भ			मीन		
			उफा.३	हस्त	चित्रा२	चित्रा२	स्वाति	वि. ३	वि. १	अनु.	ज्येष्ठा	मूल	पू.षा.	उषा.१	उषा.३	श्रवण	धनि.२	धनि.२	शत.	पूभा.३	पूभा.१	उ.भा.	रेवती
मेष	अश्वि.	चूचेचोला	११ ना.ष.	९ यो.ना.ष.	१३ ष.	२२ ॥	२६॥ यो.	२२ ॥	१८॥ ष.	२५॥ ष.	१४ ना.ष.	१३ ना.न.	२५ न.	२३॥ न.	२५	२६	२०	२०	१५ ना.	१६ ना.	१४॥ ना.द्वि.	२४॥ द्वि.	२६ द्वि.
	भरणी	लिलूलेलो	२१॥ ष.	२० ष.	४ ग.ना.ष.	१३॥ ना.ग.	२९ ॥	२१॥ ग.	१७॥ ग.ष.	१७॥ ना.ष.	१९ ग.ष.	२० न.ग.	१८ ना.न.	२६ न.	२७ ॥	२६	१० ग.ना.यो.	१० ग.ना.यो.	२० ग.	२४ यो.	२२॥ यो.द्वि.	१७॥ ना.द्वि.	२६॥ द्वि.
	कृति.१	अ	१५ ॥	१५ ॥	१८	२७ ॥	१५ ॥	१९ ॥	१५ ॥	१९ ॥	२५ ॥	२४ ॥	१८	१२	१३ ॥	११ ॥	२५	२५	२७	१९ ॥	१७ ॥	१९ ॥	११ ॥
वृष	कृति.३	इउए	२१	२१	२३ ॥	२२ ॥	१० ॥	१४ ॥	२० ॥	२४ ॥	३० ॥	२०	१३ ॥	७॥	१२	१०	२३ ॥	२९ ॥	३१ ॥	२३ ॥	२०	२२	१४
	रोहिणी.	ओववीवू	२६	२६	२०	१९	१५ ॥	९ ॥	१५ ॥	२९ ॥	२३ ॥	१४	१९	११ ॥	१६	१७	२०	२४ ॥	२४ ॥	३० ॥	२७	२७	१९
	मृग.२	वे वो	२३ ॥	२६	१३	१२	२५	१८ ॥	२४ ॥	२१ ॥	२४ ॥	१५	१०	१७	२१ ॥	२५	१३	१९	२७	२९ ॥	२६	१८	२७
मिथु	मृग.२	क की	३१ ॥	३४	२१	१४	२७	२० ॥	१४	११	१४	२३	१८	२५	२०	२३ ॥	११ ॥	१३	२१	२३ ॥	२५ ॥	१७ ॥	२६ ॥
	आर्द्रा	कूघङछ	२४ ॥	२४ ॥	२८	२१	२७	२१	१४ ॥	१७	६	१६	२८	२८	२३ ॥	२३ ॥	१७ ॥	१९	१२	१७	१९ ॥	२६ ॥	२६ ॥
	पुन.३	केकोह	२४ ॥	२५ ॥	२७ ॥	२० ॥	२८	२२	१५ ॥	२१ ॥	७	१४	२७	२७	२२	२३	१७	१८ ॥	१४	१६	१८	२८	२७ ॥
कर्क	पुन.१	ही	१८	१९	२१	२० ॥	२८	२२	२०	२६	११ ॥	८	२१	२१	२६	२७	२१	१२ ॥	८	१०	१६	२६	२५ ॥
	पुष्य	हूहेहोडा	२६	२७	१२	११ ॥	२६ ॥	२१	१७	१८	२१	१७	११	२१	२६	२५	१३	४ ॥	१४ ॥	१८	२४	१८	२७
	आश्ले.	डीडूडेहो	२१	२१	२६	२५ ॥	१२ ॥	१७ ॥	१५ ॥	२०	२६	२२ ॥	१६	८	१३	१३	२६	१७ ॥	१९ ॥	११ ॥	१७ ॥	२१	१३
सिंह	मघा	ममीमेमो	१६ ॥	१६ ॥	२१ ॥	२४ ॥	११ ॥	१६ ॥	२२ ॥	२५ ॥	३३	२५	१९	८ ॥	३ ॥	४ ॥	१८ ॥	२४ ॥	२५ ॥	१८ ॥	१८ ॥	१९ ॥	१३
	पू.फा.	मोटाटीटू	२२ ॥	२२ ॥	७ ॥	१० ॥	२५ ॥	१८ ॥	२४ ॥	२३ ॥	२५ ॥	१९	१७	२४	१७ ॥	१८ ॥	४ ॥	१० ॥	१९ ॥	२४ ॥	२४ ॥	१७ ॥	२५ ॥
	उफा.१	टे	१७	१६	१३ ॥	१६ ॥	२५ ॥	१६ ॥	२२ ॥	३१ ॥	१७ ॥	९ ॥	२५	२५	२०	२०	११ ॥	१७ ॥	११ ॥	१५ ॥	१५ ॥	२६ ॥	२५ ॥
कन्या	उफा.३	टोपपी	२८	२७	२४ ॥	१६ ॥	२५ ॥	१६ ॥	१८	२७	१३	१४	२९ ॥	२९ ॥	२४ ॥	२४ ॥	१६	१६ ॥	१० ॥	१४ ॥	१७ ॥	२८ ॥	२७ ॥
	हस्त	पूषणठ	२६	२८	२८	२०	२६ ॥	१८ ॥	२०	२६	१३	१५	२७	२८ ॥	२३ ॥	२४ ॥	१८ ॥	१९	८ ॥	१३ ॥	१६ ॥	२६ ॥	२७ ॥
	चित्रा२	पे पो	२४ ॥	२७	२८	२०	१९	२६ ॥	२८	११	२५	२८	१४	२२	१७	१८ ॥	१५	१६	२४	१६ ॥	१९ ॥	१० ॥	११ ॥
तुला	चित्रा२	र रा	१७ ॥	२०	२९	२८	२७	३४ ॥	२३ ॥	६ ॥	२० ॥	२८	१४	२२	२५	२६ ॥	२३ ॥	१८	२६	१८ ॥	१२ ॥	३ ॥	१२ ॥
	स्वाति	रूरेरोता	२५ ॥	२७ ॥	२१	२८	२८	२०	९	२१ ॥	१६ ॥	२३	२७	१९	२२	२३	२६ ॥	२१	२०	२५	१९	१९ ॥	१२ ॥
	विशा.३	तितूते	२७ ॥	१८ ॥	२७ ॥	३४ ॥	१९	२८	१७	१६	२० ॥	२८	२२	१४	१७ ॥	१७ ॥	३०	२४ ॥	२६	२०	१४	१३	४ ॥
वृश्चि	विशा.१	तो	१७	१८	२७	२२ ॥	७	१६	२८	२७	३१ ॥	२२ ॥	१६ ॥	८ ॥	१२	१२	२५	२४	२५ ॥	१९ ॥	१९	१८	९ ॥
	अनुरा.	ननानूने	२५	२५	११	६ ॥	२० ॥	१६	२८	२८	२९ ॥	१५ ॥	१३ ॥	२१ ॥	२५	२६	१२	११	२१	२४ ॥	२४	१८	२७
	ज्येष्ठा	नोयायीयु	१२	११	२४	१९ ॥	१४ ॥	१९ ॥	३१ ॥	३०	२८	१४	१६ ॥	१६ ॥	२०	२०	२५	२४	१८	१०	९ ॥	२१	२१
धनु	मूल	येयोभभी	१३	१३	२७	२७	२१	२६	२३ ॥	१५ ॥	१५	२८	२८	२६ ॥	१५	१५	२०	२८ ॥	२१ ॥	१४ ॥	१६	२५	२६
	पू.षा.	भूधफढ	२८ ॥	२७	१३	१३	२७	२१	१७ ॥	१५	१७ ॥	२८	२८	३४	२२ ॥	२३	६	१४ ॥	२३ ॥	२८ ॥	३०	२३	३१
	उ.षा.१	भे	२८ ॥	२८ ॥	२१	२१	१९	१३	९ ॥	२३ ॥	१७ ॥	२६ ॥	३४	२८	१६ ॥	१४ ॥	१५	२३ ॥	२३ ॥	२९ ॥	३१	३१	२३
मकर	उ.षा.३	भोजजी	२४ ॥	२४ ॥	१७	२४	२२	१६	१३	२७	२१	१६	२३ ॥	१७ ॥	२८	२६	२६ ॥	१७	१७	२३	३० ॥	३० ॥	२२ ॥
	श्रवण	खीखूखेखो	२३ ॥	२४ ॥	१९ ॥	२६ ॥	२२	१७	१४	२७	२२	१७	२३	१४ ॥	२५	२८	२८	१८ ॥	१८	२१	२८ ॥	२९ ॥	२२ ॥
	धनि.२	ग गी	१५	१७ ॥	१५ ॥	२२ ॥	२४ ॥	२९	२६	१२	२६	२१	७	१६	२६ ॥	२७	२८	१८ ॥	२३ ॥	१९	२६ ॥	१५ ॥	२२ ॥
कुम्भ	धनि.२	गु गे	१७ ॥	१९	१७	१८	२०	२४ ॥	२५	११	२५	२९ ॥	१५ ॥	२४ ॥	१८	१८ ॥	१९ ॥	२८	३३	२८ ॥	१८ ॥	७	१४
	शत.	गोसासीसू	११ ॥	८ ॥	२५	२५	१९	२६	२६ ॥	२१	१९	२२ ॥	२४ ॥	२४ ॥	१८	१८	२४ ॥	३३	२८	१९	८ ॥	१७	१६
	पू.भा.३	सेसोद	१५ ॥	१५ ॥	१७ ॥	१८ ॥	२६	२०	२० ॥	२६ ॥	११	१५ ॥	२९ ॥	३० ॥	२४	२३	२०	२८ ॥	१९	२८	१७ ॥	२२ ॥	२०
मीन	पू.भा.१	दी	१६ ॥	१६ ॥	१८ ॥	११ ॥	१९	१३	१९	२५	९ ॥	१५	२९	३०	२९ ॥	२८ ॥	२५ ॥	१७	७ ॥	१६ ॥	२८	३३	३० ॥
	उ.भा.	दूथझञ	२७ ॥	२६ ॥	९ ॥	२ ॥	१९ ॥	१२	१८	१९	२१	२४	२२	३०	२९ ॥	२९ ॥	१४ ॥	६	१६	२१ ॥	३३	२८	३५
	रेवती	देदोचची	२५ ॥	२६ ॥	१९ ॥	१२ ॥	११ ॥	४ ॥	१० ॥	२७	२२	२६ ॥	२९	२१	२० ॥	२१ ॥	२२ ॥	१४	१६	१८	२९ ॥	३४	२८

वर-वधु गुण मिलान में नाड़ी आदि ज्ञान हेतु अवकहडा चक्र

अक्षर	चू चे चो,ला	ली,लू ल,लो	अ ई उ ए	ओ वा वी वू	वे वो का की	कू घ ङ छ	के को हा ही	हू हे हो डा	डी डू डे डो	मा मी मू मे	मो टा टी टू	टे टो पा पी	पू पा ण ठ	पे पो रा री
नक्षत्र	अश्वि.	भरणी	कृति.	रोहि.	मृग.	आर्द्रा	पुनर्व.	पुष्य	आश्ले.	मघा	पू.फा.	उ.फा.	हस्त	चित्रा
राशि	मेष	मेष	मे१वृ३	वृष	वृ२मि२	मिथुन	मि३क१	कर्क	कर्क	सिंह	सिंह	सिं१क३	कन्या	क२तु२
वर्ण्ण	क्षत्री	क्षत्री	क्ष१वै३	वैश्य	वै२शू२	शूद्र	शू३ब्रा१	ब्राह्मण	ब्राह्मण	क्षत्री	क्षत्री	क्ष१वै३	वैश्य	वै२शू२
वश्य	चतुष्प.	चतुष्प.	चतुष्प.	चतुष्प.	च२मा२	मानव	मा३ज१	जलचर	जलचर	वनचर	वनचर	व१मा३	मानव	मानव
योनि	अश्व	गज	मेष	सर्प	सर्प	श्वान	मार्जा	मेष	मार्जा	मूषक	मूषक	गौ	महिष	व्याघ्र
राशि स्वामी	मंगल	मंगल	मं१शु३	शुक्र	शु२बु२	बुध	बु३चं१	चन्द्र	चन्द्र	सूर्य	सूर्य	सू१बु३	बुध	बु२शु२
गण्ण	देव	मनुष्य	राक्षस	मनुष्य	देव	मनुष्य	देव	देव	राक्षस	राक्षस	मनुष्य	मनुष्य	देव	राक्षस
नाड़ी	आदि	मध्य	अंत्य	अंत्य	मध्य	आदि	आदि	मध्य	अंत्य	अंत्य	मध्य	आदि	आदि	मध्य
हंस—`	अग्नि	अग्नि	अ१भू३	भूमि	भू२वा२	वायु	वा३ज१	जल	जल	अग्नि	अग्नि	अ१भू३	भूमि	भू२वा२
युंजा	पूर्व	पूर्व	पूर्व	पूर्व	पूर्व	मध्य	मध्य	मध्य	मध्य	मध्य	मध्य	मध्य	मध्य	मध्य

अक्षर	रू रे रो ता	ती तू ते ता	ना नी नू ने	नो या यी यू	ये यो भ भी	भू ध ढ़ ढ	भे भो जा जी	खी खू खे खो	ग गी गू गे	गो स सी सू	से सो दा दी	दू थ झ त्र	दे दो चाची
नक्षत्र	स्वाती	विशा.	अनु.	ज्येष्ठा	मूल	पू.षा.	उ.षा.	श्रवण	धनि.	शत.	पू.भा.	उ.भा.	रेवती
राशि	तुला	तु३वृ१	वृश्चि.	वृश्चि.	धनु	धनु	ध१म३	मकर	म२कुं२	कुंभ	कुं३मी१	मीन	मीन
वर्ण्ण	शूद्र	शू३ब्रा१	ब्राह्मण	ब्राह्मण	क्षत्री	क्षत्री	क्ष१वै३	वैश्य	वै२शू२	शूद्र	शू३ब्रा१	ब्राह्मण	ब्राह्मण
वश्य	मानव	मा३की१	कीट	कीट	नर	नर१च२	चतुष्पद	च१॥ज१॥	ज२न२	नर	न३ज१	जलचर	जलचर
योनि	महिष	व्याघ्र	मृग	मृग	श्वान	वानर	नकुल	वानर	सिंह	अश्व	सिंह	गौ	गज
राशि स्वामी	शुक्र	शु३मं१	मंगल	मंगल	गुरु	गुरु	गु१श३	शनि	शनि	शनि	श३गु१	गुरु	गुरु
गण्ण	देव	राक्षस	देव	राक्षस	राक्षस	मनुष्य	मनुष्य	देव	राक्षस	राक्षस	मनुष्य	मनुष्य	देव
नाड़ी	अंत्य	अंत्य	मध्य	आदि	आदि	मध्य	अंत्य	अंत्य	मध्य	आदि	आदि	मध्य	अंत्य
हंस—`	वायु	वा३ज१	जल	जल	अग्नि	अग्नि	अ१भू३	भूमि	भू२वा२	वायु	वा३ज१	जल	जल
युंजा	मध्य	मध्य	मध्य	अंत्य	अंत्य	अंत्य	अंत्य	अंत्य	अंत्य	अंत्य	अंत्य	अंत्य	अंत्य

तारा का ज्ञान - अवकहडा चक्र से वर एवं कन्या के नाम के प्रथम अक्षर से अथवा नक्षत्र से राशी, राशी स्वामी, वर्ण, योनि, गण एवं नाड़ी जानकर क्रमश: भुकूट, ग्रहमैत्री, वर्ण, योनि, गण एवं नाडी गुण मिलान संख्या ज्ञात होती है. वर की तारा के लिए वर के नक्षत्र से कन्या के नक्षत्र तक गिनने पर जो संख्या मिले उसमें ९ का भाग देने पर शेष वर की तारा होती है, इसी प्रकार कन्या की तारा जानकर ९ का भाग देने पर वर-वधू की तारा संख्या ज्ञात होती है। तारा चक्र से गुण ज्ञात होते हैं।

प्रीति (मित्र) षड़ाष्टक						वैर षड़ाष्टक					
मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	तुला	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	तुला
वृश्चि	तुला	मकर	धनु	मीन	वृष	कन्या	धनु	वृश्चिक	कुम्भ	मकर	मीन

भुकूट गुण ७

ॐ	वर राशि												
	राशि	मे.	वृ.	मि.	क.	सिं.	क.	तु.	वृ.	धनु	मक	कु.	मी.
कन्या	मे.	७	०	७	७	०	०	७	०	०	७	७	०
	वृ.	०	७	०	७	७	०	०	७	०	०	७	७
	मि.	७	०	७	०	७	७	०	०	७	०	०	७
	क.	७	७	०	७	०	७	७	०	०	७	०	०
	सिं.	०	७	७	०	७	०	७	७	०	०	७	०
	क.	०	०	७	७	०	७	०	७	७	०	०	७
	तु.	७	०	०	७	७	०	७	०	७	७	०	०
	वृ.	०	७	०	०	७	७	०	७	०	७	७	०
	धनु	०	०	७	०	०	७	७	०	७	०	७	७
	मक	७	०	०	७	०	०	७	७	०	७	०	७
	कु.	७	७	०	०	७	०	०	७	७	०	७	०
	मी.	०	७	७	०	०	७	०	०	७	७	०	७

	कन्या का वर्ण				
	वर्ण्ण	ब्रा.	क्ष.	वै.	शूद्र
कन्या का वर्ण	ब्राह्मण	१	०	०	०
	क्षत्रिय	१	१	०	०
	वैश्य	१	१	१	०
	शूद्र	१	१	१	१

कन्या वश्य	वर वश्य				
	चतु	मा	जल	वन	कीट
चतुष्पद	२	१	१	०	१
मानव	१	२	१	०	१
जलचर	१	१	२	१	१
वनचर	०	०	१	२	०
कीट	१	१	१	०	२

४		वर की योनी													
	योनि	अश्व	गज	मेष	सर्प	श्वा	मा	मूष	गौ	महि	व्या	मृग	वान	न—ु	सिंह
कन्या की योनी	अश्व	४	२	३	२	२	३	३	३	०	१	३	२	२	१
	गज	२	४	३	२	२	३	३	३	३	२	३	२	२	०
	मेष	३	३	४	२	२	३	२	३	३	१	३	०	३	१
	सर्प	२	२	२	४	२	१	१	१	२	२	२	२	०	२
	श्वान	२	२	२	२	४	१	१	२	२	१	०	२	२	१
	मार्जा	३	३	३	१	१	४	०	२	२	१	२	२	२	२
	मूषक	३	३	२	१	१	०	४	२	२	२	२	२	२	१
	गौ	३	३	३	१	२	२	२	४	३	०	३	२	२	१
	महिष	०	३	३	२	२	२	२	३	४	१	२	२	२	३
	व्याघ्र	१	२	१	२	१	१	२	०	२	४	१	१	२	२
	मृग	३	३	३	२	०	२	२	३	२	१	४	२	२	२
	वानर	२	२	०	२	२	२	२	२	२	१	२	४	२	२
	नकुल	२	२	३	०	२	२	२	२	२	२	२	२	४	२
	सिंह	१	०	१	२	१	२	१	१	३	२	२	२	२	४

5. ग्रह मैत्री		वर राशि स्वामी						
स्वामी ग्रह		सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.
कन्या का राशि स्वामी	सूर्य	५	५	५	४	५	०	०
	चंद्र	५	५	४	१	४	॥	॥
	मंगल	५	४	५	॥	५	३	॥
	बुध	४	१	॥	५	॥	५	४
	गुरु	५	४	५	॥	५	॥	३
	शुक्र	०	॥	३	५	॥	५	५
	शनि	०	॥	॥	४	३	५	५

कन्या	३. वर की तारा								
	१	२	३	४	५	६	७	८	९
१	३	३	१॥	३	१॥	३	१॥	३	३
२	३	३	१॥	३	१॥	३	१॥	३	३
३	१॥	१॥	०	१॥	०	१॥	०	१॥	१॥
४	३	३	१॥	३	१॥	३	१॥	३	३
५	१॥	१॥	०	१॥	०	१॥	०	१॥	१॥
६	३	३	१॥	३	१॥	३	१॥	३	३
७	१॥	१॥	०	१॥	०	१॥	०	१॥	१॥
८	३	३	१॥	३	१॥	३	१॥	३	३
९	३	३	१॥	३	१॥	३	१॥	३	३

६.गण कूट

		वर का गण		
कन्या	गण	देव	मनु	राक्ष
	देव	६	५	१
	मनु	६	६	०
	राक्ष	०	०	६

८. नाडी कूट

		वर नाड़ी		
कन्या	नाड़ी	आ.	म.	अं
	आदि	०	८	८
	मध्य	८	०	८
	अन्त्य	८	८	०

५. निसर्ग मैत्री

ग्रह मैत्री	सूर्य	चंद्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
मित्र	चं.मं.गु.	सूर्य,बुध	सू.चं.गु.	सू.शु.	सू.चं.मं.	बु.श.	बु.शु.
सम	बुध	अन्य ग्रह	शुक्र,शनि	मं.गु.श.	शनि	मं.गु.	गुरु
शत्रु	शुक्र,शनि	----	बुध	चंद्र	बु.शु.	सू.चं.	सू.चं.मं.

अष्टकूट मिलान से विचारणीय विषय

वर्ण से वर-वधू के मध्य आपसी तालमेल, वश्य से परस्पर आदर भाव, तारा से स्वास्थ्य, योनि से सामजस्य, ग्रहमैत्री से वौद्धिक स्तर पर तालमेल, गण से आपसी मिजाज, भकूट से पारिवारिक मेलजोल, नाड़ी से परस्पर भौतिक स्वास्थ्य तालमेल का विचार किया जाता है।

तीन प्रकार के विष कन्या योग

१. जनोर्लग्ने रिपुक्षेत्रे, संस्थितः पाप खेचरः। द्वौ सौम्यावपि योगेश्मिन्, संजाता बिषकन्यकः॥ जिस कन्या के जन्म लग्न में एवं रिपु(छटे)भाव में पापग्रह (सूर्य,क्षीण चन्द्र, मंगल,शनि, राहू, केतु)हों एवं दो शुभ ग्रह हों तो बिषकन्या योग होता है। यदि पापग्रहों के साथ दो से अधिक शुभ ग्रह हों तो बिषकन्या योग नहीं होता है।

२. लग्ने शनैश्चरो यस्याः, सुतेऽर्कौ नवमे कुजः। बिषाख्या सापि नोद्वाह्या त्रिविधा बिषकन्यकाः॥ यदि कन्या के लग्न में शनि, पांचवें सूर्य, नवें मंगल हो तो बिषकन्या होती है।

३. सूर्य भौमार्कि वारेषु, तिथि भद्रा शताधिकम्। आश्लेषा कृतिका चेत् स्यात्तत्र जाता बिषाङ्गना॥ यदि कन्या के जन्म के समय २ तिथि, आश्लेषा नक्षत्र और शनिवार हो या ७ तिथि, कृतिका नक्षत्र और शनिवार हो या ७,१२ तिथि, शतभिषा नक्षत्र और मंगलवार हो या १२ तिथि, विशाखा नक्षत्र और रविवार का योग हो तो विषकन्या योग होता है।

॥ विषकन्या योग ॥

तिथि	२	७	७, १२	१२
वार	शनिवार	शनिवार	मंगलवार	रविवार
नक्षत्र	अश्लेषा	कृतिका	शतभिषा	विशाखा

बिषकन्या योग परिहार

सावित्र्यादि व्रतं कृत्वा, वैधव्य विनिवृत्तये। अश्वत्थादिभिरूद्वाह्य, दद्यात्तां चिरजीविने॥ ऐसी कन्या को ज्येष्ठ शुक्ल १४ को सावित्री का व्रत करने पर दोष शांत हो जाता है। विषकन्या का सर्वप्रथम पीपल से विवाह करके, जिस वर की कुण्डिली में अधिक आयु का योग हो ऐसे वर से विवाह करने की शास्त्राज्ञा है।

विवाह में कुंडली मिलान

जन्म राशि से मिलान करें या नाम राशि से ?

कार्य के अनुसार जन्म राशि या नाम राशि विचार

(अ) विवाहे सर्वमांगल्ये , यात्रादौ ग्रहगोचरे। जन्मराशेः प्रधानत्वं, नाम राशिं न चिंतयेत्॥ भावार्थ - विवाह एवं अन्य मांगलिक कार्य, यात्रा एवं गोचर ग्रह फलादेश करने में जन्म राशि से ही विचार करना चाहिए।

(ब) देशे ग्रामे गृहे युद्धे, सेवायां व्योहारके। नाम राशे प्रधानत्वं, जन्म राशिं न चिंतयेत्॥ काकिण्यां वर्गशुद्धौ च, वादे द्युते स्वरोदये। मंत्रे पुनर्भूवरणे च, नाम राशेः प्रधानता॥ भावार्थ - देश या ग्राम में निवास हेतु कांकिणी विचार, गृह प्रवेश, वाद-विवाद, नौकरी, एवं दैनिक व्यवहार के कार्यों में नाम राशि से विचार करना चाहिये।

यदि वर या वधु में से किसी की जन्म राशि ज्ञात न हो तव क्या करें ?

मुहू. सग्रह दर्पण (वसिष्ठ)- के अनुसार - अज्ञात जन्मनां नृणां, नाम्नि भं परिकल्पयेत्। तैनेव चिंतयेत् सर्वं, राशि कूटादि जन्मवत्॥ जन्मभं जन्म धिष्णयेन, नाम धिष्णयेन नामभम्। व्यत्ययेन यदा योज्यं, दम्पत्योर्निधनं भवेत् ॥ भावार्थ :- वर वधु में से किसी एक की अज्ञात जन्म राशि होने पर दोनों के प्रचलित नाम राशियों से कुंडली मिलान देखना चाहिये, अन्यथा अनिष्ट की संभावना होती है।

कितने गुण मिलने पर शुभ मिलान का आदेश करें ?

अष्टकूटों के कुल गुण ३६ में से आधे १८ गुण मिलान होने पर शुभ होने की परम्परा है। मुहूत्त गणपति के श्लोक क्रमांक १३ में - गुणाधिको समुद्वाह कत्तव्यो वर कन्ययो:।। यह लिखकर केवल अधिक गुण मिलान का आदेश किया है। न्यूनतम गुण संख्या का स्पष्ट उल्लेख नहीं है। मुहूत्त चिंतामणि के किसी भी श£ोक में न्यूतम् गुण मिलान संख्या का आदेश नहीं है। इसकी श्री योगेश्वर पाठक की टीका में न्यूनतम् १८ गुण का एक श्लोक मिला है - अशुभोऽष्टादशाल्पश्चेत्, शुभस्त्वष्टादशाधिकः।गुणयोगः शुभोऽतीव, सप्तविंशाधिकः स्म्तः॥अन्यत्र सूत्र : - गुणै षोडशभिर्निन्दं, मध्यमा विंशतिस्तथा। श्रेष्ठं त्रिंशद् गुणं यावत, परतस्तूत्तमोत्तमः॥ भावार्थ :- १६ तक गुण मिलान निंदनीय हैं। १७ से २० तक गुण मिलान मध्यम हैं। २३ तक गुण श्रेष्ठ हैं। २३ से अधिक गुण मिलान उत्तरोत्तर उत्तम हैं। (मंगलीक, षडाष्टक इत्यादि का सपरिहार शुभ हो तो उसके वाद शुभ कुंडली मिलान का आदेश करें)

नाड़ी दोष परिहार

(१) - मुहू.संग्रह दर्पण- विवाह प्रकरण, श्लोक ८४

नाड़ी दोषस्तु विप्राणां, वर्ण दोषस्तु क्षत्रिणः। गण दोषस्तु वैश्यानां, योनि दोषस्तु पादुजान्॥ भवार्थ : - ब्राम्हण वर्ण के लिये नाड़ी दोष, क्षत्रिय को वर्ण दोष, वैश्य के लिये गणदोष और क्षुद्रों को योनि दोष त्याज्य है।

(२) - राश्यैक्ये चेद् भिन्नमृक्षं द्वयोः, स्यान्नक्षत्रैक्ये राशि युग्मं तथैव। नाड़ी दोषो नो गणानां च दोषो, नक्षत्रैक्ये पादभेदे शुभं स्यात्॥ मुहू. कल्पद्रुमः- ॠक्षं भिन्नं राशिरोयदि स्याद्, राशि द्वन्द्वं चैकमृक्षं यदापि। नक्षत्रैक्ये पादभेदो यदि स्यान, नाड़ी दोषो नो गणास्यापि दोषः॥ भावार्थ- यदि वर एवं कन्या की राशी एक ही हो तथा नक्षत्र भिन्न-भिन्न हों अथवा नक्षत्र एक ही हों तथा नक्षत्र चरण भिन्न-भिन्न हों तो नाड़ी और गण दोष नहीं होता है।

(३) ज्योतिष चिंतामणिः- रोहिण्याद्रा मृगेन्द्रागनी पुष्य श्रवण पौष्णभम्। अहिर्बवुध्न्यऋषमे तेषां नाड़ी दोषो न विद्यते ।। भावार्थ - रोहिणी, मृगशिर, आद्रा, ज्येष्ठा, कृतिका, पुष्य, श्रवण, रेवती एवं उत्तराभाद्रपद नक्षत्रों में दोनों का एक नक्षत्र हो तो नाड़ी दोष नहीं होता है।

(४) - हेमाज्य रत्नगोदानं मृत्युंजय जपं तथा। कुर्यादावश्यके द्वाहे नाड़ी दोषापनुत्तये॥भवार्थः- अति आवश्यकता में स्वर्णादि रत्न एवं गोदान तथा मृत्युंजय जाप कराने से नाड़ी दोष की शान्ति कराई जा सकती है।

दुष्ट भकूट - षडाष्टक , नवमपंचम एवं द्विद्वादशदोष परिहार

यदि वर एवं कन्या की राशियां परस्पर छटवीं-आठवीं, नवम-पंचम या द्वितीय-द्वादश हो तो मिलान निषेध होता है।

परिहार -(१) प्रोक्ते दुष्टभकूटेति राश्योरेकाधिपत्यके। मैत्र्या चोद्वाहनं श्रेष्ठं ह्येकनाडी न चेत्तयोः॥ राशिपौ वैरभावेऽपि मैत्रो चेत् स्यात्तदंशयोः। नाड़ी पश्येच्च ताराणां शुद्धमुद्वाहनं शुभम्॥ यदि वरकन्या की राशियों का स्वामी एक ग्रह हो या परस्पर मित्रता हो या दोनों की नाड़ी एक न हो तो दुष्टकूट दोष न होकर मिलान शुभ होता है। इसी प्रकार यदि वरकन्या के नवांश स्वामियों में मित्रता तथा राशि नाथों में शत्रुता रहने पर भी नाड़ी एवं तारा शुद्धि हो तो विवाह शुभ होता है।

(२)मुहू. गणपतिः- ताम्रं द्विद्वादशे दद्यात् सुवर्णं च षडष्टके। गोयुग्मं नवपंच्याख्ये स्वर्णं वर्णादिदूषणे॥ द्विद्वादश योग में तांबा, षडाष्टक में सोना, नवमपंचम दोष में दो गायें एवं वर्णादि दोष में सोना दान कर विवाह शुभ होता है।

मंगलीक योग एवं परिहार

लग्ने व्यये च पाताले, जामित्रे चाष्टमे कुजे। कन्या भर्तुर्विनाशाय, भर्ता कन्या विनाशदः।। अर्थात लग्न या चंद्र से १, ४, ७, या १२ वें भाव में मंगल होने पर जन्म कुंडली मंगलीक होती है। कन्या के मंगलीक हाने पर वर को हानि या वर के मंगलीक होने पर कन्या को हानिकारक होता है।

(१) कुज दोष वती देया, कुज दोष वते किल। नास्ति दोषो चानिष्टं दम्पत्यो सुख वर्धनम्।। भावार्थ- वर कन्या दोनों के मंगलीक होने पर विवाह शुभ है।

(२) शनि भौमोऽथवा कश्चित, पापो व तादृशो भवेत्। तेष्वेव भवनेष्वेव, भौम दोष विनाश कृत्।। भावार्थ- यदि एक की जन्म कुण्डली में मंगल दोष हो और दूसरे की कुण्डली में उन्हीं स्थानों में मंगल, शनि, सूर्य, राहू, केतु पाप ग्रह हो तो मंगल दोष भंग हो जाता है।

(३) राशीमैत्रं यदा याति गणैक्यं वा यदा भवेत्। अथवा गुण बाहुल्ये भौम दोषो न विद्यते।। भावार्थ- यदि राशि मैत्री एवं एक ही गण हो या २७ से अधिक गुण मिले हों तो मंगल दोष अविचारणीय होता है।

(४) ज्योतिष रत्नमाला :- सप्तमे वाऽष्टमे भौमे, गुरु णा चेन्निरीक्षितः। तदा तु सर्वसौख्यं स्यात, भौमदोषो विनश्यति॥ भावार्थ :- सप्तम् या अष्टम् में वैठे मंगल पर यदि गुरु की दृष्टि हो तो मंगल दोष समाप्त होकर सर्व सुख प्रदायक हो जाता है।

(५) अस्त नीचस्थ संधिश्च , बलहीनं भौमः यदा।जीव पश्च्योयुर्तिराहु, भौम दोषो तदा नहि।। भावार्थ- अस्त, संधिगत या नीच राशि गत , इस प्रकार बलहीन मंगल का दोष नगण्य होता है, अथवा गुरु से दृष्ट या राहु से युत मंगल की स्थिति में भी मंगल दोष नहीं होता है।

(६) अजे लग्ने व्यये चापे, पाताले वृश्चिके कुजे। द्यूने मृगे कर्कीचाष्टौ, भौमदोषो न विद्यते॥ भावार्थ- यदि मेष राशि का मंगल लग्न में, वृश्चिक का चौथे भाव में,मकर का सातवे में, कर्क का आठवे में या धनु का मंगल वारहवे भाव में हो तो भौम दोष नहीं होता है।

ग्रह मैत्री से गण, योनि, वर्ण एवं षडाष्टकदोष परिहार

बृहज्जयोतिःसार-गणदोषो योनिदोषो वर्णदोषः षडाष्टकम्। चत्वारि नैव दुष्यंति, राशी मैत्री यदा भवेत्।। ग्रह मैत्री होने पर चारों दोष शान्त होकर विवाह शुभ होता है। गण दोष विशेष में - मैत्र्यां राशीशयोरंशस्वामिनोर्वरकन्ययोः। न तत्र गणदोषः स्वाद्विवाहः शुभदो मतः।। अर्थात यदि वरकन्या के राशि या नवांश के स्वामियों में मित्रता हो तो गणदोष नहीं होता है।

विवाह लग्न शोधन विधि एवं गोधूलि लग्न

(१) मुहूर्त ग्रंथों के अनुसार विवाह लग्न से ३, ६, ८, ११ वें सूर्य, राहू, केतु व शनि शुभ होते हैं। ३, ६, ११ वें मंगल, २, ३, ११ वें चंद्र, १, २, ३, ४, ५, ६, ९, १०, ११ वें गुरु तथा बुध तथा १, २, ४, ५, ९, १०, ११ वें स्थान में शुक्र शुभ होते है।

(२) त्रिविक्रम संहिता के अनुसार - त्याज्या लग्ने अब्दयो मंद: षष्टे शुक्रेन्दु लग्नपा:। रन्ध्रे चंद्रादय: पंच, सर्वे अब्ज गुरु समौ॥ भावार्थ- लग्न में चंद्र या पापग्रह न हों, लग्न से छटे घर में शुक्र चंद्र या लग्नेश न हों, आठवें स्थान में चंद्र, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र व लग्नेश न हों सप्तम् भाव में कोई भी ग्रह नहीं होना चाहिए। परिहार स्वरूप सातवें चंद्र तथा गुरु सम फ ल करते हैं, १२वें शनि, ३ रे शुक्र, चतुर्थ में राहू, दशम भाव में मंगल का दोष यथोचित दानादि से शांति हो जाती है। इसलिये पंचांग में विवाह लग्न के साथ जहां दान लिखा हो वहां दानादि करवाना चाहिए।

(३) लग्न कर्तृरी दोष, अष्टम मंगल, छटें-बारहवें चंद्र, एवं छटें-आठवें शुक्र इत्यादि दोषों का परिहार संबंधित ग्रह के निर्बल होने या बुध-गुरु -शुक्र के केन्द्र या त्रिकोण में हो जाता है।

विवाह लग्न में पंचेष्ठ बल - लग्न में ग्रहों के जो शुभ स्थान बताये गये हैं, उनमें ग्रह रहने पर प्रत्येक ग्रह को एक बल प्राप्त होता है। लग्न में सूर्यादि ९ ग्रहों में से कम से कम ५ ग्रह शुभ स्थान में होने पर लग्न को ५ अंक बल प्राप्त होने पर लग्न ग्राह्य हो जाती है। इसे ही पंचेष्ट बल कहते हैं।

विवाह लग्न में विंशोपक बल - उपरोक्त पंचेष्ट बल पद्धति में प्रत्येक ग्रह को एक समान बली माना गया है, जवकि वास्तव में प्रत्येक ग्रह का नैसर्गिक बल पृथक-पृथक होता है । मुहुर्त चिंतामणि के अनुसार चंद्र बल-५, सूर्यबल-३।३०, मंगलबल-१।३०,गुरु का बल-३, शनि, राहू, और केतु का बल मंगल के समान (डेढ़-डेढ़) होता है। नैसगृक बल लेने के कारण विंशोपक पद्धति, पंचेष्ट से सूक्ष्म है। समस्त ग्रहों के नैसर्गिक बल का योग २० होने से यह विंशोपक कहलाता है। इस पद्धति में १० बल प्राप्त होने पर लग्न ग्राह्य हो जाती है।

विवाह मुहूर्तों में १० दोष - (१) लत्ता (२) पात (३) युति (४) वेध (५) जामित्र (६) मृत्युवाण (७) एकार्गल (८) उपग्रह (९) क्रान्सिाम्य और (१०) दग्धा तिथि, कृमानुसार दश दोष होते हैं। सीधी रेखा (।) दोष अभाव अर्थात् गुण की सूचक है तथा वक्र रेखा (ऽ) दोष सूचक होती है।

गोधूली लग्न - कुलिक: क्रांतिसाम्यं च लग्ने षष्ठाष्ठमे शशी। तदा गोधूलिका त्याज्य: पंच दोषश्च दूषित:।।विवाह मुहूर्त में पंचांग शुद्धि के साथ-साथ लग्न में चन्द्र एवं पापग्रह शुद्धि, षष्ठ भाव में चन्द्र शुद्धि तथा अष्टम में चन्द्र-मंगल शुद्धि देखकर तथा क्रांतिसाम्य काल छोडक़र गोधूलि लग्न स्वीकार की गई है। गुरु वार को सूर्यास्त के उपरान्त एवं शनिवार को सूर्यास्त के पहले कुलिक होने से उस समय गोधूलि लग्न त्याज्य है।

गोधूलि लग्न समय- सूर्यास्त काल से आधा घटि (१२ मिनट) पहले व १२ मिनट वाद तक, जिस समय गाय आदि चौपाये अपने-अपने घरों को लौटते हुए अपने खुरों से मार्ग में धूल उड़ाते हुए आते हैं, उस काल को मुहूत्र्त शास्त्रों में गोधूलि कहा है।

बली लग्न एवं शुभ योगों से अनेक अशुभ योगों का परिहार

बली लग्न से अनेक दोषों का परिहार

विवाह, मुंडन, उपनयन आदि मांगलिक कार्यों में पंचाग शुद्धि (शुभ तिथि, वार, नक्षत्र, योग एवं करण) के पश्चात लग्न शुद्धि की जाती है। लग्न शुद्धि के विना जो कुछ भी शुभ कार्य किया जाता है, उसका फ ल वैसे ही व्यर्थ जाता है जैसे ग्रीष्मकाल में बिना जल के नदी। सूत्र- लग्न वीर्यं विना यत्र यत्कर्म क्रियते बुधै:। तत्फ लं विलयं याति ग्रीष्मे कुसरिता यथा॥ अन्य सूत्र- सर्वे दोषा: विनश्यन्ति लग्न शुद्धिर्यदा भवेत्।

(अ) मुहूर्त चिंतामणि के अनुसार -केन्द्रे कोणे जीव आये रवौ लग्ने चंद्रे वापि वर्गोत्तमे वा। सर्वे दोषा नाशमायन्ति चंद्र लाभे तद्वमुहूत्र्त नवांश दोषा:॥ भावार्थ- यदि गुरु केन्द्र या त्रिकोण में हों, सूर्य ग्यारहवैं भाव में हों या लग्न वर्गोत्तम या चंद्र वर्गोत्तम में हों तो समस्त दोष नष्ट हो जाते हैं। यदि चंद्र ग्यारहवें भाव में हों तो नवांश दोष भी नष्ट होकर शुभ मुहूत्र्तकाल हो जाता है।

(ब) मुहूर्तचिंतामणि के अनुसार -त्रिकोणे केन्द्र वा मदनरहिते दोषशतकं हरेत्सौम्या: शुक्रो द्विगुणमपि लक्षं सुरगुरु । भवेदाये केन्द्रेऽङ्गप उत लवेशो यदि तदा समूहं दोषानां दहन इव तूलं शमयति॥ भावार्थ-यदि बुध केन्द्र या त्रिकोण में हों तो सौ दोष, यदि शुक्र केन्द्र या त्रिकोण में हों तो एक हजार दोष और यदि गुरु केन्द्र या त्रिकोण में हों तो एक लाख दोषों का नाश करते हैं। यदि लग्नेश या नवांशेश ग्यारहवें भाव में हो तो दोषों का समूह उसी तरह नष्ट हो जाता है जैसे आग से रुई का ढेर।

(स) मुहूर्त चिंतामणि के अनुसार- अव्दायनत्र्तुतिथि मास भपक्षदग्धतिथ्यन्ध काणवघिरांगमुखाश्च दोषा। नश्यन्ति विद्गुरु शितेष्विह केन्द्रकोणो तद्वच्च पापविधुयुक्तनवांशदोष:॥ भावार्थ- यदि बुध, गुरु शुक्र ये केन्द्र या त्रिकोण में हों तो लुप्त संवत्सरादि वर्षदोष, अयन दोष, ऋ तु दोष, रिक्तादि तिथि दोष, अधिक-क्षय मासादि दोष, दग्धतिथि दोष, अंध-वघिर-कांणादि लग्न दोष एवं पापग्रह की चंद्र से युति दोष , नवांश जन्य दोष, इन सभी दोषों का नाश हो जाता है।

शुभ योगों से अशुभकाल का परिहार

अयोगे सुयोगऽपि चेत् स्ययात्तदानीमयोगं निहत्यै सिद्धिं तनोति (मुहूत्र्त चिंतामणि) भावार्थ-यदि किसी अशुभ योग के समय कोई शुभ योग आ जाये तो वह समय शुभ हो जाता है। रवियोग, अमृत सिद्धियोग, सर्वार्थ सिद्धियोग, कुमार योग, सिद्धयोग एवं आनन्दादि योगों में से शुभ योग में अशुभ एवं दोष युक्त समय का समन होकर वह समय शुभ हो जाता है।

(अ) दोष समूह नाशक रवियोग- रवियोगा: स्युर्दोषसङ्घविनाशका: (मुहूत्र्तचिन्तामणि) । सूर्ययद्दशमे षष्टे तुर्यें विंशे त्रयोदशे। नवमे चन्द्र नक्षत्रे रवियोग:इशुभप्रद:॥ अनेक दोषसङ्घानां ध्वंसकोऽय मुदाहृत:॥ (मुहूर्तगणपति)। रवियोग में दोषों का समूह नष्ट हो जाता है। यह प्रबल शुभ योग होता है।

(ब) दोष समूह नाशक अमृतसिद्धि योग - अमृत: सिद्धियोग: स्यात् सर्वकार्यार्थसिद्धिद:। यथा सूर्यस्तमो हन्ति दोषसङ्घास्था त्वयम्।। (मुहूत्र्तगणपति)। जिस प्रकार सूर्य अन्धकार का नाश करता है, उसी **प्रकार अमृत सिद्धियोग से दोष समुदाय का नाश होकर वह समय सभी कार्यों के लिए शुभ हो जाता है।**

भद्रा किन कार्यों में शुभ होती है ?

युद्धे, भूपतिदर्शने भयपदे घाते च पाते हठे, वैद्यस्यागमने जलप्रतरणे शत्रौ: समुच्चाटने। संघट्टे गदमज्जने गजमृगोष्ट्राष्वादिके संग्रहे, स्त्रीसेवा ऋतुमज्जने च शकटे भद्रा सदा गृह्यते॥ भावार्थ - युद्ध, राजदर्शन, आक्रमण, घातकार्य, हठ, वैद्य को बुलाना, तैरना, शत्रु से मुकावला, चिकित्सा, पशुक्रय, वाहन लेना देना, प्रेम, स्नान आदि में भद्रा शुभ होती है।

भद्रा परिहार

१) मुहूर्त चिंतामणि:- कुंभे कर्कद्वये मत्र्ये स्वर्गेऽब्जेकजात्त्रयेऽलिगे। स्त्री धनुर्जूकनक्रेऽधो, भद्रा तत्रैव तत्फ लम्॥ भावार्थ- यदि कुंभ, कर्क, मीन या सिंह राशि में चंद्रमा हो तो भद्रा मनुष्य लोक में रहती है। यदि मेष, वृष, मिथुन या वृश्चिक राशि में चंद्र हो तो भद्रा वास स्वर्ग में व शेष राशियों में भद्रा पाताल में होता है। भद्रा का वास जहां होता है, वहीं उसका फ ल होता है। इसके अलावा दिन में तिथि के उत्तरार्ध की भद्रा और रात्री में पूर्वार्ध की भद्रा शुभ कही गई है। एवं मुहूर्त चिंतामणि एवं भविष्य पुराण के अनुसार ''पुच्छे जयावहा:'' अर्थात पुच्छ में अवश्य विजय एवं कार्य सिद्धि होती है।

(२) मुहूर्त गणपति:- तिथे: पूर्वार्धजा रात्रौ, दिने भद्रा परार्धजा। भद्रा दोषो न तत्र स्यात्, कार्येऽत्यावश्यके सति।।२२ भावार्थ - तिथि के प्रथम अर्ध भाग की भद्रा रात में तथा दूसरे अर्ध भाग की भद्रा दिन में शुभ होती है।

भद्रा का पुच्छ काल

यदि एक तिथि का औसतन भोगकाल ६० घटी मान लिया जाय तो साढ़े सात घटी का एक प्रहर बनता है। भद्रा का पुच्छकाल पक्ष एवं तिथियों के विभिन्न प्रहरों की अन्तिम तीन घटी में विद्यमान रहता है, जो कि इस कोष्टक में स्पष्ट है। प्रहर के प्रारम्भ की गणना तिथि के प्रारम्भ समय से की जाती है।

कृष्ण पक्ष में		
तिथि	प्रहर	पुच्छ घटी
३	सातवें प्रहर	४९ घटी ३० पल से ५२ घटी ३० पल
७	दूसरे प्रहर	१२ घटी ०० पल से १५ घटी ०० पल
१०	पांचवें प्रहर	३४ घटी ३० पल से ३७ घटी ३० पल
१४	चौथा प्रहर	२७ घटी ०० पल से ३० घटी ०० पल

शुक्ल पक्ष में		
तिथि	प्रहर	पुच्छ घटी
४	आठवें प्रहर	५७ घटी ०० पल से ६० घटी ०० पल
८	प्रथम प्रहर	४ घटी ३० पल से ७ घटी ३० पल
११	छटवें प्रहर	४२ घटी ०० पल से ४५ घटी ०० पल
१५	तीसरे प्रहर	१९ घटी ३० पल से २२ घटी ३० पल

विवाहाङ्ग कार्य गणेश पूजन, तेल , मण्डप

मुहूर्त गणपति एवं अन्य ग्रन्थों के अनुसार, विवाह के नक्षत्र के अलावा अन्य सौम्य नक्षत्रों में (अश्विनी, भरणी,आद्रा, पुनर्वसु, पुष्य और आश्लेषा नक्षत्रों को छोडकर), वरकन्या को चन्द्रवल के दिन शुभ तिथि में, गणेश पूजन, तेल, अंकुरार्पण, कंकणादि आभूषण, वेदी, एवं मण्डप रोपना चाहिए। घर से वाहर निकलते समय जो वाम दिशा पड़े, उस दिशा में चार-चार हाथ चौड़ी एवं एक हाथ ऊँची सुन्दर वेदी का निर्माण करना चाहिए। वेदी का प्रथम स्तम्भ गाढ़ते समय यदि सिंह, कन्या, तुला के सूर्य हों तो ईशान कोण में गाढना चाहिए। यदि वृश्चिक धनु मकर के सूर्य हों तो वायव्य कोण में, कुम्भ, मीन, मेष में नैऋत्य में और वृष, मिथुन कर्क के सूर्य होने पर प्रथम स्तम्भ अग्निकोण में गाढना चाहिए। विवाह के दिन से सम दिनों (छटवां दिन त्यागकर) में या पांचवें-सातवें दिन शुभ नक्षत्र वार में मण्डप विसर्जन शुभ होता है।

विवाह संस्कार - शुभ मास- मेष, वृष, मिथुन, वृश्चिक, मकर एवं कुम्भ के सूर्य में। देवशयनकाल त्यागकर। शुक्र गुरु के उदयकाल में। कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी से शुक्ल पक्ष की प्रथमा तक पांच दिन छोडकर। रोहिणी, मृगशिरा, मघा, उत्तराफाल्गुनी, स्वांति, अनुराधा, मूल, उत्तरभाद्रपद एवं रेवती (कात्तायनोक्त चार नक्षत्र अश्वि, हस्त, चित्रा, श्रव. एवं घनिष्ठा) नक्षत्रों में। व्यतिपातादि अशुभ योगों के शास्त्रोक्त अशुभकाल को त्याग कर। शकुनादि चार करण त्यागकर। लत्तादि दस दोष विचार कर विवाह शुभ है।

वधू प्रवेश मुहूर्त - मास- विवाह से विषम मास या २, ४,५,६, ७,८, १०, १२, १४ वें दिन। तिथि- १, २, ३, ५, ७,८, १०, १२, १३, १५ शुभ हैं। भद्रा काल छोडकर। वार- सोम, बुध, गुरु, शुक्र शुभ। नक्षत्र- तीनों उत्तरा, रोहिणी, अश्विनी,हस्त, पुष्य, मृगशिरा, रेवती, चित्रा, अनुराधा,स्वांती, श्रवण, घनिष्ठा, मूल। लग्न- २, ३, ५, ६, ८, ९, ११, १२,लग्न शुभ। केन्द्र त्रिकोण में शुभ ग्रह हों, ३, ६, ११ में अशुभ ग्रह हों, लग्न से चतुर्थ एवं अष्टम स्थान शुद्ध (ग्रह रहित) हो।

द्विरागमन मुहूर्त - विविध- मेष, वृश्चिक, कुंभ के सूर्य में, विवाह के एक वर्ष के अंदर या विषम वर्षों में, गुरु-शुक्र उदित हों, एवं मलमास न हो। शुभ वारों में, तीनों उत्तरा, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, अनुराधा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, हस्त, चित्रा, स्वाती, रेवती, अश्विनी एवं मूल नक्षत्रों में द्विरागमन शुभ है।

नूतन वध्वा: पाककर्म मुहूर्त - तिथि- पर्व एवं रिक्ता त्यागकर। नक्षत्र- मृगशिरा, तीनों उत्तरा, कृषानु, शाक्र, श्रुतित्रये। वार- सोम, बुध, गुरु, शुक्र शुभ। लग्न- स्थिर २, ५, ८, ११ लग्न। चतुर्थ एवं सप्तम् भाव शुद्ध व वली हो। षष्ट भाव ग्रह रहित हो। ऐसे शुभ समय में नव वधू से प्रथम वार भोजन वनवाकर, देवताओं को भोग लगाकर, ब्राह्मण भोजन कराना चाहिए।

विवाह के १० दोषों का वर्णन

१. लत्ता दोष - विवाह नक्षत्र से १२ वें नक्षत्र पर सूर्य, २२ वें नक्षत्र पर चंद्र, ३ रे नक्षत्र पर मंगल, ७ वें नक्षत्र पर बुध, ६ वें नक्षत्र पर गुरु , ५ वें नक्षत्र पर शुक्र, ८ वें नक्षत्र पर शनि, ९ वें नक्षत्र पर राहु लात मारते हैं।

२. पात - चण्डायुध दोष - साध्य, हर्षण, शूल, वैधृति, व्यतिपात, या गंड योग के समाप्ती काल के समय जो नक्षत्र विद्यमान होता है, वह पात दोष से दूषित होता है।

३. पाप युति दूषित नक्षत्र दोष एवं परिहार - जिस नक्षत्र में सूर्य, मंगल, शनि, राहू या केतु होते हैं, वह नक्षत्र पाप ग्रहों से युत होने के कारण युति दूषित होता है। ऐसे नक्षत्र में मांगलिक कार्य वर्जित होते हैं।

४. वेध दोष ,एवं परिहार- नक्षत्र वेध दो प्रकार का होता है, पहला पंच शलाका और दूसरा सप्त शलाका। इस पंचांग के मुख पृष्ट पर दोनों प्रकार के वेध जानने के चक्र दिए गये हैं। पंच शलाका वेध का विचार विवाह, दान, वधु प्रवेश एवं वर वरण एवं द्विरागमन में करना चाहिए। शेष मांगलिक कार्यों में सप्त शलाका वेध से विचार करना चाहिए।

५. जामित्र दोष एवं परिहार - विवाह नक्षत्र से ५५ वें नवांश या १४ वें नक्षत्र में ग्रह होने पर जामित्र दोष होता है। शुभ ग्रह जामित्र में विवाह की परम्परा है।

६. बाण दोष - बाण पांच होते हैं। यथा रोग बाण उपनयन में, अग्नि बाण गृह निर्माण में, राज बाण राज कार्यों में, चोर बाण यात्रा में तथा मृत्यु बाण का विचार विवाह में करना चाहिए। जिस समय सूर्य का गतांश १, १०, १९ या २८ होता है उस समय मृत्यु बाण होता है।

७. खार्जूल (एकार्गल) दोष - जिस समय व्याघात, गंड, व्यतिपात, विष्कुंभ, शूल, वैधृति, वज्र, परिघ, अतिगंड में से कोई योग हो तथा सूर्य नक्षत्र से अभिजित् सहित गिनने पर चन्द्रमा व सूर्य के बीच नक्षत्र विषम संख्यक हों तो यह दोष होता है।

८. उपग्रह दोष - यदि सूर्य नक्षत्र से विवाह नक्षत्र ५, ७, ८, १०, १४, १५, १८, १९, २१, २२, २३, २४, २५ संख्या पर पड़े तो उपग्रह दोष होता है।

९. दग्धातिथि दोष - धनु व मीन के सूर्य में द्वितीया, वृष-कुम्भ में चतुर्थी, मेष-कर्क में षष्ठी, मिथुन-कन्या में अष्टमी, सिंह-वृश्चिक में दशमी, मकर-तुला के सूर्य में द्वादशी तिथि दग्ध होती है।

१० . क्रान्तिसाम्य दोष काल -जिस समय सायन सूर्य एवं सायन चन्द्र स्पष्ट का योग ६ या १२ राशि के तुल्य होता है, उस समय दोनों की क्रान्ति समान होने से यह योग क्रान्तिसाम्य कहलाता है। क्रान्तिसाम्य, सूर्य चंद्र क्रांतियों के वीच ३३ कला अंतर पर प्रारंभ और अंत होता है। कहते हैं कि अग्नि में लकडी जलने से बच सकती है, परन्तु क्रान्तिसाम्य काल में शुभ कर्म नहीं। यह अत्यन्त महा दोष काल होता है।

विवाह या अन्य कार्य में सूतक - अशौच निर्णय

(१) मुहूर्त संग्रह दर्पण, विवाह प्रकरण- वध्वा वरस्यापि कुले त्रिपुरु षे नाशं व्रजेत् कश्चन निश्चयोत्तरम्। मासोत्तरं तत्र विवाह इष्यते शान्त्यार्थ वा सूतक निर्गमऽपरै:।। १०३

भावार्थ - विवाह के निश्चय हो जाने पर कन्या या वर के कुल में तीन पीढ़ी तक कोई मृत्यु को प्राप्त हो जाय तो, एक माह बाद विवाह करना शुभ है। परन्तु आवश्यकता में अशौच के बाद शान्ति करके शुभ है।

(२) मुहूर्त संग्रह दर्पण, विवाह प्रकरण- ब्रह्म पुराण - व्रत यज्ञ विवाहेषु, श्राद्धे होमेऽर्चने जपे। आरब्धे सूतकं न स्याद्, अनारब्धे तु सूतकम्।। १०८ ॥ प्रारंभो वरणं यज्ञे, संकल्पो व्रत सत्रयो:। नांदीमुखं विवाहादौ, श्राद्धे पाक परिक्रिया॥ १०९ ॥

भावार्थ - व्रत, यज्ञ, विवाह, श्राद्ध, होम, हवन अनुष्ठान, जप का प्रारम्भ हो जाने के उपरान्त जन्म या मरण अशौच आ जाये तो सूतक नहीं माना जाता। ब्रह्म पुराण के अनुसार यदि पण्डित ने यजमान से मधुपर्क ग्रहण कर लिया हो तो उसके वाद सूतक नहीं माना जाता है। यज्ञ में ब्राम्हण वरण हो जाने पर प्रारंभ जानना, ब्रतबंध महायज्ञ में संकल्प हो जाने पर प्रारंभ जाना जाता है। विवाहादि का प्रारम्भ नान्दीमुख श्राद्ध से माना जाता है। यज्ञ में २१ दिन पूर्व, विवाह में १० दिन पूर्व, मुण्डन में ३ पूर्व एवं यज्ञोपवीत में ६ दिन पूर्व नांदीमुख श्राद्ध की शास्त्राज्ञा है। श्राद्ध में पाकक्रिया और ब्राम्हणों को निमंत्रण देने पर प्रारंभ माना जाता है।

लघु -गुरु मांगलिक संस्कार विभाजन

चूड़ा केशान्त सीमन्त, विवाहोपनयान बुधा:। गुरु मंगलं इत्याहुस्तद्ः, अन्य लघु मंगलम् ॥ भावार्थ - चूडाकर्म (मुंडन), सीमन्त पुंसवन, विवाह एवं उपनयन, ये चार वड़े संस्कार होते हैं तथा अन्य सभी छोटे श्रेणी के होते हैं।

अभिजित् मुहूर्त

जिस समय सूर्य ठीक याम्योत्तर वृत पर होते हैं वह समय मध्याह्न कहलाता है। मध्याह्न काल जानने के लिये दिनमान में ५ भाग देकर स्थानीय सूर्योदय में जोड़ लें। मध्याह्न काल से एक घटी पहले से एक घटी वाद तक का समय अभिजित् काल कहलाता है। यह नित्य प्रतिदिन शुभ समय होता है। एक घटी का मान २४ मिनट होता है। बुधवार के दिन अभिजित् मुहूर्त का त्याग करना चाहिये।

अबूझ एवं स्वयं सिद्ध मुहूर्त

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, अक्षय तृतीया, दशहरा, एवं कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा का अर्ध भाग ये साढे तीन स्वयं सिद्ध मुहूर्त हैं। इस दिन किसी भी शुभ कार्य के लिये पंचांग शुद्धि देखने की आवश्यकता नहीं होती है।

पंचक नक्षत्रों में क्या - क्या करना अशुभ है ?

धनिष्ठा के उत्तरार्ध से रेवती नक्षत्र तक साढ़े चार नक्षत्र का समय पंचक काल होता है। इनमें दाहक्रिया, दक्षिण दिशा की यात्रा, पलंग-पालना या खटिया का प्रथम उपयोग, घर पर छावनी डालना, मकान पर छत डालना इत्यादि कर्म पंचकों में वर्जित होते है। अन्य कार्यों में पंचकों का कोई दोष नहीं होता है।

द्विपुष्कर एवं त्रिपुष्कर योग

द्वितीया, सप्तमी, द्वादशी तिथि, शनि, मंगल, रविवार, उ.फ ा., विशाखा, पू.भा., पुनर्वसु, कृतिका, उ.षा. नक्षत्र इन तीनों का जब योग हो तव त्रिपुष्कर नामक योग होता है। यह मृत्यु, विनाश या वृद्धि में तीन गुना फ ल देता है। यदि उपर्युक्त दिन व तिथियों में धनिष्ठा, चित्रा, मृगशिरा का योग हो तो द्विपुष्कर नामक योग दो गुना फल देता है।

क्षौरकर्म (हजामत, बाल बनवाना, नखदन्त कर्म) के लिए शुभवार

(१) क्षुरकर्म बुधै: प्रोक्तं त्यक्त्वा भौमं शनिं रविम् (मुहूर्त्तगणपति)।

(२) इन्दुशुक्रेज्यकानाम् (मुहूर्त चिन्तामणि)।

अर्थात मंगल, शनि एवं रविवार को छोडकर अन्य वारों अर्थात् सोम, बुध, गुरु, शुक्रवार में हजामत वनवाना शुभ है। वारों के वारे में एक मत यह भी है कि, ब्राम्हण वर्ण को रविवार, क्षत्रियों को मंगलवार, वैश्य एवं क्षुद्रों को शनिवार के दिन क्षौर कर्म शुभ है।

क्षौरकर्म में सप्तवारों का फल - भानुर्मासं शनि: सप्त, भौमोऽष्टौ नाशयेत् सुखम्। वद्र्धयेद्बोधन: पंच, मासान् सप्त विशांपति:॥ मुहूर्त गणपति के अनुसार रविवार में क्षौरकर्म (हजामत)बनवाने से एक मास तक, शनिवार में सात मास तक, मंगलवार में आठ मास तक सुख का विनाश होता है। बुधवार में हजामत बनवाने पर पांच मास तक, सोमवार में सात मास तक, शुक्रवार में ग्यारह मास तक सुख में वृद्धि होती है।

क्षौरकर्म में अशुभ तिथियां - अष्टमी प्रतिपत् षष्टी, रिक्ता पर्वाणि संत्येत्। चतुर्दशी त्वमावस्या क्षौरे त्याज्या तु सर्वथा। अर्थात् अष्टमी, प्रतिपदा, छट, रिक्ता, पर्व, चौदस व अमावस्या को हजामत नहीं बनवाना चाहिए।

क्षौर प्रतिबन्ध - भुक्तोऽभ्यक्तो व्रती यात्रारणोद्योगी कृताह्निक:। दत्कटाभरणी रात्रौ सन्ध्ययोरूभयोरपि॥ शुभेच्छुर्नवमे चाह्नि क्षुरकर्म न कारयेत्। प्राग्वया: स्नातको राजा योगीन्द्रो गर्भिणीपति:। सजीवत्पितृको नैते मुण्डया: प्राक्थिता अपि॥ अर्थात् भोजन के वाद, उवटन लगाने के पहले, व्रत के दिन, यात्रा व युद्ध के समय, सन्ध्यादि करने के तत्काल वाद, दोनों संध्या के समय, रात्रि में व नवें दिन क्षौरकर्म नहीं करना चाहिए। अल्पअवस्था वाले को, स्नातक, राजा, मंत्री, योगी, गर्भवती के पति को, पिता के जीवित रहने वाले को तथा उत्कृष्ट आभूषणधरी को मुण्डन (चौलकर्म) नहीं करवाना चाहिए।

क्षौरकर्म अपवाद - अज्ञया विप्राज्ञोवह्न्याधाने बन्धमोक्षणे। मृताशौचे तु दीक्षायां मुण्डनं स्यातु सर्वदा॥ उराजा या अधिकारी की आज्ञा से, अग्न्याधान्य में, जेल से छूटने में, मरण सूतक में, दीक्षा काल में यदि तिथिवार हजामत हेतु ग्रहणीय न हो तो भी मुण्डन कराना चाहिए। आधुनिक मत यह भी है कि, जो लोग प्रतिदिन हजामत बनवाते हैं, उनके लिए उपरोक्त तिथिवारों के प्रतिबन्ध नहीं हैं।

विवाह एवं अन्य मांगलिक कार्यों में १० दोष परिहार

युति दोष परिहार

मुहूर्त चिंतामणि:- नश्यन्ति विद्गुरु सितेष्विह केन्द्र कोणे, तद्वच्च पाप विधु युक्त नवांश दोषः।। ८९ भावार्थ- यदि बुध, गुरु या शुक्र, केन्द्र या त्रिकोण में हों तो पाप युति एवं नवांश दोष नष्ट हो जाते हैं।

मुहूर्त गणपति:- स्वर्क्षस्थः स्वोच्चगश्चंद्रो, मित्र क्षेत्र गतोऽपि वा। गुरु श्च स्वीयवर्गस्थो, बली केन्द्र गतो विधुः।। विलोकयन्ति चेद्दोषं, नाशयत्येष संग्रहः।चंद्रर्क्षे पाप युक्तृत् स्याद्युति दोषस्तदोदितः।। धिष्णैक्ये राशि भेदेभ पापयुग् राशिगं त्यजेत्।। भावार्थ- यदि चंद्रमा स्वराशि (कर्क)या उच्च राशि (वृषभ)या मित्र राशि (मिथुन, सिंह, कन्या)में हो या बलवान होकर केन्द्रस्थ हो और उसे स्व वर्गीय गुरु की दृष्टि हो तो सग्रहचंद्र (युति दोष) नष्ट हो जाता है। यदि चंद्रमा व पाप ग्रह का एकही नक्षत्र हो परन्तु राशि भिन्न हों तो शुभ होता है।

मुहूर्त कल्पद्रुमः विवाह कुसुम - चंद्रः सौम्येज्यान्वितः स्याच्छुभाय, नान्यैः रिःफाष्टारिगोऽपीह नेष्टः। पश्यंच्छीतांशुं गुरु : स्वीय वर्गे, केन्द्रे दोषं सग्रहाख्यं हिनस्ति।। ५०।।भावार्थ- यदि चंद्र की युति सौम्य ग्रहों (गुरु , शुक्र या शुभ युत बुध)से हो तो लग्न से चंद्रमा का ६.८.१२ दोष नही होता है। यदि चंद्रमा पर स्व वर्गीय गुरु की दृष्टि हो तो सग्रहचंद्र (युति दोष) नष्ट हो जाता है।

मुहूर्त प्रकाश - स्वक्षेत्रग: स्वोच्चगो वा मित्र क्षेत्र गतो विधुः। युति दोषाय न भवेद्म्पत्योः श्रेयसे तदा।। भावार्थ- यदि चन्द्र स्वक्षेत्री (कर्क राशि में), उच्चस्थ (वृष राशि में), या मित्र क्षेत्री (मिथुन, सिंह, कन्या राशि में)हो तो युति दोष का परिहार हो जाता है।

बहुदोष समूह परिहार

मुहूर्त चिंतामणि के अनुसार -

(१) त्रिकोणे केन्द्र वा मदन रहिते दोष शतकं, हरेत्सौम्याः शुक्रो द्विगुणमपि लक्षं सुरगुरु । भवेदाये केन्द्रेऽङ्गप उत लवेशो यदि तदा , समूहं दोषानां दहन इव तूलं शमयति॥ ९१॥ भावार्थ-यदि बुध केन्द्र या त्रिकोण में हों तो सौ दोष, यदि शुक्र केन्द्र या त्रिकोण में हों तो एक हजार दोष और यदि गुरु केन्द्र या त्रिकोण में हों तो एक लाख दोषों का नाश करते हैं। यदि लग्नेश या नवांशेश ग्यारहवें भाव में हो तो दोषों का समूह उसी तरह नष्ट हो जाता है जैसे आग से रुई का ढेर।

(२) अब्दायनर्त्तुतिथि मास भपक्षदग्धतिथ्यन्ध काणवधिरांगमुखाश्च दोषा। नश्यन्ति विद्गुरु शितेष्विह केन्द्रकोणो तद्वच्च पापविधुयुक्तनवांशदोषः॥ भावार्थ- यदि बुध, गुरु शुक्र ये केन्द्र या त्रिकोण में हों तो लुप्त संवत्सरादि वर्षदोष, अयन दोष, ऋ तु दोष, रिक्तादि तिथि दोष, अधिक-क्षय मासादि दोष, दग्धतिथि दोष, अंध-वधिर-कांणादि लग्न दोष एवं पापग्रह की चंद्र से युति दोष , नवांश जन्य दोष, इन सभी दोषों का नाश हो जाता है।

वेध दोष परिहार

मुहूर्त चिंतामणि: विवाह प्रकरणम् - ऋक्षाणि क्रूर विद्धानि, क्रूर भुक्तादिकानि च। भुक्त्वा चन्द्रेण मुक्तान, शुभार्हाणि प्रचक्षते।। ५८।।भावार्थ- जो नक्षत्र क्रूर ग्रह से वेधित, क्रूर ग्रह से भुक्त या भोग्य हो उस नक्षत्र को यदि च्रद्रमा ने भोगकर छोड़ दिया हो तो वह नक्षत्र शुभ हो जाता है।

मुहूर्त मार्तण्ड:- लग्नेशे भवगे अथवा शशिनि सद्दृष्टे शुभे वाऽङ्गगे। होरायां च शुभस्य वा व्यध भयं नास्तीति पूर्वे जगुः।। ४/१६। भावार्थ- यदि लग्न स्वामी ग्यारहवें भाव में हो या चंद्रमा पर शुभ ग्रह की दृष्टि हो या चंद्रमा को छोड़ कर शेष शुभ ग्रहों में से कोई ग्रह लग्न में हो, या लग्न में किसी शुभ ग्रह की होरा हो तो ग्रह वेध दोष नहीं होता है।

मुहूर्त गणपति: - पाप वेधे च नक्षत्रं, सम्पूर्ण त्याज्यमेव हि। शुभ वेधे च तुर्या द्यौः, पादयो ब्रि तृतीय योः।।१५/१३८ लग्ने शुभ ग्रहे वाथ, लग्नेशो लाभपोऽथवा। सौम्यैर्दृष्टो युतो वापि, काल होरा शुभस्य वा।।१३९।। वेध दोषस्तदा न स्याद्, विवाहादौ सतां मतम्।। १४०।। भावार्थ- पाप ग्रह से वेधित सम्पूर्ण नक्षत्र का त्याग और शुभ ग्रह से वेधित नक्षत्र का पाद भेद होने पर नक्षत्र शुभ होताहै। यदि लग्न में शुभ ग्रह हो, लग्नेश या लाभेश पर शुभ ग्रह की दृष्टि हो, लग्नेश या लाभेश से शुभ ग्रह की युति हो, या शुभ ग्रह की काल होरा हो तो विवाह आदि मांगलिक कार्यों में वेध दोष नहीं होता है।

मुहूर्त कल्पद्रुम:- पीयूषांशौ शोभनैः संप्रदृष्टे, सद्धोरायां व तनुस्थे शुभेऽपि। लग्नेशे वा लाभगे वेधदोषो, भ्रष्टावेशो दूर दूरं प्रयाति।।१३/ ४२ ।। भावार्थ- यदि चंद्रमा शुभ ग्रहों से दृष्ट हो और शुभ ग्रह का लग्न हो, लग्न में कोई शुभ ग्रह हो या लग्नेश लाभ स्थान में गया हो तो वेध दोष दूर हो जाता है।

मुहूर्त प्रकाश :- लग्ने शुभ ग्रहो वाऽथ लग्नेशो ताभगोऽभवा। सौम्यैर्दृष्टो युतो वा अपि कालहोरा शुभस्य वा।।१०३।। भावार्थ-यदि लग्न में शुभ ग्रह हो या लग्नेश ग्यारहवें भाव में हो या लग्नेश पर किसी शुभ ग्रह की दृष्टि हो या किसी शुभ ग्रह की होरा हो तो वेध दोष का परिहार होकर वेधित नक्षत्र शुभ हो जाता है।

आवश्यक कार्य में तिथि-नक्षादि बहुदोष दान पदार्थ परिहार

मुहूत्त गणपति: शुभाशुभ प्रकरण- तन्दुलांश्च तिथौ दुष्टे, वारे रत्नं सकाञ्चनम्। गामृक्षे कनकं योगे, करणे धान्यमेव च॥ ३७॥ शंङ्खं रौप्य युतं चन्द्रे, तारायां सैन्धवं तथा। नाड्यां हेमं नृपो दद्यात, कार्ये आवश्यके यदि॥ ३८॥

भावार्थ - आवश्यक कार्य में यदि तिथि दोष हो तो चावल दान, वार दोष में रत्न ज़डित स्वर्ण दान, नक्षत्र में गोदान, योग दूषित होने पर स्वर्ण दान, करण दोष में अनाज दान, चंद्रमा में दोष होने पर शंख दान,तारा दूषित होने पर सैंधा नमक, नाड़ी दोष होने पर स्वर्ण दान कर कार्य संपादन करना चाहिये।

मृत्युबाण दोष परिहार

मुहूर्त गणपति के अनुसार -

(१) रात्रौ चौर रु जौ जह्याद्, दिवसे राज पंचकम्। संध्ययो उभयो मृत्यु, सर्वदा वन्हि पंचकम्।।१६३ भावार्थ - रोग एवं चोर वाण रात्रि में निषिद्ध हैं। राजवाण एवं अग्निवाण दिन में त्याज्य हैं। दोनों संध्याकाल में मृत्युवाण त्याज्य हैं।

(२) रवौ रोगं नृपं मन्दे, बुधे मृत्युं परित्यजेत्। भौमे तु पावकं चौरं, लग्ने हीनबले न सत्।। १६४ (लग्ने पूर्ण बलो पेते, न दोषः पंचकस्य च) भावार्थ- रविवार को रोगबाण, शनिवार को राजबाण, बुधवार को मृत्युबाण, मंगलवार को अग्निबाण तथा चोरबाण का त्याग करना चाहिये। यदि लग्न निर्बल हो तभी इन पंचबाणों का फल अशुभ होता है। यदि बली लग्न हो तो पंचबाणों का दोष नहीं होता है।

(३) रोगे रोगं गृहे वन्हि, मार्गे तु चौर पंचकम्। विवाहे मृत्यु संज्ञं च, सेवायां राज पंचकम्।। भावार्थ - रोग में रोगबाण का, गृह निर्माण में अग्निबाण का, यात्रा मे चोरबाण का, विवाह में मृत्युबाणका एवं नौकरी में राजबाण का त्याग करना चाहिये ।

मुहूर्त प्रकाश के अनुसार -

(१) यद्यर्कवारे किल रोग पंचकं सोमे च राज्यं क्षितिजे च वह्निः। शनौ च मृत्युः सुरमंत्रिचौर्य्यं विवाहकाले परिवर्जनीयम्।।१०८।। भावार्थ- रविवार को रोगबाण, सोमवार को राजबाण, मंगलवार को अग्निबाण, शनिवार को मृत्युबाण एवं गुरु वार को चोरबाण भरे हुए (सशल्य) होने से विवाह में अशुभ हैं। निष्कर्षतः इनके अलावा अन्य परिस्थितियों में पंचबाण रीते (खाली) होने से विशेष दोष कारक नहीं हैं।

(२) रोगं चौरं त्यजेद्रात्रौ दिवा राजाग्नि पंचकम्। उभयोः सन्ध्ययोर्मृत्यु अन्यकाले न निंदितः।। १०९।। भावार्थ - रोग एवं चोर वाण रात्रि में निषिद्ध हैं। राजवाण एवं अग्निवाण दिन में त्याज्य हैं। दोनों संध्याकाल में मृत्युवाण त्याज्य है अन्य काल में नहीं।

(३) नृपाख्यं नृप सेवायां गृहगोपे अग्नि पंचकम्।याने चौरं व्रते रोगं त्यजेन्मृत्युं कर ग्रहे।। ११०।।भावार्थ - राजबाण नौकरी में, अग्निबाण घर छाने में, चोरबाण यात्रा में, रोगबाण यज्ञोपवीत में एवं मृत्युबाण विवाह में निषिद्ध है, अन्य कार्यों में निषिद्ध नहीं है।

प्रदेश भेद से लत्ता पातादि १० दोष परिहार

मुहूर्त चिंतामणि के अनुसार- उपग्रर्क्षं कुरु वाह्लिकेषु कलिङ्ग बङ्गेषु च पातितं भम्। सौराष्ट्र शाल्वेषु च लत्तित भं त्यजेत् तु विद्धं किल सर्व देशे॥ विवाह प्रकरण ६९॥

भावार्थ-लत्ता दोष मालवा व गुजरात में, पात दोष कुरु क्षेत्र एवं फि रोजपुर क्षेत्र में, एकार्गल दोष काश्मीर में, उपग्रह दोष पंजाव, हरियाणा, कुरु क्षेत्र व आगरा क्षेत्र में, युति दोष बंगाल में एवं वेध दोष सर्वत्र त्याज्य कहा गया है।

विवाह में गोचर से त्रिबल शुद्धि परिहार

(१) सूर्य बल परिहार

मुहूर्त चिंतामणि: गोचर प्रकरण, श्लोक १९ - राश्यादिगौ रविकुजौ फलदो सितेज्यौ, मध्ये सदा शशि सुतश्चरमेऽब्ज मंदौ॥ भावार्थ - सूर्य और मंगल राशि के आदि भाग (प्रथम देष्काण, १ अंश से १० तक) में फल देते हैं।

गर्गाचार्य के अनुशार- अनिष्ट स्थाने सूर्ये, शुभ राशि:पुरो भवेत्। त्रयोदश दिनं त्यक्त्वा, परं शुभमादिशेत॥ अर्थात् जन्म राशि से सूर्य अशुभ स्थान में हो एवं सूर्य की अग्रिम राशि शुभ हो तो अशुभ राशि की संक्रान्ति से १३ दिन (य़ानि १३ अंश) पश्चात् उसे शुभ मानना चाहिए।

(२) चन्द्र बल परिहार

दैवज्ञकल्पद्रुम:- गर्भाधाने जन्मकाले, अभिषेके मौञ्जिबन्धने।पाणिग्रहे प्रयाणे च , चंद्रो द्वावदशग: शुभ:॥ अर्थात विवाह, गर्भाधान, स्त्रीप्रसंग, उपनयन, यात्रा, व्रत-उपवास आदि कार्यों में पुरु ष को १२ वां चंद्र प्रशस्त है, स्त्री या वधू को नहीं।

(३) गुरु बल परिहार

ज्योतिर्निबंध : - रजस्वला यदा कन्या गुरु शुद्धिं न चिन्तयेत। अष्टऽमेपि प्रकत्त्तव्यो, विवाह: स्त्रिगुणार्चनात्॥ भावार्थ- कन्या के रजस्वलावती हो जाने पर ४, ८, १२वें गुरु तीन गुनी पूजार्चन एवं गौदान के वाद विवाह प्रसस्त है।

मुहूर्त चिंतामणि: - स्वोच्चे स्वभे स्वमैत्रे, वा स्वांशे वर्गोत्तमे गुरु । रिष्फष्टतुर्यगोऽ पीष्टो नीचारिस्थ: शुभोऽप्यसत्॥ भावार्थ- अशुभ गुरु यदि उच्चराशि में, स्वराशि में, मित्रराशि में या स्व नवांश में हो तो वह शुभ होता है। नीचराशि में या शत्रु ग्रह की राशि में स्थित शुभ गुरु भी पूज्य होता है। विवाह संस्कार के समय यदि कन्या रजस्वला हो तो कूस्माण्ड सूक्त एवं युञ्जानसूक्त से हवनादि कराकर विवाह कराना चाहिये।

अष्टकवर्ग से त्रिबल शुद्धि

